सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 30 अगस्त , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 52, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## नोएडा हवाई अड्डे के परिचालन में धीमी वृद्धि के आसार

भू-राजनीतिक चुनौतियों के कारण नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिचालन में धीमी वृद्धि के आसार हैं।

} 10

## निर्मला सीतारमण ने वैश्विक निवेशकों को किया आमंत्रित

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वैश्विक निवेशकों को भारत में विनिर्माण आधार तथा प्रौद्योगिकी तथा नवाचार केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया।

} 12



## उज्बेकिस्तान के साथ मजबूत होंगे रिश्ते

### राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ वार्ता करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी



ताशकंद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को उज्बेकिस्तान पहुंचे। अपने दौरे के दौरान वह दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे।

राष्ट्रपति मिर्जियोयेव ने ताशकंद हवाई अड्डे पर पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। यह प्रधानमंत्री मोदी की उज्बेकिस्तान की चौथी यात्रा है। मोदी ने ताशकंद पहुंचने के बाद एक्स पर पोस्ट किया, राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के गर्मजोशी भरे स्वागत के बीच ताशकंद पहुंचा। उनके इस विशेष सम्मान के लिए आभारी हूं। उज्बेकिस्तान की यह मेरी चौथी यात्रा है, जो हमारे द्विपक्षीय संबंधों की गहराई को दर्शाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहुंचने के बाद यांगी उज्बेकिस्तान पार्क का दौरा किया और स्वतंत्रता स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मिर्जियोयेव भी उनके साथ स्मारक तक गए। यह स्मारक देश की स्वतंत्रता की 30वीं वर्षगांठ पर स्थापित किया गया था और यह स्वतंत्रता एवं सद्भावना के आदर्शों का प्रतीक है। मोदी दो देशों उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान की यात्रा के पहले चरण ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भारत की सफलता और अंतरिक्ष क्षमता देखकर पूरा विश्व हैरान : राजनाथ

### बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए रक्षामंत्री

विशेष संवाददाता



लखनऊ। रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने शनिवार को दार्शनिक अंदाज में कहा कि यदि मन बड़ा नहीं है और दूसरों को देखकर ईर्ष्या होती है, तो यह मान लेना चाहिए कि आप पर ईश्वर की कृपा नहीं है।

सिंह ने कहा जब उपलब्धियां मूल्यों पर आधारित होती हैं तभी जीवन सार्थक होता है। जब शिक्षा केवल डिग्री दे लेकिन उससे चरित्र का विकास न हो तो ऐसी शिक्षा का कोई मूल्य नहीं है, वह अधूरी है। उन्होंने यहां बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में कहा पवित्र मन उसी का होता है, जिसका मन बड़ा होता है। छोटे मन का व्यक्ति कभी पवित्र मन का नहीं हो सकता। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता और टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। सिंह ने एक विदेशी अखबार द्वारा पूर्व में भारत को लेकर व्यंग्य में कार्टून बनाने का जिक्र करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की सफलता और अंतरिक्ष क्षमता देखकर हैरान है। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह परिवर्तन किसी चमत्कार से नहीं है बल्कि आप जैसे नौजवानों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की मेहनत, उनकी लगन से आया है। उन्होंने कहा कि सफलता की यात्रा अक्सर चार पड़ावों से होकर गुजरती है-पहले लोग आपको नजर अंदाज करते हैं, फिर आप पर हंसते हैं, फिर वह आपका विरोध करते हैं और अंत में वही लोग आपकी सफलता की तारीफ करते हैं। सिंह ने कहा, आपको भी ऐसे लोग मिलेंगे जो आपकी उपेक्षा करेंगे, आपका मजाक उड़ाएंगे और कहेंगे कि यह कैसे कर सकता है, आपके रास्ते में बाधाएं खड़ी करेंगे लेकिन आपको रुकना नहीं है, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना है।

रक्षा मंत्री ने कहा मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपको सफल होने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती है। पिछले 12 वर्षों में शिक्षा की गुणवत्ता एवं सुलभता बढ़ी है। शिक्षा के क्षेत्र में बदलावों और अच्छी योजनाओं का परिणाम है कि आज देश के नौजवान भौतिकी, गणति, जीवविज्ञान के ओलंपियाड में मेडल जीत रहे हैं, स्टार्टअप खड़ी कर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### सीएसआईआर यूजीसी नेट के नतीजे घोषित

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा के परिणाम घोषित किये। एनटीए ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट जून 2026 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास के लिए पहचाना जाता है। सीएसआईआर और विविअनुदान आयोग विभिन्न क्षेत्रों में विज्ञान और अंतर-विषयक अनुसंधान के लिए विश्वविद्यालयों के विभागों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और संस्थानों में कार्यरत विशेषज्ञ शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में शोध पद्धतियों के प्रशिक्षण के लिए शोध फेलोशिप प्रदान करते हैं। एनटीए ने शुक्रवार को 84 विषयों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के नतीजे घोषित किए थे।

### बरेली : भाजपा नेता की चाकू घोंपकर हत्या

बरेली। जिले में रक्षाबंधन की देर रात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई। वारदात सुभाष नगर थाना क्षेत्र में हुई, जिसके बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक के मुताबिक, घटना सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ स्थित मांझे वाली बगिया में हुई। मृतक की पहचान भाजपा मढ़ीनाथ मंडल ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष सचिन कश्यप के तौर पर हुई है। पारीक ने बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वहां से जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं। इस बीच पुलिस सूत्रों के अनुसार, रक्षाबंधन की रात सचिन कश्यप बगिया के पास मौजूद थे और इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और उन्हें घेर लिया।

# कानून से खिलवाड़ करने वालों की धज्जियां उड़ा देंगे :योगी

### लोगों की सुरक्षा पर संकट पैदा करने वालों के लिए खुले हैं जेल और जहन्नुम के रास्ते

विशेष संवाददाता

लखनऊ/गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर अपराधियों को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि किसी ने कानून से खिलवाड़ करने की तनिक भी कोशिश की तो उसकी धज्जियां उड़ाने में देर नहीं लगेगी। प्रदेश में लोगों की सुरक्षा पर जो भी संकट पैदा करेगा, उसके लिए जेल और जहन्नुम के रास्ते खुले हुए हैं। प्रदेश माफियामुक्त हो चुका है और कोई फिर सिर उठाएगा तो वह मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्होंने युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह सब तब संभव होता है जब खजाने में पैसा और अच्छी सरकार होती है।

सीएम योगी, शनिवार को वार्ड नंबर 80, राप्ती नगर के अंतर्गत बशारतपुर में नवनिर्मित कल्याण मंडपम सहित गोरखपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम की 130.73 करोड़ रुपये की लागत वाली 170 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में उपद्रव, अराजकता या गुंडागर्दी नहीं है, बल्कि सर्वत्र सुरक्षा का माहौल है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 से सुरक्षा के माहौल में हो रहे प्रदेश के विकास का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा जिन्हें विकास, रोजगार और उत्सवपूर्ण माहौल पसंद नहीं है, वे अब ...शेष पृष्ठ 10 पर

## मिट्टी में मिल चुके हैं माफिया : मुख्यमंत्री



राकेश धर द्विवेदी

देवरिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए कहा कि लखनऊ में बने जेपीएनआईसी (जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर) की प्रारंभिक लागत मात्र 200 करोड़ थी। सपा ने इस पर 864 करोड़ खर्च कर दिए, तब भी यह अधूरा रहा। यह पैसा सैफई सिंडिकेट का नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता का पैसा था। ये लोग जनता का पैसा पानी की तरफ बहाते थे। यदि अब सरकार उस पर पैसा लगाती तो कम से कम 150-200 करोड़ रुपये और खर्च होते। ये लोग... शेष पृष्ठ 10 पर

## किसी भी बाढ़ पीड़ित को नहीं होने दी जायेगी परेशानी : सीएम



बलिया (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि किसी भी बाढ़ पीड़ित को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। बलिया में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद उन्होंने राहत सामग्री वितरित की। इस मौके पर उन्होंने कहा, मैं बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए आ रहा हूं। बांसडीह, बलिया और बैरिया क्षेत्रों में जहां कटान और जलप्लावन ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पांच साल से पुराने राजस्व मामलों का प्राथमिकता से करें निस्तारण

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व न्यायालयों में वर्षों से लंबित मामलों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जमीन, संपत्ति और नागरिकों के अधिकारों से जुड़े मामलों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। तारीख पर तारीख की प्रवृत्ति हर हाल में बदलनी होगी। नायब तहसीलदार से लेकर राजस्व परिषद के न्यायालयों तक पांच वर्ष ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सीएनजी के दाम 3.89 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़े

नयी दिल्ली। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने शनिवार को दिल्ली में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की कीमत में 3.89 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की। कंपनी ने इसके पीछे नए सिरे से उपजे पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य से गैस कार्गो की आवाजाही में आए व्यवधानों के चलते एलएनजी कीमतों में आई भारी तेजी का हवाला दिया।

इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में सीएनजी की कीमत पहले के 83.09 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86.98 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। वृद्धि 29 अगस्त की सुबह छह बजे से प्रभावी है। इस वृद्धि के साथ इस साल दिल्ली में सीएनजी की कीमतों में कुल बढ़ोतरी लगभग 10 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। साल की शुरुआत में दिल्ली में सीएनजी की कीमत 77.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी। मई में इसे चार किस्तों में कुल छह रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाया गया था, जिससे शनिवार की बढ़ोतरी से पहले कीमत 83.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई थी। नोएडा और गाजियाबाद जैसे आसपास के शहरों में भी कीमतें बढ़ाई गई हैं। अब नोएडा में सीएनजी की कीमत 95.59 ...शेष पृष्ठ 10 पर

# नेपाल : अब तक 669 की मौत, भारत में बाढ़ का खतरा

### राहत व बचाव अभियान के लिए तैनात किये गये 11 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी

एजेंसी



काठमांडू। मध्य नेपाल में और शव बरामद होने के बाद अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 669 हो गई है, जबकि आपदा के बाद लगभग 2,000 लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

तलाश एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी रहने के दौरान, प्रभावित सभी आठ जिलों से शव बरामद किये गये। नेपाल-तिब्बत सीमा के निकट हिमनद के टूटने के बाद हिमस्खलन जैसी घटना से पानी, कीचड़ और मलबे का तेज बहाव नीचे की ओर आया, जिससे बुधवार को मध्य नेपाल में कस्बों और गांवों को तबाह कर दिया, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया और जलविद्युत केंद्रों को नष्ट कर दिया। नेपाल पुलिस के एक बयान के अनुसार, अब तक भोटेकोशी बाढ़ के पीड़ितों के 669 शव आठ जिलों से बरामद किए जा चुके हैं। बयान के मुताबिक, बचावकर्मियों ने चितवन से 248, नवलपरासी पूर्व से 158, नवलपरासी पश्चिम से 75 और गोरखा से 54 शव ...शेष पृष्ठ 10 पर

## चित्रकूट में टूटा गोरगी बांध, उफनायी मंदाकिनी

चित्रकूट/कुशीनगर। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं और कई इलाकों का संपर्क मुख्य मार्गों से टूट गया है। चित्रकूट में स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। मंदाकिनी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद रामघाट समेत आसपास के इलाकों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। उधर यूपी में कुशीनगर जिले के खड्डा इलाके में गंडक नदी से तीन शव बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को खड्डा के मदनपुर-सुकरौली इलाके में बैराज के तीसरे ...शेष पृष्ठ 10 पर

# उत्तराखंड में खेल प्रतिभाओं की भरमार

### हल्द्वानी में राज्य क्रीड़ा विश्वविद्यालय के लिए सीएम धामी ने किया शिलान्यास

प्रमुख संवाददाता




हल्द्वानी (उत्तराखंड)। उत्तराखंड में खेल प्रतिभाओं की भरमार है। पहाड़ी क्षेत्रों के युवाओं में ऊर्जा, सामर्थ्य और कठिन परिस्थितियों से जूझने का जज्बा है। इन क्षमताओं को खेल के माध्यम से सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि पहाड़ के पानी और पहाड़ की जवानी का बेहतर उपयोग करने में खेल महत्वपूर्ण माध्यम बन सकते हैं।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर हल्द्वानी में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कही। मुख्यमंत्री ने हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर श्रद्धांजलि दी तथा हल्द्वानी में स्थापित किए जा रहे उत्तराखंड राज्य क्रीड़ा विश्वविद्यालय के प्रथम चरण के निर्माण 43.50 करोड़ रुपये की लागत के कार्यों का शिलान्यास किया। इसी कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पहले शैक्षणिक सत्र का भी शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य क्रीड़ा विश्वविद्यालय केवल खेल शिक्षा प्रदान करने वाला संस्थान नहीं होगा, बल्कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को पहचानने, निखारने और उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर संसाधन और विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध होने से राज्य के खिलाड़ियों को अपने गृह ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- युवा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देने पर मंथन (पृष्ठ-02)
- आज से दो स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन (पृष्ठ-02)
- जीएसटी परिषद की बैठक 12 सितंबर को (पृष्ठ-10)
- सिप्ला की बिक्री लाइसेंस को रद्द करने का आदेश वापस (पृष्ठ-10)
- बार को आत्ममंथन करने की जरूरत : नागरत्ना (पृष्ठ-10)


विशेष खबर

### आधार या वोटर आईडी दिखाकर साधारण बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी वृद्ध महिलाएं

# बस यात्रा के लिए बुजुर्ग महिलाओं को स्मार्ट कार्ड जरूरी नहीं

विशेष संवाददाता




लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश की 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं को निशुल्क बस यात्रा की सुविधा देने के साथ ही पात्र लाभार्थियों को एक और बड़ी राहत दी है। अब महिलाओं को निशुल्क यात्रा का लाभ लेने के लिए विशेष स्मार्ट कार्ड का इंतजार नहीं करना होगा। पात्र महिला यात्री आधार कार्ड या वोटर आईडी कार्ड दिखाकर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की साधारण श्रेणी की बसों में निशुल्क यात्रा कर सकेंगी। यह व्यवस्था लोकमाता अहिल्याबाई मातृ शक्ति यात्रा योजना के तहत लागू की गई है।

परिवहन निगम के मुताबिक यात्रा के दौरान पात्र महिला यात्री को परिचालक को आधार कार्ड या वोटर आईडी कार्ड दिखाना होगा। परिचालक दस्तावेज में दर्ज जन्मतिथि के आधार पर उम्र का सत्यापन करेगा। पात्रता पूरी होने पर ईटीआईएम मशीन के माध्यम से शून्य मूल्य का टिकट जारी किया जाएगा। इसके लिए महिला यात्री से कोई किराया नहीं लिया जाएगा। निशुल्क यात्रा के बावजूद प्रत्येक पात्र यात्री के लिए टिकट जारी करना अनिवार्य किया गया है। टिकट में बस संख्या, यात्रा के प्रारंभिक और गंतव्य स्थान समेत अन्य जरूरी विवरण दर्ज होंगे। इससे प्रत्येक निशुल्क यात्रा का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा। परिवहन निगम के अनुसार यात्रा संबंधी डाटा एमआईएस/क्लाउड आधारित डाटा सर्वर पर उपलब्ध रहेगा। इससे योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने, यात्राओं की निगरानी करने और योजना से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण करने में मदद मिलेगी। निशुल्क यात्रा की सुविधा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की साधारण श्रेणी की बसों के साथ-साथ अनुबंधित साधारण बसों में भी लागू होगी। पात्र महिलाओं को यात्रा के दौरान निर्धारित पहचान पत्र साथ रखना होगा, ताकि परिचालक उनकी उम्र और पात्रता का सत्यापन कर सके। परिवहन निगम पात्र लाभार्थी महिलाओं ...शेष पृष्ठ 10 पर

## केरलम के सीएम का काफिला रोकने के आरोप में कांग्रेस नेता गिरफ्तार

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केरलम के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन का काफिला रोकने के आरोप में कांग्रेस के एक नेता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यह घटना उस समय हुई जब मुख्यमंत्री एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। काफिला रोकने के संबंध में मामला दर्ज होने के बाद तिरुवनंतपुरम जिला कांग्रेस कमेटी के नेता अनिल कुमार उर्फ चेंथी अनी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर और अन्य लोगों पर आरोप है कि उन्होंने शुक्रवार शाम समाज सुधारक श्री नारायण गुरु के जयंती कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे सतीशन का काफिला रोक दिया।

अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए कांग्रेस ने अनी को पार्टी से निकाल दिया। पुलिस के अनुसार, अनी के खिलाफ स्थानीय थाने में छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि रास्ते में, चेंथी में श्री नारायण गुरु का एक अन्य कार्यक्रम आयोजित कर रहे लोगों के एक समूह ने मुख्यमंत्री की गाड़ी को रुकने का इशारा किया। सतीशन उनके आग्रह पर गाड़ी से बाहर निकले और टेलीविजन फुटेज में कांग्रेस नेता अनी के साथ कथित तौर पर बहस करते दिखे। पुलिस ने बताया कि उस जगह कुछ मिनट बिताने के बाद सतीशन अपनी गाड़ी में लौटे और चले गए।

C M Y K

# ज्ञान के साथ चरित्र और संस्कारआवश्यक : राजनाथ सिंह

## बीबीएयू के दीक्षांत समारोह में गूंजा राष्ट्र निर्माण का संकल्प, रक्षामंत्री ने विद्यार्थियों को दिखाया सफलता का मार्ग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ में शनिवार को 11वें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2023, 2024, 2025 एवं 2026 के विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, संसद सदस्य (राज्यसभा) मिथिलेश कुमार, बीबीएयू के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल एवं बीबीएयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो. विक्रम सिंह यादव मौजूद रहे। सर्वप्रथम कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया एवं सभी को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उपलब्धियां बतायी। इस दौरान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों और महत्वपूर्ण उपलब्धियों को संजोए हुए दीक्षांत समारोह की स्मारिका का विमोचन किया गया।

11वें दीक्षांत समारोह-2026 के अवसर पर मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पंक्तियों छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि जीवन में बड़े लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मन को बड़ा रखना आवश्यक है। बड़े मन में व्यापक सोच और सकारात्मकता होती है, जिससे व्यक्ति परमानंद एवं वास्तविक सुख की अनुभूति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने मन को एक वृत्त (सर्किल) की तरह बताते हुए कहा कि जैसे-जैसे उसका दायरा बढ़ता जाता है, वैसे-वैसे सुख और संतुष्टि का विस्तार होता जाता है। उन्होंने कहा कि भारत का ज्ञान और चिंतन इतना व्यापक एवं समृद्ध रहा है कि संत-महात्माओं ने सदियों पूर्व जिन विचारों और जीवन-मूल्यों की बात कही थी, आज पूरा विश्व उन्हें अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आज भारत जो बोलता है, दुनिया उसे कान खोलकर सुनती है। रक्षामंत्री ने बताया कि बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय का नाम डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर जैसे महान विचारक एवं समाज सुधारक से जुड़ा है, इसलिए यहां के विद्यार्थियों से अपेक्षाएं भी अधिक हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविक शिक्षा वही है, जो व्यक्ति के हेड, हार्ट और हैंड अर्थात मस्तिष्क, हृदय और हाथ–तीनों का विकास करे। हेड से तार्किक एवं विवेकपूर्ण क्षमता का विकास हो, हार्ट में मानवीय संवेदनाएं हों और हैड के माध्यम से व्यक्ति अपने ज्ञान को व्यावहारिक कौशल में परिवर्तित कर सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कार के साथ संवेदनशीलता का होना आवश्यक है। विद्यार्थियों में राष्ट्र एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव होना चाहिए। उन्होंने उपलब्धियों की तुलना शून्य से करते हुए कहा कि चरित्र और संस्कार उस अंक के समान हैं, जिसके आगे शून्य जुड़ने पर उसका मूल्य कई गुना बढ़ जाता है इसलिए ज्ञान के साथ चरित्र, संस्कार और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता भी आवश्यक है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि उनकी कामना है कि बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय से ऐसे युवा निकलें, जो भारत के भविष्य की तस्वीर बदलने में सक्षम हों और केवल नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। उन्होंने कहा कि संभावनाओं की दुनिया में डिग्री केवल एक एंट्री प्वाइंट है, जो यह बताती है कि हमारी यात्रा कहां से शुरू हुई है, यह नहीं कि उसका अंत कहां होगा। विद्यार्थियों को सबको साथ लेकर चलने की कला सीखनी होगी तथा चुनौतियों को अवसरों में बदलने की क्षमता विकसित करनी होगी।



### देश को सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने में योगदान दे : ब्रजेश पाठक

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के साथ-साथ हमें अंकों की दौड़ से स्वयं को अलग करना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से अर्जित ज्ञान का उद्देश्य केवल उपाधि प्राप्त करना नहीं, बल्कि ऐसा कार्य करना होना चाहिए, जो समाज के हित में हो और देश को सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने में योगदान दे। विद्यार्थियों को अपने ज्ञान, कौशल एवं प्रतिभा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करते हुए भारत की वैश्विक पटल पर एक सशक्त पहचान स्थापित करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

**विद्यार्थियों को प्रदान की गयी उपाधियां :** 11वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर शैक्षणिक वर्ष 2023, 2024, 2025 एवं 2026 के विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गयी। रक्षामंत्री, अन्य सम्मानित अतिथि एवं कुलपति द्वारा विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 22 विद्यार्थियों को मंच से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शैक्षणिक वर्ष 2023 में बृजेश गुप्ता (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), प्रियांशु (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), सोनम वर्मा (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), जागृति सिंह (एम.एससी. लाइफ साइंसेज) एवं रचार्ला ओजस्विथा राव (एम.एससी एग्रीकल्चर) को स्वर्ण पदक पहनाकर एवं उपाधि देकर सम्मानित किया गया। शैक्षणिक वर्ष 2024 में हर्षिता पाठक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), अवंतिका कुमारी बी.एससी. (ऑनर्स) (जियोलॉजी), प्राची गुप्ता (एम.एससी, मैथमेटिक्स), के.एम. प्रतिभा वर्मा एम.एससी. (लाइफ साइंसेज) एवं शैक्षणिक वर्ष 2025 में स्तुति कुमारी बी.एससी. (फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी), अभिषेक कुमार बी.टेक. (कंप्यूटर इंजीनियरिंग) नंदिनी शर्मा (एम.एससी, मैथमेटिक्स), आस्था प्रियदर्शिनी इंटीग्रेटेड (बी.एससी. एम.एससी, बेसिक साइंसेज) साथ ही शैक्षणिक वर्ष 2026 के शुभम यादव बी.टेक. (कंप्यूटर इंजीनियरिंग), आनंद कुमार बी.टेक. (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), गोनुगुंटला गोपी कृष्णा एम.एससी. (हॉर्टिकल्चर), वेजिटेबल साइंस, जिज्ञासा एम.एससी. (फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी) को स्वर्ण पदक एवं उपाधि के साथ सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो. देवेश कुमार को डीएससी की उपाधि प्रदान की गयी। दीक्षांत समारोह में आरडी सोनकर पुरस्कार के अंतर्गत भी विभिन्न वर्षों के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें शैक्षणिक वर्ष 2023 के ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह (एम.ए समाजशास्त्र), वर्ष 2024 की शिवांगी (एम.ए इतिहास), वर्ष 2025 की सोनी निर्मल (एम.ए, इतिहास) तथा शैक्षणिक वर्ष 2026 की प्रभा चंद्र (एम.ए, इतिहास) शामिल हैं। इसके अलावा दीक्षांत समारोह के द्वितीय सत्र में विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को उनके संबंधित विभागों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से उपाधियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर चारों वर्षों के गोल्ड मेडलिस्ट, पीएचडी शोधार्थियों सहित अन्य विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उपाधियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट सदस्य, अकेडमिक काउंसिल सदस्य, विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, गैर शिक्षण कर्मचारी, अभिभावक, उपाधि प्राप्तकर्ता एवं अन्य शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।




## फ्रेगरेंस पार्क से लखनऊ की खूबसूरती में जुड़ी नयी खुशबू : रक्षामंत्री

लखनऊ। चौक क्षेत्र में शनिवार को शहरवासियों को हरियाली, सुगंध और सुकून से भरे नए सार्वजनिक स्थल की सौगात मिली। रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने एलडीए और एनबीआरआइ की ओर से विकसित फ्रेगरेंस पार्क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पार्क परिसर में पंजाब केसरी लाला लाजपत राय और शहीद-ए-आजम भगत सिंह की आदमकद प्रतिमाओं का अनावरण भी किया गया। साथ ही करीब 43 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को लखनऊ में फ्रेगरेंस पार्क का उद्घाटन किया और कहा कि आधुनिक शहरों का निर्माण ऐसे स्थानों के विकास से होता है, जहां लोग प्रकृति से जुड़ सकें और बेहतर जीवन-गुणवत्ता का अनुभव कर सकें। उन्होंने कहा, एक वास्तव में आधुनिक शहर वह है, जहां सुविधाओं के साथ विश्राम, मनोरंजन और प्रकृति से जुड़ाव के लिए भी स्थान हों।

उन्होंने कहा कि पार्क केवल किसी शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए ही महत्त्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि वे महत्त्वपूर्ण सामाजिक अवसंरचना के रूप में भी काम करते हैं। पार्क और सार्वजनिक स्थान लोगों को एक-दूसरे के करीब लाते हैं। आज की व्यस्त जीवनशैली में ऐसे स्थान सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में मदद करते हैं। रक्षा मंत्री ने बताया कि इस पार्क का नाम लाला लाजपत राय जी के नाम पर रखा गया है, जबकि यहां शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि यह देश की सामूहिक स्मृति को जीवित रखने और भावी पीढ़ियों को प्रेरणादायक व्यक्तित्वों से परिचित कराने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि पार्क में आने वाले बच्चे अपने माता-पिता से लाला लाजपत राय के बारे में पूछेंगे और इसी प्रक्रिया में वे महान स्वतंत्रता सेनानी के जीवन और योगदान के बारे में जानेंगे। इसी प्रकार, भगत सिंह की प्रतिमा युवाओं को उनके साहस और भारत की स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदान के बारे में जानने के लिए प्रेरित करेगी।



- पार्क में लालालाजपत राय व भगत सिंह की प्रतिमा हुई स्थापित

रक्षा मंत्री ने कहा कि लाला लाजपत राय और भगत सिंह अलग-अलग पीढ़ियों से थे, लेकिन दोनों राष्ट्र के प्रति समर्पण और भारत की स्वतंत्रता के साझा लक्ष्य से जुड़े हुए थे। उन्होंने पार्क में दोनों की मौजूदगी को दो पीढ़ियों के बीच एक प्रतीकात्मक संवाद बताया। एक पीढ़ी वर्षों के संघर्ष से प्राप्त अनुभव, नेतृत्व और परिपक्वता का प्रतिनिधित्व करती है, जबकि दूसरी पीढ़ी भारत के युवाओं की ऊर्जा, साहस और निडरता को दर्शाती है।

**बौद्धिक नक्सलवाद से सतर्क रहे समाज :** राजनाथ सिंह ने कहा कि अनुभव और युवा ऊर्जा का संयोजन राष्ट्र-निर्माण के लिए समान रूप से महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चाहे मिलेनियल्स या जेन-जी, बेबी बूमर्स या जेन-एक्स हों, हर पीढ़ी की देश के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि आज भारत एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक और संवैधानिक गणराज्य होने के साथ-साथ एक कल्याणकारी राज्य भी है। हालांकि, इन उपलब्धियों को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता और उत्तरदायित्व की भावना आवश्यक है। उन्होंने उन शक्तियों के प्रति सावधान किया, जो सामाजिक विभाजनों और संकीर्ण हितों का फायदा उठाकर देश को कमजोर करने का प्रयास करती हैं। बौद्धिक नक्सलवाद का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी प्रवृत्तियां दीमक की तरह चुपचाप काम कर सकती हैं और समाज को इनके प्रति सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से भारत को अर्थव्यवस्था, ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बनाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

**चंदन का पौधा रोपा, विभाजन की त्रासदी पर लघु फिल्म प्रदर्शित :** कार्यक्रम के दौरान राजनाथ सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पार्क परिसर में चंदन का पौधा रोपा। इसके बाद बटन दबाकर लाला लाजपत राय और भगत सिंह की प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। फ्रेगरेंस पार्क में एनबीआरआइ की ओर से विभिन्न प्रकार के सुगंधित एवं औषधीय पौधे लगाए गए हैं। इससे पार्क क्षेत्रवासियों के लिए हरित, सुगंधित और स्वास्थ्यवर्धक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा। समारोह में भारत विभाजन की 80 वर्ष पूर्व हुई मानवीय त्रासदी पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रसारण किया गया। इसमें विभाजन के दौरान विस्थापन और पीड़ा झेलने वाले परिवारों के संघर्ष को दर्शाया गया। इसके अलावा लखनऊ में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों पर एलडीए की ओर से तैयार लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने विभाजन के समय पाकिस्तान से भारत आए परिवारों के सदस्यों का अभिनंदन किया।

## भोजपुरी भाषा को संवैधानिक दर्जा देने की मांग



लखनऊ। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा नेता प्रभु नाथ राय अपने प्रतिनिधिमंडलों के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर लखनऊ में छठ घाट का निर्माण, छठ महापर्व राष्ट्रीय अवकाश, राष्ट्रीय भोजपुरी अकादमी का गठन, तथा भोजपुरी भाषा को संवैधानिक दर्जा देने की मांग सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम यतन यादव, वेद प्रकाश राय राष्ट्रीय सचिव, मनोज सिंह राष्ट्रीय महासचिव, सलाहकार मनोज राय, उपेंद्र कुमार, विक्रम कुशवाहा, कपिल देव कुशवाहा, अंगद राम ओझा, सुनीता राय, अवधेश, संजय सिंह, सुनील सिंह सहित कई समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रीराम सीनियर सिटिजन होम का रक्षा मंत्री ने किया उद्घाटन

राजधानी के गोमतीनगर स्थित विशाल खंड में शनिवार को श्रीराम सीनियर सिटिजन होम का रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने उद्घाटन किया। वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित इस केंद्र का उद्देश्य बुजुर्गों को सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, संस्थापक एसी शुक्ला, उमा शुक्ला समेत शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके सम्मान, सुरक्षा और गरिमापूर्ण जीवन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। श्रीराम सीनियर सिटिजन होम इसी सोच को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को केवल सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण ही नहीं, बल्कि ऐसा माहौल भी मिलना चाहिए, जहां वे अकेलेपन से दूर रहकर स्वस्थ, सक्रिय और सम्मानजनक सामाजिक जीवन व्यतीत कर सकें। श्रीराम सीनियर सिटिजन होम में वरिष्ठ नागरिकों की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। यहां सुसज्जित कमरे, डाइनिंग एरिया, कॉमन रूम और गार्डन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। बुजुर्गों की देखभाल और आवश्यक सहयोग के लिए प्रशिक्षित स्टाफ की भी व्यवस्था की गई है।

**खेलो इंडिया योजना 2026-31 पर साई एनएसआरसी लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित**

# युवा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देने पर मंथन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), नेताजी सुभाष क्षेत्रीय केन्द्र (एनएसआरसी), लखनऊ द्वारा शांति नगर, कानपुर रोड, लखनऊ स्थित परिसर में खेलो इंडिया योजना 2026-31 पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को आत्मप्रकाश, क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी), साई एनएसआरसी लखनऊ ने संबोधित किया। उन्होंने वर्ष 2026-31 के लिए खेलो इंडिया योजना की परिकल्पना, उद्देश्यों और प्रमुख प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, खेल प्रतिभाओं की पहचान एवं उन्हें निखारने, खेल अवसरों में सुधार तथा युवा खिलाड़ियों को अधिक अवसर प्रदान करने में इस योजना की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।




कार्यक्रम में ललित उपाध्याय, पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी एवं ओलंपियन, अर्जुन पुरस्कार विजेता, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने खेल जीवन के अनुभव साझा किए तथा युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, बेहतर खेल अवसंरचना और संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराने के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पत्रकारों ने अधिकारियों के साथ खेलो इंडिया योजना 2026-31 के विभिन्न पहलुओं, इसके क्रियान्वयन, खिलाड़ियों के विकास तथा उत्तर प्रदेश एवं देशभर में योजना के प्रभाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद किया।

राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के अंतर्गत महान भारतीय हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके भारतीय खेलों में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण किया गया। इसके बाद साई एनएसआरसी के खिलाड़ियों द्वारा हॉकी प्रदर्शनी मैच खेला गया, जिसमें युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों एवं साई अधिकारियों के बीच एक मैत्रीपूर्ण हॉकी मैच का भी आयोजन किया गया। इस मैच ने औपचारिक कार्यक्रमों से इतर पत्रकारों एवं अधिकारियों के बीच संवाद, सहभागिता और सौहार्द को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं इसके सुचारू संचालन के लिए आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की।

आत्मप्रकाश, क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी), लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सिंह, निदेशक, मनीष कुमार, सहायक निदेशक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं राष्ट्रीय खेल दिवस से संबंधित गतिविधियों के सफल आयोजन में टीम के समर्पित प्रयासों की प्रशंसा की।

## दो आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन आज से

लखनऊ। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने 30 अगस्त को दो एकतरफा आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, इनमें गाड़ी संख्या 04213 अयोध्या कैंट-आनंद विहार टर्मिनल तथा गाड़ी संख्या 04217 वाराणसी-नई दिल्ली शामिल हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक समर्थ गुप्ता के अनुसार गाड़ी संख्या 04213 अयोध्या कैंट-आनंद विहार टर्मिनल दिनांक 30 अगस्त को अयोध्या कैंट से 18:20 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेन बाराबंकी में 19:48 बजे आगमन एवं 19:50 बजे प्रस्थान, लखनऊ में 20:45 बजे आगमन एवं 20:55 बजे प्रस्थान, बरेली में 00:48 बजे आगमन एवं 00:50 बजे प्रस्थान, मुरादाबाद में 02:40 बजे आगमन एवं 02:50 बजे प्रस्थान, हापुड़ में 04:08 बजे आगमन एवं 04:10 बजे प्रस्थान तथा गाजियाबाद में 05:10 बजे आगमन एवं 05:12 बजे प्रस्थान करते हुए आनंद विहार टर्मिनल में 06:00 बजे आगमन करेगी।इसी क्रम में गाड़ी संख्या 04217 वाराणसी-नई दिल्ली दिनांक 30.08.2026 को वाराणसी से 15:40 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेन मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ में 17:25 बजे आगमन एवं 17:30 बजे प्रस्थान, रायबरेली जंक्शन में 18:50 बजे आगमन एवं 18:52 बजे प्रस्थान, लखनऊ में 21:05 बजे आगमन एवं हापुड़ में 04:28 बजे आगमन एवं 04:30 बजे प्रस्थान तथा गाजियाबाद में 05:30 बजे आगमन एवं 05:32 बजे प्रस्थान करते हुए नई दिल्ली में 06:45 बजे आगमन करेगी।

## नेपाल सीमा से लगे जिलों में विशेष सतर्कता

लखनऊ। नेपाल से सटे उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग को इन क्षेत्रों में फ्लू एवं बुखार के मामलों की प्रभावी निगरानी करने को कहा गया है। साथ ही नेपाल अथवा उत्तर प्रदेश से आने वाले प्रत्येक मरीज को तत्काल चिकित्सकीय सहायता और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को अस्पतालों में मास्क, हाथों की स्वच्छता और खांसी के शिष्टाचार के प्रति मरीजों एवं तीमारदारों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह सतर्क है और फ्लू की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## आईआरसीटीसी का 2 ज्योतिर्लिंग के साथ महेश्वर-मांडू हवाई टूर, 20 सितंबर से

लखनऊ। यात्रियों की मांग पर IRCTC लखनऊ से 2 ज्योतिर्लिंग के साथ महेश्वर, मांडू और इंदौर का हवाई टूर पैकेज लेकर आया है। मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि यह पैकेज 4 रात 5 दिन का होगा। यात्रा 20 से 24 सितंबर तक होगी, इसमें लखनऊ से इंदौर आना-जाना फ्लाइट से होगा। उज्जैन में महाकालेश्वर, चिंतामन गणेश, हरसिद्धि, मंगलनाथ, ओंकारेश्वर में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, महेश्वर में अहिल्या किला, नर्मदा घाट, मांडू में जहाज महल, हिंडोला महल और इंदौर में पितृ पर्वत, खजराना गणेश मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। ठहरने व खाने की व्यवस्था थ्री स्टार होटल में होगी। किराया एक व्यक्ति पर 48,500 रु., दो पर 42,500 रु., तीन पर 40,300 रु. प्रति व्यक्ति। बच्चों के लिए 36,100 रु. बेड सहित और 19,500 रु. बिना बेड के। बुकिंग पहले आओ-पहले पाओ पर होगी।

## सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्रतिबद्धता

विशेष संवाददाता (vol)

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिना भेदभाव, हर व्यक्ति की समस्या का समाधान कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता और शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने हर पात्र व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने और जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब 200 लोगों से मिले। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक वह खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को ध्यान से सुना। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि हर पीड़ित की समस्या का पारदर्शी समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। जनता दर्शन में हर बार की तरह कुछ लोग गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। इन लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का एस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए, सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।



सीएम ने राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कुछ लोग पारिवारिक विवादों के मामले भी लेकर आए थे। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पारिवारिक विवादों में सर्वप्रथम सबंधित पक्षों के बीच संवाद कराने की पहल की जाए।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। मंदिर की गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से पूड़ी-गुड़ खिलाया।

# बेटियों के सपनों को पंख दे रही डबल इंजन सरकार : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रक्षाबंधन केवल रक्षा सूत्र बांधने का पर्व नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास, सम्मान, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

करीब 15 करोड़ राखियों के जरिए स्थानीय कारीगरों, हस्तशिल्पियों और दुकानदारों की आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिल रही है। राखी की खरीद से होने वाला खर्च कारीगरों तक पहुंचकर बाजार में लौटता है और आर्थिक विकास को मजबूती देता है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को ह्यबिटिया और बहना-यूपी का गहना स्नेहबंधन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के जरिए बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज बेटियां भयमुक्त होकर शिक्षा हासिल कर रही हैं और रोजगार समेत विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। योगी ने कहा कि प्रदेश में करीब 1.60 करोड़ बच्चों को हर वर्ष दो यूनिफॉर्म, बैग, किताबें, जूते-मोजे और स्वेटर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को 12वीं तक विस्तारित किया जा रहा है और प्रदेश के सभी 825 विकासखंडों में विद्यालयों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि लखनऊ स्थित कैप्टन मनोज पांडे सैनिक स्कूल में 2018 से बेटियों को प्रवेश दिया गया। इसके बाद देश के सभी सैनिक स्कूलों में बेटियों के लिए अवसर खुले हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रदेश में महिलाओं की रोजगार भागीदारी करीब 12 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत से अधिक हो गई है। कामकाजी महिलाओं के लिए बड़े शहरों में निःशुल्क छात्रावासों के निर्माण की पहल भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन पर 27 से 29 अगस्त तक महिलाओं को परिवहन निगम और नगरीय बस सेवाओं में एक सहयात्री के साथ निशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है। साथ ही 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा लागू की गई है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार बेटियों के साथ मजबूती से खड़ी है।

## बेटियों की मुस्कान से खिल उठा मुख्यमंत्री आवास का 'आंगन'

- रक्षाबंधन पर 'बिटिया और बहना-यूपी का गहना' स्नेह बंधन कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ। रक्षाबंधन पर मुख्यमंत्री आवास का आंगन बेटियों की चहलकदमी से शुक्रवार को उस समय खिलखिला उठा, जब 'बिटिया और बहना-यूपी का गहना' स्नेह बंधन कार्यक्रम एक अविस्मरणीय आयोजन बन गया। स्कूली बच्चियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कलाई पर स्नेह की डोर बांधकर भरोसे और विश्वास का रिश्ता प्रदर्शित किया तो मुख्यमंत्री ने भी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन का संकल्प दोहराया।

रक्षाबंधन पर शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को बच्चियों ने राखी बांधकर भाई-बहन के स्नेह का भाव प्रकट किया। तो सीएम ने भी बच्चियों से आत्मीय संवाद करते हुए उन पर स्नेह बरसाया। उन्हें आशीर्वाद व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान समूचा माहौल भावुकता और अपनत्व से भर गया। संवाद के दौरान भी बच्चियों के चेहरे पर मुख्यमंत्री के प्रति स्नेह, अपनत्व व विश्वास झलक रहा था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में रक्षाबंधन केवल भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने का पर्व नहीं, बल्कि यह श्रद्धा, प्रेम, विश्वास, जिम्मेदारी और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

सरकार बहनों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित कर आधी आबादी के हित में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बच्चियों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार उनकी शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य के लिए लगातार प्रयासरत है। बेटियां परिवार ही नहीं, बल्कि प्रदेश और देश की शक्ति हैं। उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना और उनके सपनों को पंख देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बच्चियों से खूब मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर बच्चियों ने मुख्यमंत्री को स्नेह की डोर बांधकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने भी बच्चियों को आशीर्वाद व उपहार प्रदान किए। छात्राओं ने मुख्यमंत्री के साथ संवाद भी किया, जिससे पूरा वातावरण पारिवारिक आत्मीयता से भर उठा। राखी के इस पवित्र धागे में जहां बहनों का स्नेह और विश्वास था, वहीं मुख्यमंत्री की ओर से बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य के प्रति संकल्प का भाव भी दिखाई दिया। रक्षाबंधन के इस अवसर पर स्नेह, सुरक्षा और विश्वास का यह रिश्ता सामाजिक संकल्प का प्रतीक बनकर उभरा।

# स्वाइन फ्लू को लेकर अस्पतालों में जरूरी प्रबंध किए जायें : योगी

## स्वास्थ्य विभाग और जिलाधिकारी स्थिति पर लगातार रखें निगरानी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग, जिलाधिकारियों और संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्वाइन फ्लू को लेकर लगातार निगरानी रखने और चिकित्सकीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में स्वाइन फ्लू के मामलों की नियमित समीक्षा की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में मरीजों के उपचार के लिए पर्याप्त तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड, आवश्यक दवाएं, जांच किट, उपचार और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके।

सीएम योगी ने जिलाधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में विशेष सतर्कता बरतने तथा स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करने को कहा है। साथ ही स्वाइन फ्लू की स्थिति में किसी भी संभावित बदलाव की जानकारी तत्काल शासन में उच्च स्तर तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि स्वाइन फ्लू के संभावित लक्षणों को नजरअंदाज न करें। किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है। लक्षण दिखाई देने पर समय रहते चिकित्सकीय सलाह लें और आवश्यक जांच कराएं। समय पर जांच और उपचार से बीमारी के गंभीर प्रभावों को रोका जा सकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

## फ्लू को लेकर अलर्ट, दवा-ऑक्सीजन का पर्याप्त स्टॉक

**लखनऊ।** प्रदेश में मौसमी फ्लू के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में इलाज और जरूरी चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को प्रदेशभर के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्थिति की समीक्षा की और अस्पतालों में ओसेल्टामिविर (टैमीफ्लू), ऑक्सीजन, नेबुलाइजर, ऑक्सीजन मास्क और ब्रोंकोडायलेटर्स का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए।

● डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने की तैयारियों की समीक्षा



प्रदेश में मरीजों की संख्या को देखते हुए संबंधित जिलों में अस्पतालों को पूरी तरह तैयार रखने और संसाधनों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिए कि अस्पतालों में सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षणों के साथ भर्ती सभी गंभीर मरीजों की फ्लू जांच सुनिश्चित की जाए।

इन्फ्लुएंजा-लाइक इलनेस और सांस संबंधी संक्रमण वाले मरीजों के संपर्क में आने वाले लोगों में लक्षण पाए जाने पर चिकित्सकीय सलाह के अनुसार समय से एंटीवायरल दवाएं शुरू की जाएं। जिन जिलों में फ्लू के मामले अधिक हैं, वहां श्वसन संबंधी शिकायत वाले मरीजों के लिए अलग ओपीडी संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे मरीजों की जांच, चिकित्सकीय परामर्श और उपचार को सुगम बनाने के साथ अस्पतालों में भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गंभीर मरीजों के उपचार के लिए प्रत्येक जिले में जिला एवं संयुक्त अस्पताल स्तर पर चार से छह आइसोलेशन बेड तैयार रखने को कहा है। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि गंभीर मरीजों के इलाज में दवा, ऑक्सीजन या अन्य आवश्यक उपकरणों की कमी न हो। उपमुख्यमंत्री ने अस्पतालों में बुखार और फ्लू से संबंधित मरीजों के लिए अलग रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाने के निर्देश दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ के कैसरबाग स्थित स्वास्थ्य भवन में स्थापित केंद्रीय कमांड एवं कंट्रोल सेंटर होप (हेल्थ ऑनलाइन पैरामीटर इवैल्यूएशन) पहुंचकर प्रदेश के अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की। उन्होंने चिकित्साधिकारियों से अस्पतालों में दवा, ऑक्सीजन और अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी ली।

## नेपालगंज-वाराणसी के बीच स्पेशल ट्रेन सेवा कल से

बहराइच-नेपालगंज रोड के बीच आमान परिवर्तन का काम पूरा होने के बाद पूर्वोत्तर रेलवे 31 अगस्त से नेपालगंज रोड से वाराणसी सिटी के बीच ट्रेन संचालन शुरू करेगा। 05064 नेपालगंज रोड-वाराणसी सिटी उद्घाटन विशेष ट्रेन 31 अगस्त को दोपहर 2:45 बजे नेपालगंज रोड से रवाना होगी। यह ट्रेन नानपारा, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, बढ़नी, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर होते हुए अगले दिन सुबह 5:25 बजे वाराणसी सिटी पहुंचेगी। ट्रेन में 17 कोच लगेंगे। रेलवे ने इस दिन यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी है।

### पीजीआई : मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि

पीजीआई में बीते 15 दिनों के दौरान जांच में स्वाइन फ्लू और कोरोना के 16 मरीज मिले हैं। इनमें एच1एन1 स्वाइन फ्लू के आठ और कोरोना के आठ मरीज शामिल हैं। हालांकि सभी में संक्रमण के हल्के लक्षण मिले हैं और अधिकांश मरीज उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके हैं। पीआरओ कुसुम यादव का कहना है कि संस्थान की ओपीडी में कुछ मरीज इन्फ्लुएंजा-लाइक इलनेस (आईएलआई) के लक्षणों के साथ आ रहे हैं। अधिकांश मामलों में लक्षण हल्के हैं। जांच में कुछ मरीज एच1एन1 अथवा कोविड से संक्रमित पाए गए हैं। इसी प्रकार विभिन्न विभागों में अन्य चिकित्सकीय कारणों से भर्ती कुछ मरीजों, जिनमें वैकल्पिक (इलेक्टिव) सर्जरी के लिए भर्ती मरीज भी शामिल हैं, इनमें भी आईएलआई के लक्षण विकसित हुए हैं। उनकी जांच में भी स्वाइन फ्लू व कोविड संक्रमण पाया गया। ये छिटपुट मामले वर्तमान में चल रहे मौसमी इन्फ्लुएंजा सीजन के अनुरूप हैं। इन्हें किसी भी प्रकार से प्रकोप (आउटब्रेक) नहीं माना जा सकता। ऐसे लगभग सभी मरीज नियमित चिकित्सा इलाज से स्वस्थ हो चुके हैं। इसके लिए घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

### स्वाइन फ्लू की तीन नये मरीजों में पुष्टि

स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को तीन नये मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि की है, इनमें एक मरीज गोमतीनगर स्थित राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान और दो मरीज बलरामपुर अस्पताल में भर्ती हैं। स्वाइन फ्लू को लेकर सभी जिला अस्पतालों में बेड आरक्षित कर दिए गए हैं। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनबी सिंह ने शनिवार को हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में भी एच1एन1 की स्थिति और इससे बचाव के उपायों पर चर्चा की गयी। सीएमओ ने बताया कि सीएमओ ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के हेल्पलाइन नम्बर 0522-2622080 पर संपर्क किया जा सकता है। शनिवार को केजीएमयू, लोहिया संस्थान, पीजीआई, बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु, महानगर भाऊराव देवरस, डफरिन व झलकारीबाई अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों के साथ तीमारदार बिना मास्क मौजूद थे, इससे अस्पतालों में संक्रमण से बचाव की सावधानियों पर सवाल उठ रहे हैं। केजीएमयू रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि सर्दी-जुकाम, बुखार या सांस संबंधी लक्षण होने पर भीड़ से दूरी बनाएं।

### क्या है इंफ्लूएंजा एच1एन1

इंफ्लूएंजा एक सामान्य वायरल बीमारी है, जो इंफ्लूएंजा वायरस के कारण होती है। एच1एन1 इसी वायरस का एक प्रकार है और यह मुख्य रूप से सांस से जुड़ी बीमारी पैदा करता है।

### बीमारी के प्रमुख लक्षण

बुखार, खांसी, नाक बहना, गले में खराश, सिर दर्द, बदन में दर्द, ठंड लगना, आंखों में लालिमा

### बचाव के लिए क्या करें

- खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को कपड़े या रुमाल से ढकें।
- बुखार, खांसी या जुकाम जैसे लक्षण होने पर खुद से इलाज करने के बजाय डाक्टर की सलाह लें।

### एक से चार दिन का होता है इन्क्यूबेशन पीरियड

- एच1एन1 वायरस से संक्रमित होने के बाद आमतौर पर दो से तीन दिन में लक्षण दिखाई देने लगते हैं। इसका इन्क्यूबेशन पीरियड एक से चार दिन तक हो सकता है। कुछ मामलों में यह अवधि सात दिन तक भी हो सकती है। एच1एन1 एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में खांसने और छींकने के दौरान निकलने वाली संक्रमित बूंदों के जरिए फैल सकता है। इसके अलावा संक्रमित वस्तुओं या सतहों को छूने, हाथ मिलाने और हाथों की ठीक से सफाई न करने से भी संक्रमण फैलने का खतरा रहता है।

### इन लोगों को ज्यादा सावधानी की जरूरत

- 10 साल से कम उम्र के बच्चे और 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग
- गर्भवती महिलाएं
- रक्त संबंधी बीमारी, डायबिटीज, तंत्रिका तंत्र की बीमारी, कैंसर या एचआईवी/एड्स से पीड़ित लोग
- फेफड़े, हृदय, किडनी या लीवर की बीमारी से पीड़ित लोग
- लंबे समय से कॉर्टिसोन जैसी दवाओं का इलाज ले रहे मरीज

# शिवरी प्लांट पहुंचे यूपीपीसीबी के 36 नव चयनित अधिकारी

विशेष संवाददाता (vol)

सीखा वैज्ञानिक कूड़ा प्रबंधन का तरीका

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) के नव चयनित असिस्टेंट एनवायरमेंटल इंजीनियर, असिस्टेंट साइंटिफिक ऑफिसर एवं 34 साइंटिफिक ऑफिसरों के लिए शनिवार को शिवरी प्लांट में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान अधिकारियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कूड़े के वैज्ञानिक प्रसंस्करण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

लखनऊ नगर निगम के अधिकारियों ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि शिवरी प्लांट में लीगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रतिदिन आने वाले फ्रेश वेस्ट का भी वैज्ञानिक विधि से प्रसंस्करण किया जाता है।

अधिकारियों को कूड़े के प्रसंस्करण के बाद निकलने वाले बाय-प्रोडक्ट के वैज्ञानिक निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान यूपीपीसीबी के अधिकारियों को शिवरी प्लांट में स्थित लैब का भ्रमण भी कराया गया। यहां प्रतिदिन किए जाने वाले विभिन्न परीक्षणों, उनकी प्रक्रिया और पर्यावरणीय दृष्टि से उनके महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने कोकोनट प्लांट, एलटीपी सहित प्लांट में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं और तकनीकी प्रक्रियाओं का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2016 के प्रमुख प्रावधानों के साथ वर्ष 2026 में किए गए महत्वपूर्ण बदलावों एवं नए प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित कूड़ा प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण है।

कूड़े का उचित प्रसंस्करण न केवल प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहायक है, बल्कि अपशिष्ट से उपयोगी संसाधन प्राप्त करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में नव नियुक्त यूपीपीसीबी अधिकारियों को उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी गईं और सफल कार्यकाल की कामना की गई।

## अमय सोनकर को मिला स्वर्ण पदक



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के सत्र 2021-2026 के बीबीए एलएलबी के मेधावी छात्र अमय सोनकर (पुत्र गिरीश चंद्र) ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों से विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। अमय ने स्नातक परीक्षा में 82.5% अंक प्राप्त कर अनुसूचित वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पूर्व, प्रतिष्ठित क्लैट पीजी में उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर अनुसूचित वर्ग में 84वीं रैंक तथा उत्तर प्रदेश में 18वीं रैंक प्राप्त की। अपनी इस उत्कृष्ट विधि मेधा के आधार पर उन्होंने डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ में एलएलएम में प्रवेश प्राप्त किया है। अमय की इन दोहरी उपलब्धियों से बीबीएयू, विधि जगत, परिवार एवं पैतृक निवास में हर्ष और गर्व का माहौल है।



## समाज के लिए सार्थक योगदान दें युवा : प्रो. एमके अग्रवाल

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के अर्थशास्त्र विभाग में 11वें दीक्षांत समारोह का शनिवार को आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर मनोज कुमार अग्रवाल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे उत्कृष्ट प्रदर्शन करें, निरंतर प्रगति करें तथा समाज के लिए सार्थक योगदान दें। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र की उन्नति एवं विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के प्रति भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2021-23, 2022-24, 2023-25 एवं 2024-26 के कुल चार बैचों के विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। एमए अर्थशास्त्र, एमएससी अर्थशास्त्र तथा पीएचडी पूर्ण कर चुके शोधार्थियों सहित कुल 91 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। समारोह में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए कुल 14 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इनमें 8 स्वर्ण पदक एमए अर्थशास्त्र तथा 6 स्वर्ण पदक एमएससी अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों को प्रदान किए गए। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सनातन नायक उपस्थित रहे। साथ ही विभाग के प्रोफेसर डीके यादव, प्रो. सुरेंद्र मेहर, डॉ. बैकुंठ रॉय सहित अन्य संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

# 80 लाख बहनों ने रक्षाबंधन पर मुफ्त बस यात्रा की

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रक्षाबंधन पर महिलाओं और उनके सहयात्रियों को दी गई मुफ्त बस यात्रा का लाभ उठाने वालों की संख्या 80 लाख से अधिक रही। शुक्रवार को रक्षाबंधन के दिन 49.96 लाख से अधिक महिलाओं और उनके सहयात्रियों ने मुफ्त यात्री की। यह सेवा शनिवार मध्य रात्रि तक जारी रही। परिवहन निगम के आंकड़ों के मुताबिक 27 अगस्त की सुबह छह बजे से शनिवार शाम पांच बजे तक 80 लाख से अधिक महिलाओं व उनके सहयात्रियों ने बिना किराये दिए यात्रा की।

27 अगस्त को 9.26 लाख से ज्यादा महिलाओं व सहयात्री ने योजना का लाभ उठाया। इनमें 6.03 लाख से अधिक महिलाएं और 3.22 लाख से ज्यादा सहयात्री शामिल थे। यूपीएसआरटीसी के प्रधान प्रबंधक (संचालन) अनिल कुमार ने बताया कि रक्षाबंधन पर यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम ने व्यापक तैयारियां की थीं। अधिक से अधिक बसों का संचालन, प्रमुख बस स्टेशनों पर अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती और यात्रियों की सुविधा पर विशेष निगरानी रखी गई।

शनिवार रात 12 बजे तक के आंकड़े सामने आने पर मुफ्त सेवा का लाभ लेने वाली महिलाओं व सहयात्रियों की संख्या बढ़ेगी। रक्षाबंधन के दिन 28 अगस्त को सर्वाधिक 49.96 लाख से अधिक निशुल्क टिकट जारी किए गए। इनमें 32.47 लाख से अधिक महिलाएं और 17.48 लाख से ज्यादा सहयात्री शामिल रहे। परिवहन निगम के अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार से ही लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना के तहत बुजुर्ग महिलाओं को भी मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान की जा रही है। योजना के तहत परिवहन निगम की बसों में 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाओं को भी शून्य शुल्क वाले टिकट जारी किए गए, जिससे बुजुर्ग महिलाओं को भी त्योहार पर आवागमन में आर्थिक राहत मिली।

## विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में किया प्रतिभाग

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में खेल दिवस के अवसर पर 28 से 30 अगस्त 2026 तक विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में खेल दिवस पर शनिवार को विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम एवं शतरंज में प्रतिभाग किया। इन खेल गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा तथा टीम भावना को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर एसो डीन इन्नोवेशन डॉ. अनुज शर्मा एवं आरजू गुप्ता ने भी विद्यार्थियों के साथ सहभागिता करते हुए विभिन्न खेल गतिविधियों में उनका सहयोग एवं उत्साहवर्धन किया।विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ खेलों में भाग लिया।

# नवनियुक्त रालोद प्रदेश कार्यालय प्रभारी कर्नल ब्रह्मपाल तोमर का हुआ स्वागत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह की अध्यक्षता में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं नवनियुक्त प्रदेश कार्यालय प्रभारी कर्नल ब्रह्मपाल तोमर के स्वागत में समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने कर्नल ब्रह्मपाल तोमर को फूलमालाएं पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंटकर गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने कहा कि हम सभी का लक्ष्य रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पार्टी को और अधिक मजबूत एवं व्यापक बनाना है। उन्होंने कहा कि पार्टी को आगे बढ़ाने में समाज के प्रत्येक वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए हम सभी को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करना होगा। उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश कार्यालय प्रभारी कर्नल ब्रह्मपाल तोमर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता से पार्टी को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा।

केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य चंद्रबली यादव एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा ने कर्नल ब्रह्मपाल तोमर का स्वागत करते हुए कहा कि रालोद में उन्हें दी गई नई जिम्मेदारी संगठन को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत



बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कर्नल ब्रह्मपाल तोमर ने प्रदेश नेतृत्व एवं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मिले सहयोग, आशीर्वाद एवं स्नेह से उनके अंदर नई ऊर्जा का संचार हुआ है। वह इस ऊर्जा के साथ पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर उपस्थित नेतृत्व ने बस्ती से आए पूर्व सैनिकों कैप्टन दिनेश सिंह, सूबेदार उदय नारायण, सूबेदार मेजर ओमकार पांडे, फौजी मनोज यादव, फौजी संतोष पटेल व राशिद सैफी आदि को पार्टी का फटका पहनाकर प्राथमिक सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल एवं विकास सिंह भैंसा ने संयुक्त रूप से किया।

## भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी का आज होगा भव्य स्वागत

**लखनऊ।** भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी का रविवार, 30 अगस्त को लखनऊ आगमन हो रहा है। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री के दायित्व के बाद उनके प्रथम लखनऊ आगमन को लेकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह है। हरीश द्विवेदी रविवार को दोपहर 12:30 बजे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचेंगे। एयरपोर्ट पर पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद श्री द्विवेदी एयरपोर्ट से भाजपा के प्रदेश मुख्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी व अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर दोपहर 2:00 बजे नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी के स्वागत एवं अभिनंदन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को किया बर्बाद

## सपा अपने घोषणा पत्र में चिकित्सा और इलाज को लेकर कई चीजें करेगी शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग वेंटिलेटर पर है। स्वास्थ्य विभाग को खुद इलाज की जरूरत है। मरीज इलाज के लिए भर्ती होते हैं तो उनका इलाज किसी और मर्ज का कर दिया जाता है। इससे कई मरीजों को जान चली गयी।

उन्होंने कहा सपा अपने घोषणा पत्र में चिकित्सा और इलाज को लेकर कई चीजें शामिल करेगी। सपा चाहती है कि अस्पतालों में गरीबों से कोई कार्ड न मांगा जाय। गरीबों का इलाज मुफ्त होना चाहिए। सपा सरकार आने पर गरीबों से कोई कार्ड नहीं मांगा जाएगा, उनका इलाज मुफ्त होगा।

पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने समाजवादी आडिट वेंटिलेटर पर स्वास्थ्य विभाग नामक पुस्तिका जारी करते हुए कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही चरम पर है। स्वास्थ्य विभाग की दुर्दशा के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सरकारी अस्पतालों में 41 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। डाक्टरों के छह हजार पद खाली है। नर्सिंग और पैरामेडिकल




के 24 हजार पद खाली है। गोरखपुर एम्स में डॉक्टरों के 604 पद खाली है। गोरखपुर और रायबरेली एम्स बनाने के लिए जमीन सपा की सरकार में दी गयी थी। भाजपा सरकार गोरखपुर और रायबरेली एम्स को नहीं चला पा रही है। रायबरेली एम्स में करीब 600 डाक्टरों की कमी है। प्रदेश में गरीबों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। आगरा, प्रयागराज और प्रदेश के अन्य जिलों में यही हाल है।

प्रदेश में 16 हजार की आबादी पर सिर्फ एक डाक्टर है। मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है लेकिन डाक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ की भारी कमी है। इलाज में लापरवाही होती है। एक अस्पताल में एक मरीज को एनेस्थीसिया दिया गया, वह होश में ही नहीं आया। मरीज की मौत हो गयी। लापरवाही से मौतों के मामले में लखनऊ नम्बर एक पर है। जिलों-जिलों का यही हाल है। लापरवाही से मौत के मामले में सहारनपुर नम्बर दो और गोरखपुर नम्बर तीन पर है। आगरा, मथुरा, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा, अमेठी, बाराबंकी, आजमगढ़, बलिया समेत कई जिलों से खबरें है कि इलाज में लापरवाही के कारण जच्चा-बच्चा की मौत हो गयी। पुस्तिका में वाराणसी, बस्ती, प्रयागराज, लखनऊ, आगरा समेत अन्य मंडलों का मंडल और जिलेवार आकड़ों को जारी करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का बहुत बुरा हाल है। अस्पतालों में मेडिकल सामानों की स्थिति खराब है।

अखिलेश यादव ने कहा प्रदेश में सरकारी अस्पताल कम हो रहे हैं, प्राइवेट अस्पताल बढ़ रहे है। सीतापुर, पीलीभीत, कौशाम्बी, बस्ती, अयोध्या हर जिले का यही हाल है। एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि जनता मंदिर में चढ़ावा चोरी करने वाले धर्मद्रोही, अधर्मी गिरोह को हटाएगी तभी अच्छा इलाज और सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अराजकता और लापरवाही चरम पर है। रक्षाबंधन त्योहार पर बसों की स्थिति खराब रही। फ्री बस चलाने की बात हो रही थी लेकिन माताएं-बहने भटकती रहीं। बसें नहीं मिली। सरकार ने कोई इंतजाम नहीं किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लखीमपुर, पीलीभीत, बहराइच, श्रावस्ती समेत अन्य जिलों में बड़े पैमाने पर जंगली पशुओं के हमले में लोगों की जान गयी है लेकिन भाजपा सरकार को कोई परवाह नहीं है।

प्रदेश में लगातार हिरासत में मौतें हो रही हैं। बदायूं में आज ही हिरासत में मौत हो गयी। पुलिस ले गयी और पीट-पीट कर हत्या कर दिया। पुलिस हिरासत में मौतों के मामले में यूपी देश में सबसे ऊपर है। अन्याय, अत्याचार चरम पर है। गरीबों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने चीनी महंगी कर दी। पेट्रोल, डीजल महंगा कर दिया। खाने पीने की सब चीजें महंगी कर दी। सरकार में कमीशनखोरी और मिलावटखोरी हो रही है। समाजवादी सरकार बनने पर डा. राम मनोहर लोहिया की दाम बांधो नीति को लागू करके जरूरत की चीजों के दाम कम करेंगे।

उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट से यह बात सामने आ गयी कि भाजपा ने बंगाल में वोटर लिस्ट हेराफेरी कर चुनाव जीता है। यूपी के लोग सावधान रहे, चुनाव से पहले ये लोग फिर एसआइआर कराएंगे। फिर एक नई वोटर लिस्ट बनाएंगे। इनके साजिश और षडयंत्र से सावधान रहना है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के पास अब छह महीने नहीं है। चार महीने में चुनाव की घोषणा हो जाएगी। सौ दिन बचे हैं।

# जोड़ों के दर्द से राहत दिलायेगा इंजेक्शन : डा. आशीष

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- साल में एक बार लगवाना होगा हयालूरोनिक एसिड इंजेक्शन
- दवा और व्यायाम से आराम न मिलने पर डाक्टरों की सलाह

**लखनऊ।** जोड़ों के दर्द से राहत के लिए मरीजों को दर्दनिवारक दवाओं पर निभर रहने की जरूरत नहीं है। महज एक इंजेक्शन से मरीज को दर्द से राहत मिल सकती है। एक इंजेक्शन पूरे साल तक काम करता है। यह जानकारी केजीएमयू हड्डी रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार ने शनिवार को विभाग के प्रेक्षागृह में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। केजीएमयू और यूपी ऑथोपेडिक एसोसिएशन की ओर से 12वें यूपीओए आर्थोप्लास्टी कोर्स पर कार्यशाला हुई। पहले दिन कैडेवर पर रोबोटिक प्रशिक्षण दिया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि ऑस्टियो आर्थराइटिस मरीजों के लिए हयालूरोनिक एसिड इंजेक्शन दर्द कम करने का विकल्प बन सकता है। खासकर उन मरीजों में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है, जिन्हें दवा और दूसरे गैर-सर्जिकल इलाज से पर्याप्त आराम नहीं मिल रहा है। उनके लिए जोड़ प्रत्यारोपण की फिलहाल जरूरत नहीं है। आयोजन सचिव डॉ. मयंक महेंद्र ने बताया कि हयालूरोनिक एसिड का इस्तेमाल केवल कॉस्मेटिक उपचार तक सीमित नहीं है। जोड़ों के इलाज में भी इसका इस्तेमाल किया जाता है। मरीज की स्थिति का सही आकलन करने के बाद ही इंजेक्शन देने पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि ओपीडी में रोज बड़ी संख्या में ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित मरीज आते हैं। इनमें लगभग 20 फीसदी मरीज ऐसे होते हैं, जिन्हें सामान्य इलाज के बावजूद दर्द बना रहता है। डॉ. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यह बीमारी का इलाज नहीं है। इंजेक्शन क्षतिग्रस्त कार्टिलेज को ठीक नहीं करता। न ही बीमारी को बढ़ने से रोकता है। इसका उद्देश्य दर्द कम करना और जोड़ की गतिविधि बेहतर करना है। इंजेक्शन का फैसला दर्द की तीव्रता, बीमारी की स्थिति और जोड़ की गतिविधि में आई कमी को देखकर किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. शाह वली उल्लाह, डॉ. धर्मेंद्र, दिल्ली आर्थ्रोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ. शेखर श्रीवास्तव, गुरुग्राम से डॉ. हेमंत शर्मा शामिल हुए।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# अनियंत्रित बस ने बुजुर्ग को रौंदा, मौत

- घटना के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर इलाके में शुक्रवार रात सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक दरोगाखेड़ा के सीएस नगर निवासी राम मोहन लाल (85) शुक्रवार रात करीब नौ बजे किसी काम से घर से निकले थे। वह लखनऊ-कानपुर रोड पार कर रहे थे। इसी दौरान बंथरा की ओर से अमेजन कर्मचारियों को लेकर लखनऊ जा रही एक बस ने उन्हें टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस की रफ्तार काफी तेज थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों के पहुंचने तक उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची सरोजनीनगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस बस और उसके चालक के बारे में जानकारी जुटा रही है। आरोपी चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। परिजनों के मुताबिक राम मोहन लाल की दो बेटियां थीं। बड़ी बेटी का पहले ही निधन हो चुका है, जबकि छोटी बेटी अपने पति और बच्चों के साथ उनके साथ ही रहती थी। बुजुर्ग की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## दो गांवों में फंदे से लटके मिले युवक

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव में दो युवकों के शव फांसी के फंदे से लटकते मिले हैं। पुलिस ने एक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि दूसरे शव को पंचायतनामाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पहली घटना थाना क्षेत्र के पिपरी गांव की है, जहां के निवासी रमेश कुमार (45) बीकेटी में कैटरिंग का कार्य करता था। रमेश का शव शुक्रवार प्रातः मड़वाना पंचायत के मजरे चकई गांव निवासी सुरेश की बाग में गमछे के सहारे लटकता देखा गया। बेटे शिवा लाल की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्ट मार्टम के लिए लखनऊ भेज दिया। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के कोलवा गांव की है, जहां के निवासी पचपन वर्षीय भगौती रैदास का शव गोमती नदी के किनारे पेड़ से लटकता पाया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवा कर पंचनामा की कार्यवाही पूरी की। खानापूर्ति करने के बाद पुलिस ने शव को परिवार के सुपुर्द कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक नशे में धुत भगौती ने अपनी पत्नी से कहा सुनी की, उसके बाद देर रात घर से गोमती नदी के किनारे पहुंचा और लोअर निकाल कर उससे पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी।

## रिंग रोड के नाले में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**लखनऊ।** विकासनगर थाना क्षेत्र में रिंग रोड स्थित मारुति सुजुकी शोरूम के पास शुक्रवार सुबह नाले में एक युवक का शव औंधे मुंह पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। शव की पहचान नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है।

एसीपी गाजीपुर अतुल पांडेय ने बताया कि शुक्रवार सुबह डायल-112 पर नाले में शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर एसीपी गाजीपुर, प्रभारी विकास नगर आलोक कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस व इंदिरा नगर फायर ब्रिगेड ने शव को नाले से बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक शव करीब दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। युवक लाल टी-शर्ट और पैंट पहने हुए था। पुलिस ने स्थानीय लोगों को बुलाकर शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। शव को मॉर्चरी हाउस भेज दिया गया है। एसीपी ने बताया कि युवक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## ढाबे के बाहर मिला मजदूर का शव

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक ढाबे पर काम करने वाले अधेड़ मजदूर का शव संदिग्ध हालत में ढाबे के बाहर तख्त पर पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक प्रेम नामक 50 वर्षीय एक व्यक्ति बीते काफी दिनों से अक्सर ट्रांसपोर्ट नगर में घूमता टहलता रहता था और कभी-कभी सरोजनीनगर के बदाली खेड़ा निवासी गोविंद सिंह के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित खाने-पीने और चाय आदि के ढाबे पर रुक कर काम भी कर लेता था। बीते दिनों बारावफात की छुट्टी होने के कारण ट्रांसपोर्ट नगर के अधिकतर ट्रांसपोर्ट आदि बंद थे, तो गोविंद ने भी अपना ढाबा बंद कर दिया और घर पर थे।

शनिवार सुबह करीब 9 बजे गोविंद जब ढाबा खोलने पहुंचे तो ढाबे के बाहर पड़े तख्त पर प्रेम अचेत हालत में पड़ा मिला। गोविंद ने उसे हिलाया डुलाया, लेकिन उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। तब गोविंद ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक शराबी प्रवृत्ति का था और उसकी मौत कैसे हुई, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही उसकी मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

## राखी पर बहन का मंगलसूत्र लूटा ट्रैफिक सिपाही ने लुटेरे को दबोचा

**लखनऊ।** रक्षाबंधन पर भाई के घर जा रही महिला से मड़ियांव कोतवाली से चंद कदम दूर चंद्रा ढाल पर बदमाश ने मंगलसूत्र लूट लिया। महिला के शोर मचाने पर ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक सिपाही ने घायल होने के बावजूद लुटेरे को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लूटा गया मंगलसूत्र बरामद कर लिया है।



रसूलपुर मछरेहटा, सीतापुर निवासी रूबी कश्यप पत्नी गोपी कश्यप अपने दो बेटों आदित्य और अखिलेश के साथ चिनहट के मटियारी में रहती हैं। रक्षाबंधन त्योहार पर वह राखी बांधने के लिए गांव जा रही थीं। शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे वह मड़ियांव के चंद्रा ढाल पर बस का इंतजार कर रही थीं। तभी पीली टी-शर्ट पहने एक बदमाश आया और उनके गले पर झपट्टा मारकर मंगलसूत्र छीनकर भागने लगा। पीड़िता के शोर मचाने पर वहां यातायात व्यवस्था संभाल रहे आरक्षी नवीन चौधरी ने बिना देर किए आरोपी का पीछा किया। पकड़े जाने के डर से आरोपी ने सिपाही पर पत्थर से हमला कर दिया। पत्थर सीधे नवीन चौधरी की नाक पर लगा, जिससे गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घायल होने के बावजूद सिपाही ने हिम्मत नहीं हारी और दौड़ाकर आरोपी को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर अमित साहू और टीएसआई उपेंद्र कुमार सिंह ने आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसकी पहचान सरपटा पटवा, लखीमपुर खीरी निवासी धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई। मड़ियांव पुलिस ने पीड़िता रूबी कश्यप की तहरीर पर लूट का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## गैंगेस्टर एक्ट में फरार 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ।** आजमगढ़ में गैंगेस्टर एक्ट के मामले में फरार 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को यूपी एसटीएफ ने कैसरबाग क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए चोरी छिपे रह रहा था। डीएसपी एसटीएफ धर्मेश शाही ने बताया कि सूचना मिली कि आजमगढ़ के कोतवाली नगर थाने में गैंगेस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में वांछित प्रमोद कुमार ग्लोब पार्क के पास किसी व्यक्ति से मिलने आने वाला है। इस सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी प्रमोद कुमार आजमगढ़ के कोतवाली क्षेत्र स्थित पुरवाइमा का रहने वाला है। पूछताछ में प्रमोद ने एसटीएफ को बताया कि गैंगेस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद वह जेल जाने से बचने के लिए लखनऊ में छिपकर रह रहा था। एसटीएफ के अनुसार आरोपी प्रमोद के खिलाफ आजमगढ़ के विभिन्न थानों में चोरी, चोरी का माल रखने, आपराधिक षड्यंत्र, कूटरचित दस्तावेज, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम समेत करीब 12 मामले दर्ज हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** ठाकुरगंज पुलिस ने 17 साल की नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी युवक जिशान को गिरफ्तार किया है। परिजनों की शिकायत पर 27 अगस्त को केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की मदद से आरोपी को गुलाला घाट ढाल रोड से दबोचा। पुलिस के मुताबिक पीड़िता के परिजनों ने थाने पहुंचकर शिकायत दी थी कि सीतापुर के बिसवां थाना क्षेत्र के सांडा गांव निवासी जिशान उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। परिजनों ने आरोपी पर नाबालिग के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने और विरोध करने पर मारपीट का आरोप लगाया। शिकायत मिलते ही ठाकुरगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## सांसद ने अनाथ बच्चों को दी आर्थिक मदद

**लखनऊ।** गोसाईगंज के कस्बा अमेठी के अब्बासी वार्ड में अनाथ हुए दो मासूमों आकाश (12) और विकास (7) की मदद के लिए सांसद आर के चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर शनिवार साथ - साथ पहुंचे। दोनों मासूमों के पिता परीदीन की मृत्यु एक साल पहले तो माता की मृत्यु दो माह पूर्व हुई थी। इस बात की जानकारी पूर्व चेयरमैन राजेश रावत द्वारा मिलने पर दोनों सपा नेता बच्चों के घर पहुंचे। सांसद आर के चौधरी ने आर्थिक सहयोग दिया, जबकि पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने बच्चों को कपड़े, राशन और गृहस्थी का सामान उपलब्ध कराया। पूर्व विधायक ने स्थानीय सभासद से बच्चों की पढ़ाई जारी रखने और समय-समय पर उनकी स्थिति की जानकारी देते रहने को कहा।

## जुड़वा बच्चों के जन्म के बाद प्रसूता की मौत

**लखनऊ।** नगराम में घर में दो नन्हीं किलकारियां गूंजी थीं। मां की गोद जुड़वा बच्चों से भर गई थी। परिवार की आंखों में भविष्य के सपने थे और रक्षाबंधन का दिन खुशियों से सराबोर था, लेकिन इन खुशियों की उम्र महज 24 घंटे ही रही। बच्चों को जन्म देने वाली 24 वर्षीय मां दीपा की अचानक तबीयत बिगड़ी और लखनऊ ले जाते समय उसकी सांसें थम गईं। मां की मौत से बेखबर दोनों नवजात बच्चे अब भी अस्पताल में हैं, लेकिन उनके सिर से जन्म के अगले ही दिन मां का साया उठ चुका है। समेसी मजरा कंचनखेड़ा निवासी अरविंद धीमान के परिवार के लिए मंगलवार का दिन उम्मीदों से भरा था। उन्होंने पत्नी दीपा को प्रसव के लिए समेसी बाजार स्थित केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया। बुधवार को ऑपरेशन के बाद दीपा ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। घर में खुशियां लौट आईं लेकिन उनकी तो दुनिया ही उजड गयी।

## शराबियों का आरपीएफ टीम पर हमला

**लखनऊ।** सिटी स्टेशन के पास रेलवे लाइन किनारे बने खंडहर में शराब पी रहे युवकों को टोकना आरपीएफ टीम को भारी पड़ गया। शराब पीने से मना करने पर युवकों ने आरपीएफ के दरोगा और सिपाहियों से मारपीट हो गयी। हमलावरों ने फोन कर अपने कई साथियों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि युवकों ने आरपीएफ टीम पर पथराव कर दिया। इसमें एक सिपाही घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना 27 अगस्त की रात करीब 11 बजे की है।

## पोस्टमार्टम में महिला की हत्या की पुष्टि

**लखनऊ।** गोसाईंगंज क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किनारे झाड़ियों में बीते रविवार को मिले 50 वर्षीय अज्ञात महिला के शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम द्वारा किए गए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि मृतका के सिर के बीचों-बीच किसी भारी चीज से जोरदार वार किया गया था। वार इतना घातक था कि सिर की हड्डी टूट गई। इसी हेड इंजरी के चलते उसकी मौत हुई है। इसके अलावा पूरे शरीर पर लगभग एक दर्जन से अधिक जगहों पर चोट के निशान भी मिले हैं। पुलिस के अनुसार अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाली जा रही है। वहीं हत्यारों तक पहुंचने के लिए पुलिस पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का भी प्रयास कर रही है कि शव को वहां किस वाहन से लाकर फेंका गया। इस विषय में एसीपी गोसाईंगंज ऋषभ यादव का कहना है कि महिला की शिनाख्त के लिये सभी संभव प्रयास किये जा रहे है लेकिन अभी तक कोई आया नही है। न ही हुलिया के अनुसार किसी गुमशुदा का पता चल सका है।

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड मे मेरी जन्मतिथि 1.1.2002 अंकित है जोकि गलत दर्ज हो गई है। सही जन्मतिथि 20.11.2007 है। भविष्य मे मेरी जन्मतिथि 20.11.2007 मानी जाये। रानी बानो पुत्री इकबाल अहमद निवासी-म.नं. के/372, कटरा चंदना, थाना कोतवाली नगर, जिला बाराबंकी।

## मजदूरी मांगने पर पिटाई कर भगाया

**लखनऊ।** मलिहाबाद क्षेत्र में तीन महीने से पशुओं की देखरेख कर रहे मजदूर ने जब अपनी मजदूरी मांगी तो मालिक ने पैसे देने के बजाय उसकी पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी और गांव से भगा दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## किराना व्यवसायी के घर में लूटपाट, दंपति व बेटी घायल

**लखनऊ।** इंदिरानगर में किराना व्यवसायी के घर में घुसकर लूटपाट के दंपति व बेटी को घायल करने के मामले में फरार एक और बदमाश को इंदिरानगर पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सुरेश पासी उर्फ सुरेश रावत सीतापुर के रामपुर मथुरा स्थित रंजीतपुर का रहने वाला है। उसपर इंदिरानगर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। उक्त मामले में पूर्व में चार आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। वारदात में शामिल छठें बदमाश की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश सुरेश पासी पर लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर व बहराइच में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगेस्टर एक्ट के करीब 36 मामले दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वर्ष 2002 में उसने सीतापुर में एक युवक की हत्या की थी। उक्त मामले में वह जेल भी गया था। जेल से छूटकर आने के बाद वह साथियों संग चोरी, लूटपाट व अन्य अपराध करने लगा। इसके बाद 24 जुलाई की रात इंदिरानगर में अमराई गांव अपने साथियों के साथ किराना व्यवसायी उमेश चंद्र के घर में धावा बोला था। विरोध पर बदमाशों ने उमेश, उनकी पत्नी शांति व बेटी सीमा को घायल कर दिया था। उक्त मामले में बेटे दीपक ने इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। वारदात में शामिल उदयराज, विनोद वर्मा, फिरोज उर्फ बाबर उर्फ इम्तियाज उर्फ माथू और बिरजू उर्फ राजकुमार को जेल भेजा गया था। पुलिस ने छठें और आखिरी आरोपी दरबारी की तलाश में बेहटा कुर्सी रोड में छापेमारी की लेकिन वह फरार हो गया।

## बैंक मैनेजर की पत्नी का मंगलसूत्र दांत से काटकर चोरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पारा क्षेत्र स्थित बुद्धेश्वर मंदिर में दर्शन के दौरान महिला ने बैंक मैनेजर की पत्नी का मंगलसूत्र दांत से काटकर चोरी कर लिया। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि उन्हें इसकी भनक तक नहीं लगी। वह शिवलिंग पर जल चढ़ाती रहीं। मंगलसूत्र काटने वाली महिला भी उनके साथ ही गर्भगृह से बाहर निकली।

घटना बुधवार दिन में करीब 11.43 बजे की है। इसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में महिला पीछे से बैंक मैनेजर की पत्नी के गले से मंगलसूत्र काटती नजर आ रही है। बैंक मैनेजर ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस फुटेज के आधार पर संदिग्ध महिला की पहचान करने में जुटी है।

जानकीपुरम निवासी आशुतोष पांडेय एचडीएफसी बैंक में ब्रांच मैनेजर हैं। उनकी पत्नी ममता पांडेय बुधवार दोपहर बुद्धेश्वर मंदिर में दर्शन करने गई थीं। सावन में मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी। बैंक मैनेजर की पत्नी लाइन में आगे बढ़ते हुए गर्भगृह में पहुंचीं और पूजा करने लगीं। पूजा के दौरान जल चढ़ाने के लिए वह झुकीं, तभी दूसरी महिला ने भीड़ का फायदा उठाकर पीछे से उनके गले से मंगलसूत्र काटकर चोरी कर लिया। मंगलसूत्र चोरी होने की भनक तक मैनेजर की पत्नी को नहीं लगी। वह पूजा कर बाहर निकल गईं। आरोपी महिला भी उनके पीछे आराम से बाहर निकल गई। भीड़ से अलग होने के बाद उन्हें गले में कुछ कमी महसूस हुई तो मंगलसूत्र चोरी होने का पता चला। वह घर पहुंचीं और अपने पति को पूरी बात बताई।

इसके बाद पति ने ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हुई। मंदिर का सीसीटीवी निकलवाया। इसके बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। हालांकि, महिला की अभी पहचान नहीं हो सकी है।

**पहले भी हो चुकी हैं कई घटनाएं** : सावन माह में बुधवार को बुद्धेश्वर मंदिर में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं की बाइक, मोबाइल, पर्स, मंगलसूत्र और सोने की चेन चोरी होने की कई शिकायतें सामने आई हैं। गर्भगृह में हुई कुछ चोरियों की फुटेज भी सामने आई हैं। दरअसल, सोमवार की तरह बुधवार को भी बुद्धेश्वर महादेव के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और चोर इसी का फायदा उठाते हैं।

आलमबाग निवासी राम जी की सोने की चेन बुधवार को दर्शन के दौरान चोरी हो गई। 12 अगस्त को दुबग्गा निवासी निशा ने गर्भगृह के अंदर से सोने की चेन चोरी होने की शिकायत की थी। सत्यम सिटी निवासी गणेश कुमार चौबे की चेन गर्भगृह के पास से चोरी हुई।

अजगैन निवासी सरोजनी देवी और बीकेटी निवासी सोनम पाल ने भी चेन चोरी की शिकायत की। मानकनगर आरडीएसओ निवासी वीरू मौर्य का मोबाइल दर्शन के दौरान चोरी हो गया। 11 अगस्त को मानकनगर कनौसी निवासी आशा का थैला काटकर पर्स चोरी कर लिया गया। पर्स में करीब 1,500 रुपये, जरूरी दस्तावेज और सोने का लॉकेट था। बुद्धेश्वर निवासी रागिनी चौरसिया और फतेहगंज निवासी ममता यादव के पर्स चोरी होने की शिकायत भी सामने आई।

## खाड़ी देश में नौकरी का झांसा देकर 1.20 लाख ठगे

**लखनऊ।** ट्रेवेल एजेंसी खोलकर जालसाजों ने खाड़ी देश में नौकरी का झांसा देकर युवक से 1.20 लाख रुपये ऐंठ लिए। उसके बाद आरोपियों ने एयर टिकट व वीजा थमाकर मुंबई भेज दिया। एयरपोर्ट पर फर्जीवाड़े का पता चलने पर पीड़ित ने संपर्क कर रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने धमकाया। बहनोई ने चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। गोसाईंगंज के अमेठी स्थित कटरा बड़ा दरवाजा निवासी मोहम्मद उस्मान कुरैशी ने बताया कि साले मो. तौफ खाड़ी देश में नौकरी के लिए जाना चाहते थे। इसी दौरान उन्हें कमता स्थित एयर इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड एंड हमाद रिक्रूटमेंट इंटरनेशनल का पता चला। संपर्क करने पर अब्दुल मलिक, मोहम्मद जुबैर, अबू बकर इरशाद अहमद व अलीमुद्दीन से मुलाकात हुई। बातचीत में आरोपियों ने कतर और सऊदी अरब में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। ठगी का एहसास होने पर बहनोई मोहम्मद उस्मान कुरैशी ने चिनहट कोतवाली में अब्दुल मलिक, मैनेजर मोहम्मद जुबैर व डॉयरेक्टर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## किसान पर जानलेवा हमला

**लखनऊ।** मायापुरम कॉलोनी निवासी किसान जगदीश यादव ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब एक बजे वह बाइक से जा रहे थे। भट्ठे के सामने रास्ते में कुल्लू, छोटे लाल, मोनू धोबी और दो-तीन अन्य युवक नशे में खड़े होकर रास्ता रोके थे। हटने को कहने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगे और लाठी-डंडे व ईंट से हमला कर दिया। सिर में चोट लगने से जगदीश लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। आरोप है कि मरणासन्न समझकर हमलावर उनकी जेब से पांच हजार रुपये छीन ले गए और बाइक में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

## यात्रियों से अच्छा व्यवहार करें चालक व परिचालक : मंत्री

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम के अधिकारियों को आगामी त्योहार श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर परिवहन निगम की बसों को व्यवस्थित एवं सुदृढ़ संचालन के संबंध में निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि चालक, परिचालक यात्रियों से मृदुल व्यवहार करें। परिवहन मंत्री ने कहा कि वाहनों को निर्धारित 31 एवं 13 बिन्दुओं के मानक के अनुसार भौतिक एवं यांत्रिक परीक्षण कराया जाये तथा परीक्षण में पायी गयी कमियों का निराकरण, मरम्मत कार्य तत्काल कराना सुनिश्चित करें। फिटनेस की स्थिति में वाहनों का संचालन किया जाये। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि वाहनों को ऑन रोड स्थिति में रखते हुए शत प्रतिशत संचालन हेतु हमेशा तैयार रखा जाये।

निगम की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को परिवहन सुविधा के साथ ही बस अड्डों पर बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, सुलभ शौचालय की साफ सफाई आदि की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा बस स्टेशनों में स्थित शौचालयों के पास चूने का छिड़काव सुनिश्चित किया जाये।

परिवहन मंत्री ने कहा कि समस्त यात्रियों से मृदुल व्यवहार किये जाने हेतु समस्त चालकों, परिचालकों के साथ बस स्टेशनों पर तैनात समस्त स्टाफ को निर्देशित किया जाये तथा चालकों, परिचालकों को समय-समय पर यात्रियों से मृदुल व्यवहार किये जाने हेतु प्रशिक्षित भी किया जाये। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि व दिव्यांगजनों को आरिक्षत सीट उपलब्ध करायी जाये। प्रतिबन्धित वस्तुओं एवं ज्वलनशील पदार्थों का बसों में संचालन कदापि न हो। सभी चालक परिचालक डियूटी के दौरान अनिवार्य रूप से वर्दी में कार्यरत रहे। बस स्टेशनों पर उदघोषणा यंत्र हमेशा कियाशील स्थिति में रखा जाये। बसों में यात्रारत यात्री के साथ ले जाने वाले घरेलू सामान को निर्धारित मानक से अधिक भार होने पर नियामानुसार बुक करके ले जाया जाये।

## बिजली विभाग के सघन अभियान में 60 से अधिक परिसरों की जांच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारी बारिश को देखते हुए राजधानी में विद्युत सुरक्षा और राजस्व वसूली को लेकर बिजली विभाग ने शनिवार को कई क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। महानगर, गोमतीनगर और अमौसी क्षेत्रों में विद्युत उपकेंद्रों, फीडरों और उपभोक्ताओं के परिसरों की जांच की गई। इस दौरान बिजली पोल, स्टे वायर, फेंसिंग और ट्रांसफार्मरों में करंट उतरने की आशंका को देखते हुए प्रीवेंटिव जांच के साथ अनुरक्षण कार्य भी कराया गया।

महानगर क्षेत्र के फैजुल्लागंज उपकेंद्र के केशव नगर-2 फीडर के प्रीति नगर में झुके बिजली पोल को ठीक कराया गया। साथ ही ट्रांसफार्मर का अनुरक्षण और साफ-सफाई की गई। सुभाष पार्क/आईटीआई उपकेंद्र क्षेत्र में ट्रांसफार्मरों की सफाई, पेड़ों की टहनियों की कटाई-छंटाई और विद्युत लाइनों से बेल हटाने का काम हुआ। प्रियदर्शिनी उपकेंद्र के महाराजा अग्रसेन नगर क्षेत्र में भी पेड़ों की छंटाई, ट्रांसफार्मरों की सफाई और अनुरक्षण कराया गया। गोमतीनगर क्षेत्र में चिनहट और कमता उपकेंद्र के अंतर्गत रेड टीम ने 25 परिसरों की जांच की। दो उपभोक्ताओं को निर्धारित विधा के विपरीत बिजली का उपयोग करते पाया गया। दोनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं, सेक्टर-14 ओल्ड, चिनहट, एचएएल, विश्वासखंड, सेक्टर-5 और विभूति खंड उपकेंद्रों पर मेगा कैंप लगाए गए। 16 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 10 का मौके पर निस्तारण किया गया। एक अगस्त से 29 अगस्त तक 728 शिकायतों में से 717 का समाधान हो चुका है।

अमौसी क्षेत्र में सात स्थानों पर लगे कैंपों में 44 शिकायतें मिलीं, जिनमें 26 का तत्काल निस्तारण किया गया। इनमें मीटर बदलने, बिल संशोधन, मोबाइल नंबर अपडेट और नाम परिवर्तन जैसी शिकायतें शामिल थीं। इसके अलावा निगेटिव बैलेंस वाले चयनित फीडरों पर 35 कनेक्शनों की जांच में दो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते मिले। दोनों के खिलाफ धारा 135 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। विभाग ने अभियान लगातार जारी रखने की बात कही है।

## वीडियो वायरल कर युवती की शादी तुड़वाई

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के एक युवक ने अपनी बहन के निजी वीडियो को बिना अनुमति सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाने का आरोप लगाते हुए अज्ञात के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक उसकी बहन का विवाह एक युवक से तय हुआ था।

इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बहन के पूर्व परिचित युवक के साथ बातचीत से संबंधित निजी वीडियो और उसके बारे में आपत्तिजनक बातें इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया आईडी के जरिए विवाह से जुड़े लोगों के बीच प्रसारित कर दीं। जिससे उसकी बहन की सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हुई और तय हुआ वैवाहिक संबंध टूट गया। पीड़ित ने आशंका जताई कि किसी व्यक्ति ने जानबूझ कर यह करतूत करते हुए उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड और शेयर किया है। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करने के साथ साइबर सेल की मदद से वीडियो प्रसारित करने वाले आरोपी का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** ठाकुरगंज इलाके से दो सौ बोरी सीमेंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जीपीएस से लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों को मलिहाबाद के ईसापुर नजरनगर से पकड़ा। चोरी गई ट्रॉली, पूरा सीमेंट और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई है।

हरदोई के बघौली थाना क्षेत्र के महरी गांव निवासी विक्रम प्रताप सिंह ने 27 अगस्त को ठाकुरगंज थाने में सूचना दी थी कि आलमनगर में सीमेंट गोदाम के पास खड़ी उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली रात में चोरी हो गई। सूचना पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

## यूपीपीसीएल शीर्ष 10 राजस्व हानि वाले फीडरों पर करेगा फोकस

**बिजली कटौती होगी कम**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में बिजली चोरी और राजस्व हानि पर अंकुश लगाने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने अब फीडर स्तर पर निगरानी और कार्रवाई तेज कर दी है। क्लस्टर आधारित विशेष अभियान की सफलता के बाद प्रत्येक वितरण निगम के शीर्ष 10 उच्च राजस्व हानि वाले फीडरों को चिन्हित कर उन पर विशेष फोकस किया जा रहा है। प्रदेश के पांचों वितरण निगमों के कुल 50 फीडरों की नियमित समीक्षा की जा रही है। अभियान का उद्देश्य राजस्व संग्रह बढ़ाने के साथ एटीएंडसी हानियों में कमी, बेहतर बिलिंग, बकाया वसूली और उपभोक्ताओं को समयबद्ध विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराना है। पूर्व में चलाए गए क्लस्टर आधारित अभियान के तहत पांचों वितरण निगमों में 699 क्लस्टर और 372 विद्युत फीडर चिन्हित किए गए थे।

इन क्लस्टरों में करीब 42.21 लाख उपभोक्ता शामिल थे, जिनकी विद्युत खपत लगभग 1,637 करोड़ रुपये थी। यह प्रदेश के कुल विद्युत उपभोक्ताओं का करीब 11 प्रतिशत है। अभियान के दौरान लंबे समय से बिल का भुगतान नहीं करने वाले और बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके परिणामस्वरूप करीब 614.86 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि 77,050 नए विद्युत कनेक्शन भी जारी किए गए। अभियान के दौरान एटीएंडसी हानियों में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई।

केस्को में 30.06 प्रतिशत, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 23.11 प्रतिशत, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में 20.94 प्रतिशत, दक्षिणांचल में 9.54 प्रतिशत और पश्चिमांचल में 5.58 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई। अब इसी मॉडल के आधार पर शीर्ष 10 फीडरों पर फीडर स्तर से लेकर वितरण खंड और उच्च अधिकारियों तक नियमित निगरानी की जा रही है। इन क्षेत्रों में मीटरिंग, बिलिंग की गुणवत्ता, बकाया वसूली, राजस्व संग्रह और तकनीकी व वाणिज्यिक हानियों के कारणों का डेटा के आधार पर विश्लेषण किया जा रहा है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के शाहाबाद, गोंडा, सुलतानपुर, आंवला और बहेड़ी आदि क्षेत्रों में राजस्व हानि 47.73 करोड़ रुपये से घटकर 15.30 करोड़ रुपये रह गई। यानी 32.43 करोड़ रुपये अथवा 68 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई। केस्को के दादानगर, आलूमंडी, रतनपुर और कल्याणपुर फीडरों में भी राजस्व हानि 10.60 करोड़ से घटकर 4.46 करोड़ रुपये रह गई। दक्षिणांचल के चयनित फीडरों में राजस्व हानि 22.53 करोड़ से घटकर 17.89 करोड़ रुपये और पश्चिमांचल में 28.14 करोड़ से 19.96 करोड़ रुपये रह गई।

पूर्वांचल के चयनित फीडरों में भी हानि 44.24 करोड़ से घटकर 34.41 करोड़ रुपये हुई। यूपीपीसीएल का मानना है कि डेटा आधारित निगरानी और अधिकारियों की जवाबदेही तय होने से राजस्व संरक्षण को मजबूती मिलेगी। साथ ही बिजली वितरण व्यवस्था पारदर्शी, जवाबदेह और उपभोक्ता-केंद्रित बनाने में मदद मिलेगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नामः** 1. मण्डल इंजीनियर/सामान्य/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सीटीआर/पी 84.4 कि0मी0 तथा टीआरआर/पी 30.00 कि.मी. का कार्य। **ई–निविदा सूचना सं0:** एनईआर–बीएसबी–2026–123 **अनुमानित लागत (₹) :** 14,91,20,136/– **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹) :** 29,82,400/– **निविदा बंद होने की तिथिः** 22.09.2026 **स्वीकृत जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 18 माह। • निविदा सूचना संख्या एनईआर–बीएसबी–2026–123 दिनांक 22.09.2026 को 11:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)**
मुजाधि/डब्लू–307 **वाराणसी**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड, गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है:–

**निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम**

**क्रम सं.-01,** निविदा सूचना संख्याः LS-GD-2026-Hirect-2x130, कार्य का नामः "गोण्डा लोको शेड के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में लगे हाइरेक्ट (Hirect) मेक के SIV यूनिट (2x130 KVA) का 3 साल के लिये कॉम्प्रीहेंसिव AMC", अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 11,10,572.87, निविदा की अवधिः 36 माह, अग्रिम धनराशि (रू.में): ₹ 22,200/-, **क्रम सं.-02,** निविदा सूचना संख्याः LS-GD-2026-Medha-2x130, कार्य का नामः "गोण्डा लोको शेड के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में लगे मेधा (Medha) मेक SIV यूनिट्स (2x130 KVA) का 3 साल के लिये कॉम्प्रीहेंसिव AMC", अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 31,86,008.50, निविदा की अवधिः 36 माह, अग्रिम धनराशि (रू.में): ₹ 63,700/-,

• ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समयः 16-09-2026, 12:00 बजे। • इस ई-निविदा से संम्बंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्ते, रेलवे की वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा से संम्बंधित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**नोटः (1)** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। **(2)** विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें।

**मंविइं/टीआरएस, लोको शेड,**
मुजाधि/विद्युत-166 **गोण्डा**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# रक्षाबंधन पर्व : राखी बांधकर बहनों ने भाइयों से लिया रक्षा का वचन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शुक्रवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाई को तिलक लगाकर कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। स्नेह और प्यार की डोर बांध मुंह मीठा कराया। वहीं भाइयों ने अपनी सामर्थ्य अनुसार उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

लोगों ने अपने परिवार के साथ पार्कों में जाकर इस त्योहार का मजा लिया। अपने बहनों के यहां राखी बंधवाने के लिए बाहर से उनके भाई पहुंचे, तो बहनों ने भी अपने भाइयों के यहां जाकर राखी बांधी। बच्चों ने राखी का त्योहार मनाया। वहां रह रही छोटी लड़कियों ने अपने साथ के लड़कों को राखी बांधी। सुबह से ही सड़क पर निकलने वाले अधिकांश लोगों की कलाई पर राखी बंधी थी और माथे पर टीका लगा था। इस अवसर पर कुछ भाई-बहनों से बात की। इनमें से शिवांगी ने चहकते हुए कहा कि उसके भाई ने राखी बांधने पर उसे चॉकलेट दी है।

**महाकाल बाबा को बांधी राखी:** राजेन्द्रनगर स्थित महाकाल मन्दिर में शुक्रवार को राखी का पर्व मनाया गया। सुबह आरती के बाद भगवान भोलेनाथ को राखी बांधी। भक्तों ने भोलेनाथ को राखी बांध देश में शांति और कल्याण की कामना की। वहीं मनकामेश्वर मंदिर में भक्तों ने एक दूसरे को राखी बांधी।

**भाई-बहन के प्यार में घुलती है मिठास:** राखी बंधवाने वाले रवि ने कहा कि उसने गिफ्ट में अपनी बहन को कुछ रुपए और सूट दिया है। उनकी बहन सोवी ने कहा कि राखी भाई-बहन के प्यार को मजबूती देने वाला त्योहार है। मिठास बढ़ती है। इस अवसर पर तान्या का कहना था कि उनका भाई हमेशा राखी के दिन गिफ्ट नहीं देने पर अड़ जाता है। वे भी राखी नहीं बांधने पर अड़ जाती हैं। बाद में उनका भाई राखी बंधवा कर गिफ्ट दे ही देता है। यही तो भाई.बहन के प्यार को बढ़ाता है।

**मंदिरों में की पूजा-अर्चना:** बहुत सी महिलाओं ने भाइयों को राखी बांधने के पहले मंदिरों में जाकर भगवान को राखी अर्पित कर अपने और अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। रक्षाबंधन के दिन भी राखियों और मिठाइयों की बिक्री जारी रही। गुरुवार को मिठाइयों की रिकार्ड बिक्री हुई है। परंपरागत मिठाइयों के अलावा इस बार ब्रांडेड मिठाइयों की मांग ज्यादा रही। चाकलेट की जमकर बिक्री हुई। रक्षाबंधन पर बहनों ने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर उनके दीघार्यु होने की कामना की। भाइयों ने बहनों को यथाशक्ति दक्षिणा और उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन दिया। दिन भर मिठाइयों और राखी की दुकानों पर भीड़भाड़ रही।

**सोशल साइट ने मिटाई दूरियां:** रक्षा बंधन पर सोशल साइट्स ने शहर से बाहर या विदेश में रहने वाले भाईयों व बहनों की दूरियों को कम किया। सिंगापुर में रहने वाले वेदकांत त्रिपाठी को उनकी बहनों ने इलाहाबाद से राखी भेजी थी। उन्होंने रक्षाबंधन पर निर्धारित मुहुर्त में बहनों द्वारा भेजी राखियों को बांधा और उसकी फोटो वाट्सएप के जरिये शेयर की। अपनी बहनों से हजारों किलोमीटर दूर रहने वाले ऐसे हजारों भाईयों ने सोशल साइट्स के जरिये रक्षाबंधन सेलीब्रेट किया।

**जमकर शेयर की सेल्फी:** फेसबुक और वाट्सएप ने भाई-बहन के प्यार के पर्व को यादगार बनाया। लोगों ने बहनों के साथ जमकर सेल्फी ली और उसे फेसबुकए ट्वीटर व वाट्सएप पर शेयर किया। वहीं दिन भर रक्षाबंधन की बधाई देने का सिलसिला भी जारी रहा।

**दिन भर चली आवाजाही:** रक्षाबंधन पर्व के चलते आज पूरे दिन भाइयों और बहनों की आवाजाही चलती रही। अधिकांश भाई और बहन पहले से नहीं जा सके थे, लिहाजा वे आज ही भाई या बहन के घर पहुंचे और रक्षाबंधन का त्योहार मना कर वापस भी लौटे। इसके चलते ट्रेन, बस और अन्य यात्री वाहनों में आज पूरे दिन भारी भीड़ का माहौल बना रहा। ट्रेन हो या बस किसी में भी पूरे दिन पांव रखने को भी जगह नहीं मिल सकी। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन भी दिन भर यात्रियों से खचाखच भरे रहे। पुलिस द्वारा आज भी दिन भर सतर्कता बनाए रखी गई।

**रक्षाबंधन पर खूब बिके गिफ्ट और मिठाई:** इस बार भाई.बहन के पवित्र त्योहार रक्षाबंधन पर बाजार चमक गया। पिछले दो वर्षों की तुलना में इस बार दोगुना कारोबार हुआ और कपड़ा, राखी, मिठाई की बिक्री का आंकड़ा 250 करोड़ पार कर गया। वहीं राखियों की बिक्री ने भी पिछला रिकार्ड तोड़ दिया। व्यापारियों के मुताबिक लखनऊ में दो करोड़ की राखियां बिकी हैं। सबसे ज्यादा मांग लाइट, कार्टून और नग वाली राखियों की रही। मिठाई का कारोबार भी 200 करोड़ से अधिक का रहा। लखनऊ में शुक्रवार को बाजार दोपहर तक गुलजार रहा। अमीनाबाद, चौक, भूतनाथ मार्केट सहित अधिकांश बाजारों में रक्षाबंधन की दुकानें सजी थीं। आईटी चौराहा, निशातगंज पर लगी दुकानों पर महिलाएं राखी की खरीदारी करती दिखाई दीं।

**चांदी के पायल भी खूब बिकी :** इस बार आभूषणों की भी खूब बिक्री हुई। विशेष रूप से चांदी की चमक बढ़ी। आठ से नौ हजार रुपए तक के चांदी के ब्रेसलेट की बिक्री हुई जबकि चांदी के राखियां पांच सौ से पांच हजार रुपये के बीच बिकीं। चौक सराफा बाजार के महामंत्री विनोद महेश्वरी ने बताया कि कि रक्षा बंधन पर कारोबार पिछले दो वर्षों की अपेक्षा बेहतर रहा है राखी के होलसेल डीलर और रिटेल विक्रताओं के यहां से शुक्रवार दोपहर तक राखियां खूब बिकीं। राजधानी में राखियों का अनुमानित कारोबार करीब 2 करोड़ रुपये का हुआ है। वहीं रक्षाबंधन से पहले देर रात तक बाजारों में महिलाएं मेहंदी लगवाने पहुंचीं।

## जिला कारागार में बंद भाइयों की कलाई पर बहनों ने बांधी राखी

**रक्षाबंधन को लेकर जेल प्रशासन ने आने वाली बहनों को कोई असुविधा न हो किये व्यापक इंतजाम**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईंगंज स्थित जिला कारागार लखनऊ में रक्षाबंधन के अवसर पर सैकड़ों बहनें अपने जेल में बंद भाइयों को राखी बांधने पहुंचीं। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनकी जल्द रिहाई व लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान कई भाइयों ने भविष्य में अपराध से दूर रहने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर जिला जेल प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं की थीं। जेल के मुख्य द्वार के बाहर एक हेल्प डेस्क स्थापित की गई थी, ताकि बाहर से आने वाली बहनों को मुलाकात प्रक्रिया में कोई असुविधा न हो। हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारियों ने बहनों को टोकन, पर्ची और मुलाकात संबंधी जानकारी प्रदान की। भीषण गर्मी और उमस को देखते हुए, कारागार प्रशासन ने मुलाकातियों के लिए मिष्ठान, स्वच्छ पेयजल और कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था की। लंबी कतारों में खड़ी बहनों को धूप से बचाने के लिए टेंट लगाए गए थे और बैठने की उचित व्यवस्था भी की गई थी। आपातकालीन चिकित्सीय स्थितियों से निपटने के लिए जेल परिसर में एक मेडिकल डेस्क भी स्थापित की गई थी। इस डेस्क पर डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ तैनात थे, जिन्हें चक्कर, घबराहट या रक्तचाप संबंधी समस्याओं पर तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ जेल अधीक्षक आर.के. जायसवाल, जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी सहित समस्त कारागार कर्मियों ने अहम भूमिका निभाई और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया। जेल अधीक्षक आरके जायसवाल के अनुसार रक्षाबंधन के अवसर पर कुल 1689 पुरुष बंदियों को 3491 महिलाओं ने राखी बांधी, वहीं 1021 बच्चों ने भी अपने परिजनों से मुलाकात की। जेल परिसर के बाहर दिनभर रक्षाबंधन की रौनक और भावुक क्षण देखने को मिले।



**जेल प्रशासन की ओर से निःशुल्क व्यवस्था:** जेल प्रशासन ने उन बहनों के लिए भी विशेष व्यवस्था की, जो किसी कारणवश राखी, रोली, अक्षत और मिठाई साथ नहीं ला पाई थीं। ऐसी सभी बहनों को कारागार प्रशासन की ओर से निःशुल्क राखी पूजन सामग्री उपलब्ध कराई गई।

**हेल्प डेस्क पर की राखी और मिष्ठान की व्यवस्था:** जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी के मुताबिक जेल प्रशासन की ओर से हेल्प डेस्क पर राखी के साथ ही मिष्ठान की निशुल्क व्यवस्था की गई थी ।ताकि जल्दबाजी में जेल पहुँचने वाली महिलाओं को राखी और मिष्ठान के लिए भटकना न पड़े ।राखी बांधने के बाद जेल से बाहर निकलने पर महिलाओं और बच्चों के लिए जलपान का विशेष इंतजाम किया गया था ।जिसमें मिठाई कोल्डड्रिंक आदि की व्यवस्था की गई थी।






# इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से मना बलराम पूर्णिमा महा महोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अंतराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर, लखनऊ में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी शुक्रवार को श्री बलराम पूर्णिमा महा महोत्सव धूम-धाम से मनाया गया। इस्कॉन मंदिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने बलराम पूर्णिमा महोत्सव के विषय में बताया कि केवल श्रीकृष्ण ही भगवान है, वह सेवा लेते हैं, बाकी सभी सेवा करते हैं। यदि हम भगवान की सेवा करना चाहते हैं तो हमें निश्चित रूप से बलराम जी का सहारा लेना पड़ेगा। गुरू के माध्यम से ही सेवा की जा सकती है और बलराम जी आदि गुरू है, वह सभी के गुरू हैं।

बलराम जी 05 रसों में भगवान की सेवा शांत भाव (रस), दास्य भाव, सांख्य भाव, वात्सल्य भाव एवं माधुर्य भाव में करते हैं। प्रभु जी ने अपनी कथा में बताया कि हमे भगवान के जन्म के बारे में जानना चाहिए, बलराम जी का आविर्भाव अत्यन्त रहस्यपूर्ण है, यह हमें जानना चाहिए। यदि हम चाहते हैं कि हमारे हृदय में भगवान का आविर्भाव हो तो हमें अपने हृदय से 06 अनर्थो को समाप्त करना पड़ेगा। यह हैं काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद एवं मत्सर्य और यह सिर्फ गुरू की शरणागति से ही संभव हो सकता है। श्री बलराम जी अनंत ब्रह्मण्डों का भार ग्रहण कर भगवान की सेवा करते हैं, श्री बलराम जी सम्पूर्ण ब्रह्मण्डो में एक चौथाई आध्यात्मिक जगत के पालन कर्ता हैं अर्थात वे ही गुरु तत्व हैं अंत में प्रभु जी ने बताया की श्री बलराम जी की कृपा के बगैर भगवान की भक्ति नहीं हो सकती उनकी कृपा के बगैर कोई भी कृष्ण प्रेम प्राप्त नहीं कर सकता क्योंकि श्री बलराम जी निरंतर भगवान श्रीकृष्ण की सेवा में रत रहते हैं। अंत में प्रभु जी ने सभी भक्तों से निवेदन किया वे सभी हरे कृष्ण महामंत्र का निरंतर जप करें और श्री बलराम जी की कृपा प्राप्त करें। आज के महा महोत्सव का प्रारम्भ मन्दिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने अभिषेक कर किया, उपस्थित सभी भक्तों ने बड़े उमंग के साथ क्रमशः विशेष आरती, कीर्तन, नृत्य, कथा महात्म्य का आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत मे सभी उपस्थित भक्तों ने स्वादिष्ट एकादशी प्रसाद ग्रहण किया।

# रक्षाबंधन पर्व पर लोगों ने लिया मुनियों की रक्षा का वचन






**आशियाना जैन मंदिर में भगवान श्रेयांसनाथ का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से मनाया गया**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे वषायोग के दौरान रक्षाबंधन पर्व श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूज्य मुनि उपाध्याय 108 श्री वीहसंत सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि रक्षाबंधन पर्व केवल बहन-भाई के रिश्ते में रक्षा का संकल्प लेने का पर्व नहीं है, बल्कि यह सभी की रक्षा का संकल्प लेने का पर्व है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बहन, अपनी मां, भाई-बहन, मित्र, समाज और राष्ट्र की रक्षा का नियम लेना चाहिए। जब हम दूसरों की रक्षा और उनके सम्मान की जिम्मेदारी लेने का संकल्प करते हैं, तभी रक्षाबंधन पर्व वास्तव में सार्थक होता है।

इसी अवसर पर जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में से 11वें तीर्थंकर भगवान श्रेयांसनाथ जी का मोक्ष कल्याणक भी बड़े धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के समक्ष भक्तिपूर्वक 11 किलो का लड्डू अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने पूज्य मुनि श्री की पीछी में रक्षा सूत्र बांधा तथा एक-दूसरे को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति एवं धार्मिक उत्साह का वातावरण रहा।

**251 जोड़ों ने एक साथ किया आचार्य सुबल सागर महाराज का 'पड़गाहन' :** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर स्थित जैन मंदिर में एक अलौकिक और ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिला। यहाँ चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज एवं उनके संघ की आहार चर्या हेतु 251 सौभाग्यशाली दंपतियों ने एक साथ गुरुदेव का 'पड़गाहन' (आहार दान हेतु निमंत्रण व आगवानी) कर मुनि संघ को आहार दान समर्पित किया। जैन समाज के महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि जैन परंपरा में रक्षाबंधन पर्व का विशेष धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व है। इसी दिन महामुनि विष्णु कुमार ने उपसर्ग दूर कर आचार्य अकंपन देव सहित 700 दिगंबर मुनियों के प्राणों की रक्षा की थी। इस पवित्र स्मृति में जैन धर्मावलंबी मुनिराजों को आहार दान देकर महापुण्य का अर्जन करते हैं। आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि रक्षाबंधन केवल सूत्र बांधने का पर्व नहीं, बल्कि आत्म-रक्षा और वात्सल्य भाव का प्रतीक है। महामुनि विष्णु कुमार जी ने 700 दिगंबर मुनियों के उपसर्ग को दूर करके संपूर्ण जैन शासन के प्रभावना की रक्षा की थी। असली रक्षाबंधन तब सार्थक है जब हम अपने संयम, संस्कृति और धर्म की रक्षा करें। आहार दान देने से जीव को महापुण्य की प्राप्ति होती है और जीवन में त्याग, भक्ति तथा समर्पण का भाव जागृत होता है। आज के दिन दिया गया संयमित दान और वात्सल्य भाव ही आत्मा का सच्चा कल्याण करता है। इस मौके पर अनुरोध जैन, पीके जैन, मनीषा जैन, शिप्रा जैन, रीता जैन, सुदीप जैन, आयुष, दिव्य, संजीव, बाईजी आदि उपस्थित रहे।

# कजरी तीज कल, सुहाग के लिए महिलाएं रखेंगी व्रत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कजरी तीज हिंदू धर्म के प्रमुख व्रत-त्योहारों में से एक है, जिसे सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, सुखी वैवाहिक जीवन और परिवार की खुशहाली के लिए श्रद्धापूर्वक मनाती हैं। यह पर्व सावन के बाद आने वाले भाद्रपद कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं निर्जला या फलाहार व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। मान्यता है कि कजरी तीज का व्रत दांपत्य जीवन में प्रेम और सुख-समृद्धि बढ़ाने वाला होता है। इस साल कजरी तीज 31 अगस्त को मनाई जाएगी।

**कजरी तीज पूजा का शुभ मुहूर्त :** वैदिक पंचांग के अनुसार इस दिन अभिजीत मुहूर्त दोपहर में 11:56 ए एम से 12:47 पी एम तक है। इस बीच में पूजा- अर्चना कर सकते हैं।

**कजरी तीज का धार्मिक महत्व:** कजरी तीज पर महिलाएं व्रत रखती हैं, माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा करती हैं। साथ ही कथा सुनती हैं। कई स्थानों पर इस दिन झूला झूलने, कजरी गीत गाने और सुहाग की वस्तुओं का दान करने की भी परंपरा है। मान्यताओं के अनुसार, भोलेनाथ को पति रूप में प्राप्त करने के लिए देवी पार्वती ने कठोर तपस्या की थी और साथ ही, कजरी तीज का व्रत भी किया था। यही कारण है कि कुंवारी कन्याएं भी अच्छे वर की कामना से यह व्रत करती हैं। इस दिन सोलह श्रृंगार करने का भी खास महत्व बताया गया है और शाम को चंद्रमा को अर्घ्य दिया जाता है।

**कजरी तीज की पूजन विधि:** कजरी तीज के दिन व्रती महिलाएं सुबह स्नानादि के बाद नए या साफ वस्त्र पहनें. फिर व्रत का संकल्प लें. इसके बाद पूजा की तैयारी शुरू करें. सबसे पहले स्थानीय परंपरा के अनुसार, मिट्टी और गोबर से तालाब के आकार की आकृति बनाई जाती है और उसके पास नीम की डाली स्थापित कर उसे नीमड़ी माता के रूप में पूजा जाता है. इसके बाद भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन किया जाता है. भगवान के समक्ष रोली, अक्षत, मेहंदी, फल-फूल, मिठाई, वस्त्र और सुहाग से जुड़ी सामग्री रखी जाती है. अलग-अलग क्षेत्रों में पूजा की विधि में कुछ स्थानीय परंपराएं भी जुड़ी हो सकती हैं. कई जगहों पर फल और मिठाई की जगह सत्तू से बने भोग अर्पित किए जाते हैं।

**रात में चंद्रमा को अर्घ्य:** कजरी तीज की पूजा में रात के समय चंद्र दर्शन का भी विशेष महत्व बताया गया है. शाम के समय चंद्रमा दिखाई देने के बाद जल में थोड़ा सा दूध, रोली और अक्षत मिलाकर उन्हें अर्घ्य दिया जाता है. इसके बाद व्रत कथा पढ़ी या सुनी जाती है. इसके बाद ही यह व्रत संपन्न माना जाता है।

# फैमिली ड्रामा की झलक दिखाता है शो हमारी भाभी नंबर 1

**लखनऊ।** दंगल टीवी अपना नया ओरिजिनल शो, हमारी भाभी नंबर 1 अपने दर्शकों तक पहुँचाने के लिए तैयार है, जो भगवान कृष्ण की धरती, गुजरात के द्वारका के कल्चरल रूप से रिच बैकग्राउंड पर बनाया गया है। इसके प्रोमो को पहले ही ऑडियंस से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है, जो एक दिल को छू लेने वाले लेकिन दिलचस्प फैमिली ड्रामा की झलक दिखाता है। शो में साहिल बलानी लक्ष्य के रोल में हैं, जिसे प्यार से लालो के नाम से जाना जाता है, एक छोटा लड़का जिसे उसकी भाभी माँ, बंसरी, जिसका रोल सोनल खिलवानी ने किया है, ने प्यार से पाला है। उसके लिए, लालो सिर्फ उसका देवर नहीं है; वह उसके अपने बच्चे जैसा है और एक आशीर्वाद है जिसके लिए वह कान्हा जी की शुक्रगुजार है। प्रोमो में तन्वी सावंत द्वारा निभाए जा रहे मुस्कान के रोल में आने से एक अनचाहा मोड़ आता है, जो एक रहस्यमयी 'लुटेरी दुल्हन' है जिसके इरादे वैसे नहीं हैं जैसे दिखते हैं। मुस्कान असल में क्या राज छिपा रही है? क्या बंसरी उसका सच सामने ला पाएगी? और क्या वह अपनी प्यारे देवर लालो की रक्षा कर पाएगी? परिवार, विश्वास, भावनाओं और रहस्य के साथ, हमारी भाभी नंबर 1 दंगल टीवी के दर्शकों के लिए एक दिलचस्प और मनोरंजक नया चैप्टर लाने का वादा करता है।

# टीवी शो 'क्राइम पेट्रोल' होस्ट करेंगे अजय देवगन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सोनी टीवी का पॉपुलर क्राइम शो 'क्राइम पेट्रोल' लंबे समय बाद अपने नए सीजन 'क्राइम पेट्रोलः क्राइम का करेंट' के साथ वापसी कर रहा है। इस बार शो में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन शो की होस्टिंग की कमान संभालेंगे। उन्होंने लंबे समय तक शो को होस्ट करने वाले अनूप सोनी को रिप्लेस किया है। क्राइम पेट्रोल' का प्रोमो रिलीज हो गया है, जिसमें अजय देवगन समाज की अपराधिक स्थितियों पर बात करते नजर आ रहे हैं, उन्होंने कहा, 'बचपन में हमें सिखाया जाता है अजनबियों से बचकर रहना, रात को घर का ताला लगाना, लेकिन अब जो हो रहा है और ऐसे बहुत सारे केसेस हैं, जुर्म करने वाला कोई अनजान नहीं... अपना होता है. जिन्हें हमारे घर का रास्ता भी पता होता है, कभी-कभार चाबी भी होती है और डाइनिंग टेबल पर कुर्सी भी। मतलब कई केसेस में अपना ही खून. इट्स शॉकिंग। उन्होंने आगे कहा, 'इस बार क्राइम पेट्रोल में हम ऐसे केसेस सामने लाना चाह रहे हैं जिन्होंने देश को हिला दिया. हमें घबराना नहीं है, हमें समझना है क्योंकि ये आज हो रहा है। ऐसे ही कुछ केसेस में मैं रहूंगा आपके साथ।' मेकर्स ने प्रोमो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'इस बार मैं रहूंगा आपके साथ।' अपराध की सच्ची घटनाओं पर आधारित शो 'क्राइम पेट्रोल' का टेलीकास्ट 31 अगस्त 2026 से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा. दर्शक इसे सोनी लिव पर भी स्ट्रीम कर सकेंगे। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, शो के पहले 15 एपिसोड की शूटिंग पूरी हो चुकी है. बता दें कि 'क्राइम पेट्रोल' के नए सीजन के साथ अजय देवगन छोटे पर्दे पर अपना होस्टिंग डेब्यू करने जा रहे हैं। गौरतलब है कि अनूप सोनी कई सालों तक 'क्राइम पेट्रोल' को होस्ट करते नजर आए हैं. उन्होंने 2010 से 2018 तक इस शो की कमान संभाली थी। इस दौरान शो में बोला जाने वाला उनका 'सावधान रहें, सतर्क रहें' डायलॉग भी काफी पसंद किया गया। अब इतने लंबे समय बाद अजय देवगन उनकी जगह शो को होस्ट करते दिखेंगे। उनके लिए ये एक नई और बड़ी जिम्मेदारी होगी।

# छात्र मेहनत कर अनुशासित जीवन जीयें: कुलपति




जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शनिवार को पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर के मेजर ध्यानचन्द क्रीड़ा संकुल में हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द की जयन्ती मनायी गय क्रीड़ा संकुल में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह द्वारा मेजर ध्यानचन्द की चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की।

कुलपति ने अपने संबोधन में उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाया कि नियमित रूप से खेल में भाग लेगें तथा फिट इण्डिया कार्यक्रम के तहत और लोगों को भी नियमित रूप से खेल तथा योगाभ्यास के लिए प्रेरित करेंगें। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय को देश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में स्थापित करना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने खेल कौशल को और बेहतर बनाने के लिए छात्रों को प्रेरित करते हुए कड़ी मेहनत और अनुशासित जीवन, खेल भावना का ध्यान रखने का संदेश दिया। बैडमिन्टन पुरूष एवं महिला, योगाभ्यास पुरूष एवं महिला, रस्साकसी पुरूष एवं महिला की प्रतियोगितायें सम्पन्न करायी गयी, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, अधिकारी और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## माकू यूनियन के बैनर तले श्रमिकों की बैठक संपन्न

मीरजापुर। निर्माण श्रमिकों की एक बैठक मिजापुर असंगठित कामगार यूनियन के बैनर तले, फतहाँ स्थित कार्यालय परिसर में सम्पन्न हुई। साधारण सभा बैठक की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष राजेश दूबे व संचालन संजय कुमार ने किया। पूर्व सूचना के अनुसार इस बैठक का आयोजन प्रचार मंत्री राजकुमार द्वारा यूनियन के मंडलीय कार्यालय फतहाँ में आयोजित की गई थी। बैठक में निर्माण श्रमिकों से संबंधित सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं निर्माण श्रमिकों की समस्या व श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा पर चर्चा हुई। संयुक्त मंत्री श्रीमती सविता सरोज ने बताया कि कैलेंडर वर्ष की यह दूसरी बैठक है जिसमें कार्यकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारी के अलावा यूनियन के साधारण सदस्य एवं गैर सदस्य निर्माण श्रमिक भाग लेते हैं। सदस्य दिलीप गौड़ ने बताया कि यूनियन की तरफ से उपस्थित समस्त निर्माण एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को मिठाई खिलाकर रक्षा बंधन की बधाई दी गई। आजाद विश्वकर्मा द्वारा बताया गया कि सभा में निर्माण श्रमिकों की समस्याएं और सरकार द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजना की जानकारी महामंत्री मंगल तिवारी द्वारा उपस्थित श्रमिकों व कामगारों को दी गई। मानसिंह यादव द्वारा बताया कि मिजापुर असंगठित कामगार यूनियन द्वारा निर्माण श्रमिकों एवं अन्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों को जागरूक करने तथा आपस में सौहार्दपूर्ण भाव से संगठित होकर राष्ट्रहित में श्रम करने के लिए प्रेरित किया जाता है। बैठक में पूर्व निर्धारित विषयों पर भी चर्चा हुई। आम सभा (साधारण सभा) की बैठक में असंगठित क्षेत्र के निर्माण श्रमिकों, मजदूरों ने अपनी-अपनी बातें रखी और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ दिलाए जाने की मांग की। बैठक में माकू यूनियन के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक साथी मौजूद रहे।

## विवि में फिर 6 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को समय पर पूरा करने और छात्र हित को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। कुलपति प्रोफेसर आरके सिंह के आदेशानुसार, विश्वविद्यालय में पूर्व की व्यवस्था को बहाल करते हुए 06 दिवसीय कार्य सप्ताह तत्काल प्रभाव से पुनः लागू कर दिया गया है। कुलसचिव के द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब विश्वविद्यालय के शिक्षण कार्य और कार्यालय प्रातः 10 बजे से चलेंगे। इसके साथ ही कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए भोजन मध्यावकाश का समय अपराह्न 1:30 बजे से 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। आगामी सत्र के पठन-पाठन और परीक्षाओं को समय पर संपन्न कराने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। इससे पहले 16 मई को जारी किए गए पुराने आदेश को अब इस नए आदेश की सीमा तक संशोधित माना जाएगा।

## मोहम्मद मुस्तफा ने सबको बराबरी से देखा

जौनपुर। नमाजे जुमा शिया जामा मस्जिद नवाब बाग में पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा व हजरत इमाम जाफर सादिक की विलादत 17 रबीउल अव्वल की मुनासिबत से महफिल व मिलादे मासूमीन का इन्नेकाद किया गया महफिल की शुरूआत मोहम्मद समद खां ने तिलावते कुराने मजीद से किया महफिल को खिताब करते हुए मौलाना महफूजुल हसन खां ने कहा कि पैग़म्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद ने एक ऐसे समाज की तश्कील की जिसमें सबको बराबरी की निगाह से देखा जाए मौलाना ने पैग़म्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा की सीरत पर रोशनी डाली और इमाम जाफर सादिक के फजायल ब्यान किए महफिल में हुसैन अब्बास जौनपुरी, अनवर जौनपुरी, हसरत जौनपुरी, वसीम जौनपुरी, मुश्ताक जौनपुरी, तालिब रजा शकील एडवोकेट, अफरोज जौनपुरी, मोहम्मद शफी, इश्तेयाक सलमानी ने कसीदा खानी की। सैय्यद असलम नकवी ने महफिल की निजामत किया। मस्जिद के मुतवल्ली, समाजसेवी शेख अली मंजर डेजी ने इस मौके पर कौम व देश की अमनो खुशहाली के लिए दुआ की। महफिल में डाक्टर हाशिम खां, सैय्यद मेराज हैदर, तहसीन अब्बास सोनी, नासिर रजा गुड्डू, मिर्जा कौसर, अहमद केयर टेकर इत्यादि मौजूद थे।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान से हरा-भरा हुआ राजीव गांधी दक्षिणी परिसर

मीरजापुर। पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा प्रकृति के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काशी हिंदू विश्वविद्यालय के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, मिर्जापुर में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय और मिर्जापुर जिला प्रशासन की संयुक्त पहल के तहत परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 8,000 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर डॉ. बी.एम.एन. कुमार, परिसर प्रभारी, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, काशी हिंदू विश्वविद्यालय तथा डॉ. अमित राज गुप्ता, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय तथा जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया।

जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम के लिए आवश्यक पौधों एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था की गई। विश्वविद्यालय परिसर को हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के पौधे परिसर के उपयुक्त स्थानों पर लगाए गए। कार्यक्रम के सफल समन्वय एवं संचालन में राष्ट्रीय सेवा योजना, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सौरभ करुणामय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। वृहद पौधरोपण अभियान से परिसर में जैव विविधता के संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी, मृदा एवं जल संरक्षण तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति काशी हिंदू विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करने के साथ-साथ विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के बीच सार्थक समन्वय और संस्थागत सहयोग की एक अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत की। डॉ. राहुल कदम, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. दिपान्विता भट्टाचार्य, डॉ. अर्चना महापात्रा, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. मुकेश भारती, डॉ. पवन यादव, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. अंशुमान, डॉ. तुलसीरामन, डॉ. कृति मंडल एवं डॉ. विपिन मौर्य पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## ऑपरेटर को धमकी देकर बाइक तोड़ी

जौनपुर। जलालपुर क्षेत्र के हौज टोल प्लाजा के पास स्थित ब्रह्मबाबा जल निगम पानी टैंकी के ऑपरेटर को हौज गांव का ही एक युवक धमकी दिया साथ ही उसकी बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। ऑपरेटर रतन सिंह परमार का कहना है कि जल निगम की टैंकी के संचालन के लिए जहां से विद्युत आपूर्ति हो रही थी वहां से कुछ लोगों ने अवैध रूप से केबल से बिजली खींचकर हाइवे के पटरी पर अपनी दुकान में बिजली का उपयोग कर रहे थे उन अवैध कनेक्शनधारियों की बिजली विभाग के जेई ने कनेक्शन काट दिया उनका केबल उठा ले गए इसी बात से बौखला कर हौज गांव के एक युवक ने उनकी बाइक रूकवाकर गालियां व धमकी दिया उसके बाद बाइक को गिरा कर उसमें भी तोड़फोड़ किया। थानाप्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि उनकी ऑनलाइन तहरीर के आधार पर आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस को भेजा गया है दोनों पक्षों को बुलवाया गया है जिससे मामले की पूरी जानकारी हो सके।

## गड्ढे भरे नहीं, गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए फिर सड़कें खोदी

जौनपुर। नगर क्षेत्र में विकास कार्यों के नाम पर सड़कों की खोदाई अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। पहले सीवर लाइन बिछाने के लिए कालोनियों और मोहल्लों की सड़कों को जगह-जगह खोदा गया और कई स्थानों पर खोदी गई सड़कों की मरम्मत आज तक पूरी तरह नहीं हो सकी। अब गैस पाइपलाइन बिछाने वाली एजेंसी ने रही-सही कसर पूरी कर दी है। हुसेनाबाद मोहल्ले में करीब एक सप्ताह से दर्जनों स्थानों पर सड़क खोदकर गैस पाइपलाइन बिछाई जा रही है, लेकिन काम पूरा होने के बाद गड्ढों को पाटने की जहमत नहीं उठाई गई। इससे पूरे मोहल्ले में आवाजाही मुश्किल हो गई है और लोगों के सामने हर समय हादसे का खतरा मंडरा रहा है। मोहल्ले में पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क के किनारे और कई स्थानों पर बीच सड़क तक खोदाई कर दी गई।

पाइप डालने के बाद भी इन गड्ढों को व्यवस्थित तरीके से भरकर सड़क को पहले जैसी स्थिति में नहीं लाया गया। कहीं गहरे गड्ढे हैं तो कहीं खोदी गई मिट्टी और मलबा सड़क पर फैला हुआ है। इससे दोपहिया वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वालों को भी काफी परेशानी हो रही है। दिन में किसी तरह गड्ढों को देखकर लोग बचकर निकल जाते हैं, लेकिन रात के समय स्थिति और खतरनाक हो जाती है। कई स्थानों पर गड्ढें और खोदी गई सड़क को लेकर पर्याप्त संकेतक अथवा सुरक्षा व्यवस्था नजर नहीं आने से राहगीरों के गिरने की आशंका बनी रहती है। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों, बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है।

## सात्विक वृत्तियों के साथ ही सत्संग संभवः मदन मोहन

बदलापुर/जौनपुर। बदलापुर के घनश्यामपुर बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव में वाराणसी से आए मानस कोविद डॉ. मदन मोहन मिश्र ने शनिवार को प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि सात्विक वृत्तियों के साथ ही सत्संग संभव है। तामसी वृत्तियों के संग को कुसंग बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है, इसलिए इससे बचकर सत्संग करना चाहिए।

डॉ. मिश्र ने सती द्वारा सीता का वेष धारण करने का प्रसंग भी सुनाया। उन्होंने बताया कि सती ने सीता का रूप तो धारण कर लिया, लेकिन उनके आचरण को नहीं अपना पाईं। वास्तविक सीता भगवान राम के पीछे चलती थीं, जबकि सीता बनीं सती उनके आगे चलने लगीं। इस प्रसंग के माध्यम से कहा कि नकल करने के लिए भी बुद्धि की आवश्यकता होती है। उन्होंने दक्ष के यज्ञ का उदाहरण देते हुए समझाया कि वह इसलिए पूर्ण नहीं हो सका, क्योंकि उसमें यज्ञ के स्वरूप भगवान विष्णु, यज्ञ की विधि के प्रतीक ब्रह्मा और विश्वास के प्रतीक भगवान शंकर अनुपस्थित थे। डॉ. मिश्र ने श्रोताओं को यह सलाह भी दी कि ऐसे स्थान पर जाने से बचना चाहिए, जहाँ विवाद की संभावना हो। धर्मेंद्र शुक्ल ने भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूर्व प्रधान राम जियावन तिवारी ने स्वागत भाषण दिया, जबकि कार्यक्रम का संचालन भी धर्मेंद्र शुक्ल ने किया।



## बरिश से बरामदा ढहा, बाल-बाल बचे लोग



जिला संवाददाता

जौनपुर। मीरगंज क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण अगहुआ गांव में एक कच्चे मकान का बरामदा अचानक ढह गया।

हादसे के समय बरामदे में कोई मौजूद नहीं था, जिससे परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए। हालांकि, बरामदा गिरने से उसमें रखा खाद्य पदार्थ और घरेलू उपयोग का अन्य सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। अगहुआ गांव निवासी विजय कुमार बेनबंशी का कच्चा मकान है। पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण मकान का बरामदा कमजोर हो गया था।

शनिवार को बरामदा अचानक भरभराकर ढह गया। बरामदे के मलबे में वहां रखा घरेलू सामान और खाद्य सामग्री दब गई। घटना के बाद बेनबंशी परिवार के सामने रहने और बचे हुए सामान को सुरक्षित रखने की समस्या खड़ी हो गई है। बरामदा गिरने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और परिवार की मदद की।

## दीवार गिरने से मलवे में दबकर 10 बकरियों की मौत

जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। यहाँ के पौनी गांव में अचानक एक कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। इस हादसे के वक्त दीवार के पास बंधी 6 बकरियां मलबे में दब गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मिट्टी की दीवार थी जो कमजोर होने के कारण अचानक ढह गई पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान ग्रामीण इलाकों में अक्सर बकरियां और मवेशी ही गरीब परिवारों की आजीविका और जमा पूंजी का मुख्य साधन होते हैं। एक साथ छह बकरियों की मौत हो जाने से पीड़ित कमलेश के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और उन्हें बड़ा आर्थिक झटका लगा है। रोते-बिलखते पीड़ित परिवार ने शासन-प्रशासन से इस भारी नुकसान के मुआवजे की गुहार लगाई है।

## रक्षा सूत्र वितरण, बेटियों की सुरक्षा का लिया संकल्प

जौनपुर। रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर बेटी स्वावलंबन सुरक्षा समिति द्वारा निःशुल्क रक्षा सूत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन के प्रति समाज को जागरूक करना रहा। अध्यक्षता चेयरमैन डी.के. अग्रवाल ने की। इस अवसर पर रोहित चौबे, अखिलेश सिंह, राजकुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि बेटियों को सुरक्षित वातावरण देने के साथ उन्हें शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। रक्षाबंधन के अवसर पर रक्षा सूत्र बांधकर बेटियों की सुरक्षा एवं सम्मान का संकल्प लिया गया समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था लगातार बेटियों के अधिकार, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए जागरूकता अभियान चलाती रहेगी। सचिव चंद्रावती निगम, उपसचिव मृदुला श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष अमृता सिंह, प्रदेश मंत्री शीलम विश्वकर्मा, जिला संगठन मंत्री पुष्पा प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष सत्यम मौर्य, जिला उपसचिव शशि तिवारी, प्रदेश प्रभारी गुड़िया शर्मा एवं जिलाध्यक्ष रेनू भारती आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज में स्वामी नारायण मंदिर में मकान ढहा, कोई हताहत नहीं

प्रयागराज। प्रयागराज नगर के जॉर्ज टाउन थाना अंतर्गत केपी कॉलेज के सामने स्थित स्वामी नारायण मंदिर परिसर में तीन मंजिला इमारत शुक्रवार रात ढह गई। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्वामी नारायण मंदिर के कोठारी कमलेश भगत के मुताबिक, इस भवन के पीछे एक भवन का निर्माण किया जा रहा था जिसके लिए खोदे गए गड्ढे में काफी समय से पानी भरा था इससे तीन मंजिला मकान की नीव कमजोर पड़ गई थी। उन्होंने बताया कि कल रात यह इमारत ढह गई। इसमें कुल 12 कमरे बने थे। इसमें दरार आ गई थी और यह सप्ताह भर से बंद था। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### संक्षेप

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

आजमगढ़। रौनापार थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव के सिवान में शनिवार की सुबह युवक पेड़ से लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की जानकारी होने पर गांव के लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। रौनापार थाना क्षेत्र के बालाजानी गांव निवासी 25 वर्षीय प्रदीप कुमार शटरिंग का काम करता था। भाई अरविंद कुमार ने बताया कि किसी महिला से प्रदीप अक्सर बात करता था, उसके मोबाइल पर फोन आया। वह रात आठ बजे घर से निकल गए। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। घर से करीब पांच किलोमीटर दूर पहाड़पुर गांव के सिवान में शनिवार की सुबह पेड़ से लटकता शव मिला। प्रदीप चार भाई में छोटा था।

## बीमार बंदी की कारागार में मौत

आजमगढ़। जिला कारागार में बीमार बंदी की शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। वह छेड़खानी के आरोप में 14 माह से जेल में बंद था। बीमार होने पर उसे मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कंधरापुर थाना क्षेत्र के खझुलिया कंधरापुर निवासी 70 वर्षीय चंद्रभान राम पर बालिका से छेड़खानी का आरोप लगाया था। वह करीब 14 माह से जेल में बंद था। इन दिनों ब्लड प्रेशर बढ़ने से परेशान था। गुरुवार को उसकी हालत बिगड़ गई। जेल के अस्पताल से डॉक्टर ने रेफर कर दिया था। गुरुवार की शाम उसे मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार की भोर में उसकी मौत हो गई। जेल से परिवार के लोगों को सुबह सात बजे घटना की जानकारी मिली। इसके बाद परिवार के लोग मंडलीय अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कुएं में महिला का शव मिलने से सनसनी

आजमगढ़। बरदह क्षेत्र के दसमड़ा गांव के सीवान में स्थित कुएं में शुक्रवार की सुबह महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला भोर में घर से निकली थी। इसके बाद लापता हो गई। परिवार के लोग तलाश कर रहे थे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। बरदह थाना क्षेत्र के दसमड़ा गांव निवासी 52 वर्षीय संगीता देवी के पति योगेंद्र यादव मुंबई में रहते हैं। घर पर वह बच्चों के साथ रहती थी। परिजनों ने बताया कि उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। शुक्रवार की भोर में वह घर से निकल गई। काफी देर तक घर न पहुंचने पर उसकी तलाश शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। इसके बाद गांव लोग सीवान में उसकी तलाश करने लगे। घर से करीब आधा किमी दूर वह कुएं में गिरी मिली। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसकी तीन बेटियां और एक बेटा है। घटना के बाद से परिवार के लोग रो-रो कर बेहाल हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मासूम की मौत पर शोक कजली समारोह स्थगित

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के बघई गांव निवासी और कोटा शिव प्रताप सिंह स्थित एक निजी विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब चंद पांडेय की डेढ़ साल की पुत्री की शनिवार भोर अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। विद्यालय में आयोजित होने वाले कजली समारोह कार्यक्रम शोक के कारण स्थगित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मासूम को लालगंज सीएचसी से चिकित्सकों की सलाह पर परिजन मीरजापुर लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना से परिवार में मातम छा गया। परिजनों के अनुसार शनिवार सुबह करीब पांच बजे मासूम की अचानक तबीयत बिगड़ी। परिजन उसे तत्काल लालगंज सीएचसी लेकर पहुंचे। चिकित्सकों की सलाह पर उसे मीरजापुर मंडलीय अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में हालत बिगड़ने पर मासूम ने दम तोड़ दिया। 30 अगस्त को कोटा शिव प्रताप सिंह स्थित विद्यालय परिसर में कजली महोत्सव का आयोजन प्रस्तावित था। जिसमें मीरजापुर की प्रसिद्ध कजली परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होने वाले कार्यक्रम में संगीतमय सुंदरकांड पाठ, कजली गायन-वादन समेत विभिन्न आयोजन होना था। मासूम की मौत के बाद परिवार में शोक को देखते हुए रविवार को होने वाला कजली महोत्सव स्थगित कर दिया गया।

## रक्षाबंधन पर्व पर यात्रियों की रही भीड़

आजमगढ़। रक्षाबंधन के पर्व पर परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने के लिए मारामारी मची रही। बस स्टेशन से लेकर सभी स्टापेज पर यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। हालत यह थी कि बसों की संख्या कम पड़ जा रही थी। बसें न मिलने से रोडवेज पर यात्री भटकते हुए दिखाई दिए। प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन के पर्व पर 27 अगस्त की सुबह छह बजे से 29 अगस्त की मध्य रात्रि तक बहनों के साथ ही उनके साथ एक सहयोगी को मुफ्त यात्रा की सौगात दी है। वहीं, परिवहन निगम के अधिकारियों ने बहनों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए बसों के फेरे बढ़ाने का दावा किया था। उन्हें उम्मीद थी कि बसों के फेरे बढ़ने से यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित कर लिया जाएगा। शुक्रवार को सुबह से ही पर्व पर उम्मीद से अधिक भीड़ उमड़ने से बसों की संख्या कम हो गई। बस स्टेशन में आते ही बसें फुल हो जा रही थीं। क्षमता से दोगुना अधिक यात्री बसों में सवार हो जा रहे थे। यात्रियों में अपने गंतव्य स्थानों पर जाने के लिए जैसे होड़ मची हुई थी। हर कोई बस में सवार होकर जाना चाह रहा था। बसों की संख्या कम होने से रोडवेज परिसर के अंदर यात्री भटकते नजर आए। गर्मी से महिलाएं और बच्चे परेशान नजर आए। पसीने से तरबतर होकर वे बसों का इंतजार कर रहे थे। पूछताछ केंद्र पर कर्मचारी बसों के बारे में सही जानकारी नहीं दे पा रहे थे।

## मेंहनगर तहसील में नवागत एसडीएम ने किया पदभार ग्रहण

आजमगढ़। एसडीएम भूपाल सिंह के स्थानांतरण के बाद फूलपुर तहसील से स्थानांतरित होकर आए नवागत एसडीएम अशोक कुमार ने शनिवार को मेंहनगर तहसील पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने तहसील परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न पटलों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नवागत एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका देखी और विभिन्न पटलों पर तैनात कर्मचारियों से संक्षिप्त परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कर्मचारियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी और समयबद्ध तरीके से निर्वहन करने के निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत में एसडीएम अशोक कुमार ने कहा कि पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। शासन की मंशा के अनुरूप आईजीआरएस और संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा, मेरी कलम का मकसद सिर्फ फाइलों पर दस्तखत करना नहीं, बल्कि अंतिम पंक्ति में खड़े पीड़ित व्यक्ति के चेहरे पर न्याय की मुस्कान लाना होगा। तहसील में कोई भी फरियादी निराश होकर नहीं लौटेगा, यह मेरा संकल्प है। इस दौरान तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामजन्म सिंह सहित तहसील के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## सरकारी गेहूं खरीद केंद्र पर सैकड़ों कुंतल गेहूं सड़ा, जिम्मेदार मौन

मीरजापुर। जिले के जमालपुर विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत चौकियां संघ द्वारा संचालित सरकारी गेहूं खरीद केंद्र पर विभागीय लापरवाही के चलते सैकड़ों कुंटल गेहूं बर्बाद होने का मामला सामने आया है। समय से गेहूं का उठान नहीं किए जाने के कारण खुले में रखी बोरियां बारिश में भीग गईं, वहीं चूहों द्वारा बोरियों को कुतरने से भारी मात्रा में गेहूं नष्ट हो गया है बताया जा रहा है कि सड़ा हुआ गेहूं आज भी बोरियों में भरकर केंद्र परिसर में इधर-उधर पड़ा हुआ है। लोगों का पेट भरने वाले अन्न की इस तरह बर्बादी विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली और गंभीर लापरवाही पर सवाल खड़े कर रही है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतने बड़े नुकसान का जिम्मेदार आखिर कौन है और इसकी भरपाई कौन करेगा? आशंका जताई जा रही है कि नुकसान की रकम कागजी कार्रवाई में किसी न किसी मद से पूरी कर दी जाएगी, लेकिन देश के अन्नदाता किसानों की मेहनत से उपजा अनाज बर्बाद होने की जिम्मेदारी तय होना भी जरूरी है। अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह ने कहा कि जब भी खरीद केंद्रों की अव्यवस्था और लापरवाही की शिकायत की जाती है तो व्यवस्था सुधारने के बजाय कई बार केंद्रों को ही बंद कर दिया जाता है। इसका सीधा खामियाजा क्षेत्र के किसानों को भुगतना पड़ता है। लोगों ने मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा भविष्य में अनाज की बर्बादी रोकने के लिए उचित व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

## बोकरिया फॉल में डूबने से युवक की मौत, मचा कोहराम

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकरिया फॉल में डूबने से शनिवार को एक युवक की मृत्यु हो गई है। युवक की पहचान चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के डीजल कालोनी निवासी 29 वर्षीय रतन प्रजापति के रूप में हुई है। वह परिजनों के साथ बोकरिया फाल में पिकनिक मनाने आया था। घटना की सूचना मिलते ही लहंगपुर चौकी की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लहंगपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के बोकरिया फाल चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत डीजल कालोनी निवासी रतन प्रजापति पुत्र सरोज प्रजापति परिजनों के साथ बोकरिया जलप्रपात (फाल) में पिकनिक के लिए परिजनों के साथ पहुंचा था। फाल में नहाते समय रतन प्रजापति गहरे पानी में डूब गया। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना प्राप्त होते ही मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे लहंगपुर चौकी प्रभारी गुरु प्रसाद सिंह ने शव को पानी से बाहर निकाला और अग्रिम कार्यवाही करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बरसात के इस मौसम में पहाड़ी क्षेत्रों और जलप्रपातों (फाल्स) पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बोकरिया फाल मीरजापुर शहर के नजदीक होने के कारण काफी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। उन्हीं में चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के डीजल कालोनी के रहने वाले रतन प्रजापति अपनी बहन व अन्य परिजनों के साथ पहुंचे थे बहन में स्नान करते समय यह हादसा हो गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

जौनपुर। जिले के बक्शा थाना क्षेत्र में प्रयागराज मार्ग पर फतेहगंज बाजार के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। कल रात हुई इस दुर्घटना में इलाज के दौरान शनिवार को दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। घायल युवक का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है बताते है कि बीरभानपुर गांव निवासी 20 वर्षीय अजीत कुमार यादव अपने घर से पशुओं के लिए चोकर लेने फतेहगंज बाजार गया था। चोकर लेकर वापस लौटते समय उसकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में अजीत कुमार यादव और दूसरी बाइक पर सवार 19 वर्षीय आफिर की इलाज के दौरान मौत हो गई। आफिर सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के तमाशापुर गांव का निवासी था और उसने जिला अस्पताल में दम तोड़ा। आफिर के साथ बैठा पुरानी बाजार कोतवाली निवासी रंजीत कुमार राव भी घायल हो गया, जिसे परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल से निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने दोनों बाइकों और शवों को कब्जे में ले लिया है।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

मड़िहान/मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान इनामियां, गैंगस्टर, जिलाबदर, वारण्टी व वांछित की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना मड़िहान पुलिस ने गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम में बड़ी कार्यवाही करते हुए शनिवार को प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र भूषण मौर्य मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर लालगंज नौडिहा मोड के पास से गैंगस्टर एक्ट के वांछित आरोपी कन्हैया लाल बिन्द पुत्र स्वर्गीय धनराज बिन्द निवासी नुनौटी ताला थाना चुनार को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## बारिश से कई स्थानों पर जलजमाव

जौनपुर। जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर एक घण्टे हुई बारिश से अनेक स्थानों पर जलजमाव हो गया और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश से खेतासराय नगर पंचायत में सड़कें तालाब बन गई और तालाब बनी सड़कों से होकर नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्कूल का सफर तय करना पड़ा। हालात इतने बदतर हैं कि बच्चों ने जूते-चप्पल पैरों में पहनने के बजाय उन्हें हाथ में उठा लिया और गंदे पानी को पार करते नजर आए। सड़क पर जमा गंदा पानी लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। वायरल वीडियो में स्कूली बच्चे हाथ में चप्पल लेकर पानी के बीच से गुजरते दिखाई दे रहे हैं। बच्चे किसी तरह गंदे पानी को पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं, जबकि राहगीरों को भी इसी रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जलनिकासी की व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण बारिश के बाद वार्ड में जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती है।

संक्षेप

## चोरी के माल सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना खैरगढ़ पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित एक अभियुक्त को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो जोड़ी पायल, दो कंगन, दो हाय और 3000 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार थाना खैरगढ़ में दर्ज मुकदमा संख्या 194/26 में वांछित अभियुक्त उमेश पुत्र राज बहादुर सिंह निवासी नगला डहर को नगला डहर की पुलिया से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से दो जोड़ी पायल व दो कंगन सफेद धातु एक हाय सफेद धातु एक हाय पीली धातु तथा 3000 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। आरोपी के खिलाफ थाना खैरगढ़ में धारा 305/317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक विनीत दांगी उपनिरीक्षक परविन्दर सिंह कांस्टेबल आलोक कुमार और कांस्टेबल अजय दुबे शामिल रहे।

## 449 ग्राम गांजा व नकदी सहित एक गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को 449 ग्राम अवैध गांजा और 3700 रुपये नकद सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मक्खनपुर पुलिस टीम ने अभिषेक पुत्र वीरेन्द्र निवासी बबाइन, थाना खैरगढ़ को बिल्टीगढ़ रोड पर कब्रिस्तान के पास खोखा के निकट से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 449 ग्राम गांजा और 3700 रुपये बरामद हुए। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर पुलिस ने थाना मक्खनपुर में मुकदमा संख्या 240/26, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की है।

## अष्टधातु की मूर्ति चोरी करने वाले शातिर गिरफ्तार

**मथुरा।** जनपद के थाना कोतवाली पुलिस ने चोरी की एक बड़ी घटना का खुलासा करते हुए अष्टधातु की मूर्ति के साथ एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मूर्ति और उसका कटा हुआ हाथ (पीली धातु) भी बरामद कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीतीरात थाना कोतवाली पुलिस टीम ने मोती मंजिल के सामने से रोनित पुत्र हेमेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से चोरी की गई अष्टधातु की एक मूर्ति और मूर्ति का कटा हुआ हाथ बरामद हुआ। इस संबंध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 607/2026, धारा 35(1)/106/317(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा (थाना कोतवाली, मथुरा) उ0नि0 संजीव कुमार (थाना कोतवाली, जनपद मथुरा) उ0नि0 मुश्ताक मेहंदी (थाना कोतवाली, जनपद मथुरा) का0 1033 धीरज (थाना कोतवाली, जनपद मथुरा) का0 476 धर्मेन्द्र (थाना कोतवाली, जनपद मथुरा) आदि शामिल रहे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व 2026 की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने गति बढ़ा दी है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर, शुक्रवार देर रात 10 बजे जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार और नगर आयुक्त ओजस्वी राज सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जन्मभूमि क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए, श्रद्धालुओं के आवागमन के मार्ग, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा आसपास के क्षेत्रों में बेहतर प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया। नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में लगातार साफ-सफाई बनाए रखने, कूड़ा निस्तारण समय पर कराने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजामों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था और यातायात संचालन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व के दौरान देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मथुरा पहुंचने की संभावना है। ऐसे में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, यातायात और स्वच्छता से जुड़ी व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा करने पर बल दिया गया। निरीक्षण के दौरान जन्मभूमि क्षेत्र के आसपास चल रहे कार्यों की भी जानकारी ली गई और आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए गए। प्रशासन का लक्ष्य है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मथुरा आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## राजू दास के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेसी

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** लाइव टीवी डिबेट के दौरान महंत राजू दास पर कांग्रेस प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज और अभद्र भाषा के इस्तेमाल का आरोप लगा है। इसके विरोध में शनिवार को सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और समर्थक मथुरा कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने राजू दास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों ने राजू दास और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

कलेक्ट्रेट परिसर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। कुंवर सिंह निषाद के नेतृत्व में पहुंचे प्रदर्शनकारी जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपना चाहते थे। समर्थकों के मुताबिक, वे करीब दो घंटे तक जिलाधिकारी का इंतजार करते रहे, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। जिलाधिकारी से मुलाकात नहीं होने और ज्ञापन स्वीकार नहीं किए जाने पर प्रदर्शनकारियों का गुस्सा बढ़ गया। उन्होंने जिला प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी की। बाद में प्रदर्शनकारी बिना ज्ञापन सौंपे ही वापस लौट गए। प्रदर्शन के दौरान समर्थकों को संबोधित करते हुए कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि लाइव टीवी डिबेट जैसे सार्वजनिक मंच पर उनके साथ कथित तौर पर जिस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया, वह गंभीर और निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजू दास को भाजपा की योगी सरकार का संरक्षण प्राप्त है।

निषाद ने कहा कि इसी वजह से वह सार्वजनिक मंचों पर महिलाओं और अन्य लोगों के प्रति कथित तौर पर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने का साहस कर रहे हैं। कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि राजू दास के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर कानून के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि राजू दास सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हैं तो मामला शांत हो सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो 1 सितंबर को इससे बड़ा आंदोलन किया जाएगा। निषाद ने कहा कि यह मामला केवल उनके व्यक्तिगत सम्मान से जुड़ा नहीं है, बल्कि सार्वजनिक जीवन में महिलाओं, माताओं और प्रत्येक नागरिक की गरिमा एवं सम्मान से जुड़ा है।

## डीएम-एसएसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण




**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांघे ने शनिवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई चिकित्सा सुविधाओं तथा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कारागार परिसर में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बंदियों को शासन द्वारा निर्धारित सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही कारागार की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने देने के निर्देश कारागार प्रशासन को दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रशासनिक एवं कारागार अधिकारी मौजूद रहे।

## नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मटसेना का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मटसेना का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं व्यवस्थाओं और दवाओं की उपलब्धता का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में उपचार के लिए आए मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना तथा दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी कक्ष और लैब का निरीक्षण किया। लैब में ब्लड टेस्ट मशीन चालू स्थिति में मिली। उपस्थित फार्मासिस्ट ने बताया कि लैब में प्रतिदिन करीब 10 से 15 सैंपल लिए जाते हैं। जिलाधिकारी ने मलेरिया जांच किटों का भी निरीक्षण किया और अस्पताल प्रशासन को मरीजों को त्वरित जांच की सुविधा निरंतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने औषधि वितरण कक्ष का निरीक्षण कर पंजिका में दर्ज दवाओं की वितरण स्थिति की जांच की। उपस्थित चिकित्सकों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर 160 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राम बदन राम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में फूलों के हिंडोले में विराजे राजाधिराज, भक्तों ने किये दर्शन

**मथुरा।** पुष्टिमार्ग संप्रदाय के प्रसिद्ध मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में सावन मास के पावन अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान और उत्सवों का दौर जारी है। इसी परंपरा के तहत आज भगवान राजाधिराज फूलों के भव्य हिंडोले में विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन दिए, जिससे मंदिर परिसर श्श्रीकृष्ण के जयकारोंश से गूंज उठा। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर के सभी धार्मिक कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठ) के निर्देशन में किया जाता है। पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार, ठाकुर जी को लाड़-लड़ाने और उनकी सेवा के तहत सावन मास में घटा और हिंडोले में विराजमान कराने का विधान है। यह मनोहारी क्रम पूरे सावन मास तक अनवरत जारी रहेगा। मंदिर प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार सांयकाल 5:10 बजे से 5:40 बजे तक ठाकुर जी महाराज श्याम मखमल के विशेष हिंडोले में सुसज्जित होकर भक्तों को अपने दिव्य दर्शन देंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

## तीन बच्चों को बाल श्रम से कराया मुक्त, छटीकरा राल रोड पर दुकानों पर काम कर रहे थे बच्चे

**मथुरा।** दुकानों पर काम कर रहे तीन बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। छटीकरा राल रोड पर दुकानों पर बाल श्रम करते हुए तीन बालकों को रेस्क्यू किया गया। यह कार्रवाई एक्सेस टू जस्टिस संस्था को कोऑर्डिनेटर सुदीपा त्यागी, चाइल्ड लेबर डिपार्टमेंट, चाइल्ड लाइन और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पुलिस ने मिलकर की। रेस्क्यू किए गए बालकों को पढ़ाई की ओर प्रेरित किया गया। उन्हें स्कूल जाने और अपनी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए समझाया गया। इन बालकों को घर को आर्थिक तंगी के कारण बाल श्रम करना पड रहा था। अब उन्हें सरकारी योजनाओं से जोडने और स्कूलों में दाखिला दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# महंत नृत्य गोपाल दास ने किया श्रीकृष्ण जन्मभूमि की रजत संकल्प शिला का पूजन



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर निर्माण के संकल्प को लेकर श्रावणी पर्व पर रजत (चांदी) निर्मित संकल्प शिला का पूजन किया गया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर-मस्जिद मामले के हिंदू पक्षकार दिनेश फलाहारी जी महाराज के आह्वान पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज ने मणिराम छावनी में रजत संकल्प शिला का विधिवत पूजन किया। मणिराम छावनी पहुंचने पर उत्तराधिकारी नयन कमल दास जी महाराज एवं सेवायत जानकी दास जी के नेतृत्व में हजारों संतों और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर संकल्प शिला की अगवानी की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में अयोध्या से मथुरा तक मंदिर निर्माण के संकल्प को लेकर नारे भी लगाए गए। दिनेश फलाहारी जी महाराज ने बताया कि रजत संकल्प शिला को सबसे पहले पवित्र सरयू नदी में स्नान कराया गया और महाआरती कराई गई। इसके बाद हनुमानगढ़ी में हनुमान जी महाराज के श्रीचरणों में शिला का पूजन किया गया। तत्पश्चात श्रीराम मंदिर ले जाकर भगवान श्रीराम की पावन धरा की रज से शिला को संकल्पित किया गया। उन्होंने बताया कि अब इस पवित्र रजत संकल्प शिला को ब्रजभूमि सहित संपूर्ण भारतवर्ष के प्रमुख धार्मिक स्थलों और एक लाख से अधिक पवित्र गांवों में पूजन के लिए ले जाया जाएगा। इस अभियान की जिम्मेदारी ब्रज धामाचार्य परिषद के महामंत्री पं. राजेश पाठक को सौंपी गई है। प्रभारी पं. राजेश पाठक ने बताया कि एक सितंबर को रजत संकल्प शिला विशेष वाहन से धूमधाम के साथ ब्रजभूमि में प्रवेश करेगी। शिला के स्वागत के लिए विभिन्न स्थानों पर तैयारियां की जा रही हैं। ब्रजभूमि में प्रवेश के बाद शिला को सर्वप्रथम श्रीधाम वृंदावन ले जाया जाएगा, जहां साधु-संतों द्वारा विधि-विधान से उसका पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम में ब्रज क्षेत्र से आचार्य अनिल कृष्ण शास्त्री, विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता जयराम शर्मा, संत हरिदास बाबा, विप्र नेता सुभाष शर्मा, पं. राजेश शास्त्री, गोविंद देव शर्मा सहित अन्य संत एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तिरोभाव महोत्सव में ब्रह्मलीन साध्वी गोपीवाला मां का किया स्मरण

**मथुरा।** वृन्दावन श्रीकपिल कुटीर सांख्य योग आश्रम में प्रख्यात संत ब्रह्मलीन साध्वी गोपी वाला मां का 21 वाँ त्रिदिवसीय तिरोभाव महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर संतों व भक्तों ने ब्रह्मलीन साध्वी गोपी वाला मां के चित्रपट का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया। सन्त-विद्वत सम्मेलन में महामंडलेश्वर सच्चिदानंद शास्त्री महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन साध्वी गोपीवाला मां ज्ञान-वैराग्य और भक्ति की मूर्तिमान स्वरूप थीं। वे परम् तपस्वी व भगवद्प्राप्त संत थीं। महामंडलेश्वर साध्वी राधिका साधिका पुरी जटा वाली मां ने कहा कि हमारी सदगुरुदेव साध्वी गोपीवाला मां परम वीतरागी, भजनानंदी एवं निस्पृह संत थीं। वे एक ऐसी दिव्य महान विभूति थीं, जिनके दर्शन मात्र से जीव का कल्याण हो जाता था। महंत सुंदरदास महाराज ने कहा कि गोपी वाला मां की ब्रज निष्ठा अभूतपूर्व थी। भाजपा नेता रामदेव सिंह भगौर एवं समाजसेवी देवीसिंह कुंतल ने कहा कि साध्वी गोपीवाला मां को परम सिद्धि प्राप्त थी। वे अपने कमंडल के जल से अनेकों व्याधि से पीड़ित लोगों के तन पर छिड़क कर उनकी व्याधियों का हरण कर देती थीं। महोत्सव में संतदास महाराज, डॉ. राकेश हरिप्रिया, साध्वी कृष्णा दासी, साध्वी आशानंद शास्त्री, स्वामी भुवनानन्द महाराज, ओमप्रकाश चाहर, मनोज अग्रवाल, राकेश गौड़, सचिन कुमार, टिंकू बंसल वंदना बंसल, अणिमा भद्र साध्वी पूर्णिमा, नमिता साधिका, तुलसी माताजी, आनंदमई साधिका, सीता साधिका, कमला साधिका आदि ने भावांजलि अर्पित की।

# डीएम ने स्कूलों में किया औचक निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा बेहतर विद्यालयी व्यवस्थाओं और छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को फिरोजाबाद ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नगला डरुआ, नगला खरसुली तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला खरसुली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों के पठन-पाठन का स्तर परखा तथा विद्यालयों की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय मध्याह्न भोजन और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

प्राथमिक विद्यालय नगला डरुआ में जिलाधिकारी ने कक्षा पांच के छात्र मनीष से हिंदी की पुस्तक पढ़वाई। छात्र के पठन कौशल की सराहना करते हुए उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और टॉफियां वितरित कीं। विद्यालय में 119 बच्चों के सापेक्ष 25 छात्र तथा पांच अध्यापक उपस्थित मिले। उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर पठन-पाठन के स्तर में और सुधार लाने के निर्देश दिए। एमडीएम निर्धारित मीनू के अनुसार बनता पाया गया। विद्यालय परिसर में नियमित साफ-सफाई कराने तथा दिव्यांग शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। प्रधानाचार्या द्वारा विद्यालय के सामने खाली पड़ी भूमि को खेल मैदान के रूप में आवंटित किए जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला खरसुली का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे और पार्ट्स ऑफ बॉडी के नाम पूछकर उनके ज्ञान का परीक्षण किया। विद्यालय में 74 पंजीकृत विद्यार्थियों के सापेक्ष 10 छात्र उपस्थित मिले। पेयजल, शौचालय की स्थिति और उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया गया। वहीं नगला खरसुली स्थित विद्यालय में 89 पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष 52 विद्यार्थी तथा चार अध्यापक उपस्थित मिले। यहां भी एमडीएम निर्धारित मीनू के अनुसार तैयार पाया गया। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर की नियमित एवं गहन सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में स्थित जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र बाल वाटिका के भवन को सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल ध्वस्त कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही कक्षा के सामने बने शौचालय को कवर करने के लिए ग्राम प्रधान को सुरक्षा दीवार का निर्माण कराने के सख्त निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि बेसिक शिक्षा के स्तर में सुधार शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यालयों में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

● बच्चों से पढ़वाया पाठ और परखा ज्ञान

## पकड़ा गया बकरी चोर गैंग असलहा नगदी और चौपहिया वाहन जब्त

**मथुरा।** एसएसपी के आदेशों के अनुपालन एवं पुलिस अधीक्षक नगर व सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में चलाए जा रहे शातिर सक्रिय बकरी चोर गैंग में पांच लोगों को पकड़ने में स्थानीय पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने आज एक चोर को छोटा पर्स जिसमें नगद 27हजार तीन सौ रुपए, एक 12 बोर का तमंचा एक 315 बोर का तमंचा, जिंदा कारतूस एवं बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल, फर्जी नंबर प्लेट की कार एवं मैक्स जब्त की है। सीओ सिटी आशना चैधरी ने बताया कि चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। बरामद वाहनों और हथियारों के संबंध में भी जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार राधापुरम बार्डर पर बैरियर लगाकर थाना गोविंद नगर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान किया जा रहा था। शनिवार को प्रातः चार बजकर 20 मिनट पर मुन्ना उर्फ हप्पी पुत्र इकराम निवासी घीया मंडी भरतपुर गेट, रिजवान पुत्र जमेरी निवासी इस्लामिया इंटर कॉलेज, तीसरा समीर पुत्र चाँद निवासी घीया मंडी, चैथा नासिर पुत्र जाकिर निवासी मटिया गेट मेवाली मोहल्ला व शोएब पुत्र पप्पू निवासी पौपटा खारी कुआं भरतपुर गेट को नगद 27 हजार तीन सौ रुपए, एक अदद छोटा पर्स जिसमें चोरी किए गए दो आधार कार्ड, एक नाजायज पोनिया 12 बोर व दो जिंदा कारतूस 12 बोर का एक तमंचा 315 बोर चार जिंदा कारतूस 315 बोर, एक मोटरसाइकिल, बिना नंबर प्लेट, एक होंडा कार फर्जी नंबर प्लेट के साथ एक मैक्स पिकअप फर्जी नंबर प्लेट के साथ गिरफ्तार किए हैं। अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार ये बकरा चोर गैंग आसपास के इलाकों जैसे भरतपुर, हाथरस आदि इलाकों में सक्रिय था। वर्षों से इसकी पुलिस को तलाश थी। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष गोविंदनगर अजय वर्मा, उ.नि. मयंक वत्स, उनि आजाद सिंह, उपनिरीक्षक अंकर चौहान आदि साथ थे।

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर 4 सितम्बर को मनाया जायेगा कान्हा का जन्मोत्सव



**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण का 5253वां जन्मोत्सव 4 सितंबर को मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान ने शनिवार को प्रेस वार्ता में जन्माष्टमी की तैयारियों और कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस बार जन्मोत्सव में ह्यगौ रक्षा-राष्ट्र रक्षाह्न का संकल्प खास आकर्षण रहेगा। श्रीगर्भ-गृह समेत पूरे जन्मस्थान परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण ह्यकलहंसह्न पुष्प-बंगले में विराजमान होंगे। वह समुद्र मंथन से प्राप्त रत्नों की भावना पर आधारित पंचरत्नी पोशाक और रत्न-जड़ित मुकुट धारण करेंगे। 3 सितंबर शाम 5:30 बजे भव्य पोशाक अर्पण एवं शोभायात्रा निकलेगी। इसमें अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ धाम से प्राप्त विशेष उपहार, प्रसाद, वस्त्र, आभूषण और पवित्र द्रव्य शामिल होंगे। जन्माष्टमी की रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य के साथ जन्म-महाअभिषेक शुरू होगा। कामधेनु स्वरूपा स्वर्ण मंडित रजत गौ द्वारा पयोधर अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद रजत कमल में विराजमान ठाकुरजी का महाअभिषेक होगा। कंस के प्राचीन कारागार माने जाने वाले श्रीगर्भ-गृह को करीब 200 किलो चांदी और पुष्प-पत्रों से सजाया जा रहा है। श्रद्धालुओं के लिए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन और टीवी चैनलों पर किया जाएगा। उज्जैन से आए डमरू और मृदंग वादक मंगल ध्वनि और आनंद संकीर्तन प्रस्तुत करेंगे। 1 से 5 सितंबर तक शाम 7 से रात 11 बजे तक लीलामंच पर कार्यक्रम होंगे। इनमें माखन चोर लीला, मीरा बाई चरित्र, श्रीकृष्ण जन्म लीला और गिरिराज पूजा शामिल हैं। जन्माष्टमी के दिन सुबह 5:30 बजे मंगला आरती के साथ श्रद्धालुओं का प्रवेश शुरू होगा। रात 12 से 12:10 बजे तक प्राकट्य दर्शन और आरती होगी। इसके बाद महाअभिषेक और श्रृंगार आरती होगी। श्रद्धालुओं का प्रवेश गोविंद द्वार से और निकास मुख्य द्वार से होगा। सुरक्षा के मद्देनजर मोबाइल, कैमरा, बैग समेत अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को परिसर में ले जाने पर रोक रहेगी। संस्थान के सचिव कपिल शर्मा और सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की जानकारी दी।


## सरस्वती इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

**सुलतानपुर (वीओएल)।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर शनिवार को सरस्वती इंटर कॉलेज उमरी पौधनरामपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार मेजर ध्यानचंद की जयंती पर प्रतिवर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस मनाती है। इसके बाद विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी आनंद सिंह के नेतृत्व में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं कराई गईं। सबसे पहले विद्यार्थियों के बीच 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता हुई। इसके बाद कबड्डी और खो-खो सहित अन्य खेलों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### अनुदानित विद्यालयों के प्रबंधकों की बैठक आज

**सुलतानपुर।** अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक सभा की महत्वपूर्ण बैठक 30 अगस्त को महात्मा गांधी इंटर कॉलेज परिसर में दोपहर 12 बजे होगी। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राज नारायण उपाध्याय करेंगे। बैठक में प्रबंध समिति की पिछली कार्यवाही, उच्च न्यायालय के आदेश, संगठन को मजबूत करने, विद्यालय संचालन की बाधाओं और अन्य समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।

# राजेंद्र-जयंत में बराबरी पर छूटी 31-31 हजार की कुश्ती



**मथुरा।** चौमुहां ब्लॉक क्षेत्र के गांव आझई खुर्द में शनिवार को कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। कार्यक्रम में बाल पहलवानों की कुश्तियों से मुकाबलों की शुरूआत हुई। पहलवानों ने दांव-पेच आजमाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इसके बाद विभिन्न भार वर्गों में पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। दंगल में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता शोभाराम शर्मा और समाजसेवी कमल किशोर वार्ष्णेय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दोनों ने अपनी ओर से 31-31 हजार रुपये की इनामी कुश्ती कराई। यह मुकाबला बहज निवासी पहलवान राजेंद्र और करव निवासी जयंत के बीच हुआ। दोनों पहलवानों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। काफी देर तक चले रोमांचक मुकाबले में कोई भी पहलवान दूसरे को चित नहीं कर सका और कुश्ती बराबरी पर छूट गई। कुश्ती बराबरी पर रहने के बाद दोनों पहलवानों को आयोजकों और अतिथियों की ओर से सम्मानित किया गया। समाजसेवी कमल किशोर वार्ष्णेय ने कहा कि कुश्ती जैसे पारंपरिक खेल ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का बेहतर माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है और उनकी प्रतिभा को मंच मिलता है। इस दौरान पूर्व प्रधान नरेश, मानी, पालेंद्र पहलवान, सोनू पहलवान, भगवान सिंह, देवेंद्र ठाकुर, विष्णु बब्बल आदि मौजूद रहे।

### पूनम महिला पहलवान ने जीते 3100 रुपये

मथुरा। छाता कस्बे के गांव रान्हेरा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मस्तराम बाबा दंगल मेला कमेटी के तत्वावधान में एक भव्य दंगल मेले का आयोजन किया गया, मेला कमेटी ने दंगल में आए हुए अतिथियों का मंच जोरदार स्वागत किया गया, दंगल में दूर-दराज से आए नामी पहलवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुश्ती के मैदान में अपना कौशल दिखाया। इस दंगल में पैगांव की रहने वाली महिला पहलवान पूनम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारती लाडपुर से जीत हासिल की और 3100 रुपये का नकद पुरस्कार अपने नाम किया। दंगल देखने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में खेलप्रेमी पहुंचे, जिन्होंने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। मेला कमेटी के सदस्यों ने सभी पहलवानों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था शेरगढ़ पुलिस द्वारा की गई। योगेंद्र प्रधान, हीरालाल सोलंकी, छैला बिहारी रावत, पवन, विक्रम सिंह राणा, अजीत छोकर, मोहन सिंह तोमर, रविकांत गौड़, दिगंबर सिंह एडवोकेट, डॉक्टर जयपाल सिंह, रिंकू छोकर, मुकेश सेठ, आदि मौजूद रहे।



## भजन गायक कुंज बिहारी दास महाराज को मिली जान से मारने की धमकी

**मथुरा।** वृंदावन रंगीली कुंज के महंत व अंतरराष्ट्रीय भजन गायक महामंडलेश्वर कुंज बिहारी दास महाराज को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी व्हाट्सएप कॉल के जरिए दी गई है, जिसका एक ऑडियो भी सामने आया है। धमकी देने वाले आरोपी की पहचान पंजाब के लुधियाना निवासी लोकेश मिश्रा उर्फ राघव मिश्रा के रूप में हुई है। घटना के 24 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी थाना जैंत पुलिस द्वारा मामला दर्ज न किए जाने से पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। महामंडलेश्वर ने अपनी जान को खतरा बताते हुए जिला प्रशासन से तुरंत सुरक्षा और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

संक्षेप

## पीटीएम में विद्यार्थियों की प्रगति पर हुई परिचर्चा

सोनभद्र। माँ वैष्णो मॉडर्न पब्लिक स्कूल के परिसर में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक (च्ण्ड) का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय पहुंचे और अपने परीक्षा परिणाम देखकर उत्साहित नजर आए। शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपलब्धियों एवं कमियों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही कमजोर क्षेत्रों में सुधार के लिए नियमित अध्ययन, अभ्यास एवं समय-प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय के प्रबंधक रमाशंकर दुबे ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए विद्यालय और अभिभावकों का आपसी सहयोग बेहद आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित करने की अपील की। प्रधानाचार्य सत्य देव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि च्ण्ड विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा देना विद्यालय की प्राथमिकता है तथा कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम सकारात्मक एवं संवादपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

बस्ती। जिले में कलवारी थाना क्षेत्र के चनगहिया गांव के समीप एक मोटर साइकिल और कार मे आमने-सामने हुए भिड़न्त में तीन व्यक्तियों की मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि कलवारी थाना क्षेत्र के घोईसापुर गांव निवासी शहाबुद्दीन (28), शरीफ (29) तथा नूर आलम (26) मोटर साइकिल से घूमने के लिए जा रहे थे अभी ये लोग चनगहिया गांव के समीप ही पहुंचे थे तभी सामने से आ रही कार में अनियंत्रित होकर भिड़न्त हो गयी जिससे तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गये।

## पुलिस हिरासत में युवक की मौत

बदायूं। बदायूं जिले में पुलिस हिरासत में कथित तौर पर तबीयत बिगड़ने से एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाया है, हालांकि पोस्टमार्टम में मौत का कारण हृदय गति रुकना बताया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार को अटसेना गांव में एक भोज के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष के कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल भेजा गया। वहीं, दूसरे पक्ष के राजेश (28) को शांति भंग की आशंका में पाबंद कर पूछताछ के लिए दातागंज थाने लाया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब चार बजे राजेश थाने के शौचालय गया था और वहां से लौटने के बाद वह अचानक गिर पड़ा। पुलिसकर्मी उसे दातागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शाम को उसकी मौत हो गई।

सीएचसी के चिकित्सक रितेश भसीन ने बताया कि राजेश को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था और उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। चिकित्सक के अनुसार, उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे।

हालांकि, परिजनों ने आरोप लगाया कि राजेश की मौत थाने में ही हो गई थी और पुलिस ने अस्पताल को घटना की सही जानकारी नहीं दी। परिजनों का यह भी आरोप है कि पुलिस ने किसी परिजन को उसके साथ अस्पताल नहीं भेजा।

पुलिस ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि थाने के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में राजेश पहले फर्श पर लेटा हुआ, फिर उठकर शौचालय जाते और वहां से लौटने के बाद गिरता दिखाई दे रहा है। एसएसपी ने बताया कि चिकित्सकों के एक दल द्वारा किए गए पोस्टमार्टम में मौत का कारणहृदय गति रुकना बताया गया है और शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले। सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट है कि राजेश के साथ मारपीट या प्रताड़ना नहीं हुई।

एसएसपी ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और यदि कोई दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पात्र परिवारों तक पहुंचायें मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ

जिला संवाददाता(vol)



- दृष्टि की बैठक में विकास योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा
- सम्पर्क मार्ग एवं विद्युतीकरण कार्यों की तकनीकी टीम करेगी जांच, निर्माण कार्यों के नियमित स्थलीय निरीक्षण पर जोर
- मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच के निर्देश, अनधिकृत नारकोटिक दवाओं की बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

सोनभद्र। जनपद में संचालित विकास योजनाओं को धरातल पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूरा कराने को लेकर शनिवार को विकास भवन में जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति द्वारदिष्टि की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। राज्य मंत्री, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग संजीव कुमार गोंड़ जी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि सहित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों की सार्थकता तभी है, जब वे समय से पूरे हों और उनकी गुणवत्ता लंबे समय तक जनता के उपयोग के अनुरूप बनी रहे। निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा अधिकारी नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि बैठक में दिए गए निर्देश केवल कार्यवाही तक सीमित न रहें, बल्कि उनका प्रभाव धरातल पर दिखाई देना चाहिए। निर्देशों के अनुपालन एवं कार्यों की प्रगति की अगली बैठक में पुनः समीक्षा की जाएगी।

मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है। जनपद में आवास योजना के लिए पात्र परिवारों का नियमानुसार एवं पारदर्शी ढंग से चयन सुनिश्चित करते हुए उन्हें योजना से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि पात्रता की जांच पूरी गंभीरता से की जाए, जिससे कोई भी पात्र परिवार आवास की सुविधा से वंचित न रहने पाए।

जनपद में कराए जा रहे सम्पर्क मार्गों एवं विद्युतीकरण कार्यों की समीक्षा के दौरान राज्य मंत्री ने गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाएं नियमित निरीक्षण करें तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही कार्य कराए जाएं। बैठक में राज्य मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि विकास एवं निर्माण कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व उनका शिलान्यास तथा पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण संबंधित जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए।

बैठक में औषधि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री ने मेडिकल स्टोरों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना वैध पंजीकरण एवं निर्धारित प्रावधानों के नारकोटिक एवं नियंत्रित श्रेणी की औषधियों की बिक्री किसी भी दशा में न होने पाए। उन्होंने निर्देशित किया कि मेडिकल स्टोरों के निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय-विक्रय से संबंधित अभिलेखों एवं निर्धारित मानकों की भी जांच की जाए। नियमों के उल्लंघन अथवा अनधिकृत बिक्री का मामला सामने आने पर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राज्य मंत्री ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन से लेकर जनहित से जुड़े विषयों तक संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें। शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ आमजन तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विधायक राबर्ट्सगंज, विधायक घोरावल के प्रतिनिधि, प्रमुखगण, खण्ड विकास अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि, परियोजना निदेशक, उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला विकास अधिकारी, समिति में नामित विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रधानगण सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सत्यम का यूपीएससी में चयन होने से जिले का बढ़ा मान



सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के उरमौरा निवासी सत्यम का संघ लोक सेवा आयोग प्रतिष्ठित परीक्षा ड्रग इंस्पेक्टर के पद पर चयन हुआ है। सत्यम की इस उपलब्धि से उनके परिवार, क्षेत्र एवं पूरे जनपद में हर्ष का माहौल है। सत्यम ए.एन. सिंह के नाती हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय से प्राप्त की तथा इसके बाद रायपुर से उच्च शिक्षा पूरी की। अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों के बल पर सत्यम ने नैड के ड्रग इंस्पेक्टर जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में 11वाँ रैंक पाकर सफलता हासिल की है। सत्यम की सफलता ने सोनभद्र के युवाओं को भी प्रेरणा दी है। परिवारजनों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सत्यम की यह सफलता सोनभद्र के लिए गौरव का विषय है और जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायी संदेश है।

## सोनभद्र में आईआईएफएल फाइनेंस की गोल्ड लोन शाखा का शुभारंभ

सोनभद्र। जिले में आईआईएफएल फाइनेंस की गोल्ड लोन शाखा का आज भव्य उद्घाटन किया गया। शाखा का उद्घाटन नगवां ब्लाक प्रमुख आलोक कुमार सिंह, रॉबर्ट्सगंज ब्लाक प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला एवं कंपनी के वाराणसी क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वाराणसी क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश कुमार पाठक ने बताया कि आईआईएफएल गोल्ड लोन भारत की दूसरी सबसे बड़ी गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी है, जो पूरे देश में लगभग 3000S शाखाओं के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आईआईएफएल बाजार में सबसे कम ब्याज दर पर सोने के बदले अधिकतम लोन उपलब्ध कराती है और पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करती है। सोनभद्र क्षेत्र के लोगों को इस शाखा के माध्यम से उचित दरों पर गोल्ड लोन की सुविधा मिलेगी। क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि इस शाखा के माध्यम से निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों को कम से कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराना कंपनी का मुख्य उद्देश्य रहेगा, ताकि जरूरतमंद लोग आसानी से आर्थिक मदद ले सकें। साथ ही इस शाखा से व्यावसायिक लोन भी मिलेगा। इस मौके पर विनोद यादव, हरिदत्त पाण्डेय, अधिवक्ता अनूप पाण्डेय, जीनत, केशरीनंदन पाठक, अशोक तिवारी, रविन्द्र नाथ पाठक समेत कंपनी के अन्य अधिकारी व गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

# कैथी द्वितीय में सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

## सामुदायिक शौचालय के रास्ते में महीनों से गिरा पेड़ हटाने की मांग



सोनभद्र। राबर्ट्सगंज विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कैथी द्वितीय में सामुदायिक शौचालय की बदहाल स्थिति के साथ ही उसके रास्ते में महीनों से पेड़ टूटकर गिरा पड़ा है। इससे शौचालय का उपयोग करने के लिए आने-जाने वाले ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को गिरे पेड़ को फांदकर रास्ता पार करना पड़ता है, जिससे गिरकर चोटिल होने की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में सफाई कर्मचारी की तैनाती होने के बावजूद सफाई व्यवस्था और जनसुविधाओं को लेकर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद गांव की समस्याओं के समाधान को लेकर जिम्मेदारों की सक्रियता कम हो गई है। वहीं ग्राम विकास अधिकारी पर भी ग्रामीणों ने समस्याओं के प्रति उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है। ग्रामीण राहुल, सुरेंद्र, अनिल और कल्लू ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि सामुदायिक शौचालय के रास्ते में गिरे पेड़ को तत्काल हटवाकर आवागमन सुचारु कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को परेशानी न हो। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश ने फोन पर बताया कि गिरे पेड़ को काटने के लिए श्रमिक से कहा गया है, टहनियां काटने के लिए इलेक्ट्रिकल आरी का इस्तेमाल होना है, लेकिन बारिश के कारण पेड़ की टहनियां गीली हैं। मौसम थोड़ा साफ होने और टहनियां सूखने के बाद पेड़ की टहनियों को काटकर अलग करने और रास्ता दुरुस्त कराने की बात कही है।

# निर्माण श्रमिकों को यूपी डिजिटल लेबर चैक ऐप से जोड़ने के निर्देश

सोनभद्र। प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त निर्माण श्रमिकों एवं नियोजकों को यूपी डिजिटल लेबर चैक मोबाइल ऐप से अधिक से अधिक जोड़ने तथा ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा विकसित यूपी डिजिटल लेबर चैक ऐप निर्माण श्रमिकों एवं नियोजकों के बीच एक प्रभावी डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। इसके माध्यम से निर्माण श्रमिकों को रोजगार के अवसर प्राप्त होने के साथ ही श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं पात्रतानुसार उनका लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। ऐप के माध्यम से सेवायोजक, बिल्डर, ठेकेदार, निर्माण एजेंसियां एवं अन्य प्रतिष्ठान अपना पंजीकरण कर आवश्यकता के अनुरूप श्रमिकों से सीधे संपर्क स्थापित कर सकेंगे। वहीं निर्माण श्रमिक भी ऐप के माध्यम से नियोजकों से जुड़कर रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। इससे श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा नियोजकों को आवश्यकता के अनुरूप कुशल श्रमिक उपलब्ध कराने में सुविधा होगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद में कार्यरत निर्माण श्रमिकों एवं नियोजकों के बीच इस ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा उन्हें ऐप डाउनलोड कर पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पात्र निर्माण श्रमिकों को शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त निर्माण श्रमिकों एवं नियोजकों से अपील की है कि वे अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन में गूगल प्ले स्टोर से यूपी डिजिटल लेबर चैक ऐप डाउनलोड कर इसका अधिकतम उपयोग करें तथा अपने आसपास कार्यरत अन्य श्रमिकों एवं नियोजकों को भी इसके संबंध में जागरूक करें। ऐप के संचालन अथवा पंजीकरण में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर सुरेश कुमार, सहायक लेखाकार 9935907680, प्रवीण मदक, कम्प्यूटर ऑपरेटर 7499938952, दुर्गा शंकर मिश्रा, कम्प्यूटर ऑपरेटर 7800556560, राजेश शर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर 9451575696, दीपक कुमार मदक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर 9936012820 निम्न हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

## जेल से बाहर छूटे व्यापारी ने पुलिस पर लगाये गंभीर आरोप




मोहम्मदी खीरी। लूट के माल को खरीदने वाले व्यापारी ने जेल से जमानत मिलने के बाद संगठन के पदाधिकारी के साथ पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन निरीक्षक को दिया है तमाम चर्चाओं का बाजार गर्म है। जानकारी अनुसार कोतवाली पुलिस ने कस्बा में हुई लूट के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की वहीं लूट के माल खरीदने वाले सरार्फा व्यापारी लक्ष्मण गुप्ता को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। उसी दिन अदालत ने सुनवाई करते हुए रिहा कर दिया था। शनिवार को व्यापारी लक्ष्मण गुप्ता, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, रवि गुप्ता इकरार खां विनोद तिवारी समेत प्रमुख लोगों ने पुलिस पर सत्ता के दबाव मे काम करने का आरोप लगाया वहीं आरोपी का नाम मुकदमे से पृथक करने की मांग करने का ज्ञापन कोतवाल उमेश चौरसिया को सौंपा है। जबकि घटना का खुलासा निरीक्षक की निगरानी में किया गया आरोपी बनाए गए व्यापारी ने दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ न्यायालय में परिवार दाखिल करने की बात कही है। मामले में पुलिस की खासी किरकिरी हो गई है।

## महोबा में 845वें कजली मेले का भव्य शुभारंभ

महोबा। बारहवीं शताब्दी में चंदेल राजवंश के गौरवशाली अतीत का प्रतिबिंब बुंदेलखंड के महोबा में शनिवार को ऐतिहासिक कजली मेले के रूप में जीवंत हो उठा। मेले के शुभारंभ के अवसर पर आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें करीब तीन लाख लोगों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने कीरतसागर सरोवर में कजली का विसर्जन कर सदियों पुरानी परंपरा का निर्वहन किया। दिल्ली के नरेश पृथ्वीराज चौहान और चंदेल सेनाओं के बीच वर्ष 1182 में लड़े गए ऐतिहासिक ह्यकिरतुआ के युद्धह्ल की स्मृति में महोबा का कजली मेला प्रतिवर्ष विजय उत्सव के रूप में आयोजित किया जाता है। यह उत्तर भारत के प्राचीन एवं विशाल ग्रामीण मेलों में शुमार है और बुंदेलों की आन-बान-शान का प्रतीक माना जाता है।

## छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में स्कूल प्रबंधक के बेटे पर केस दर्ज

गोरखपुर। जिले के गोला थाना क्षेत्र में एक निजी बालिका माध्यमिक विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्रा (15) का चार महीने तक यौन शोषण करने के आरोप में एक स्कूल प्रबंधक के बेटे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रबंधक उसी स्कूल में शिक्षक भी हैं और उनके आरोपी बेटे की तलाश शुरू कर दी गई है। गोला के पुलिस क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार ने बताया, शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। टीम उसे गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है और जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने छात्रा को परीक्षा में फेल करने की धमकी दी और गोरखपुर शहर में भविष्य की पढ़ाई का खर्च उठाने का लालच देकर कथित तौर पर लगातार दुष्कर्म किया। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, छात्रा अपने दादा, मां और छोटी बहन के साथ गांव में रहती है, जबकि उसके पिता मुंबई में काम करते हैं। करीब चार महीने पहले 29 वर्षीय आरोपी प्रतीक त्रिपाठी ने स्कूल समय के बाद छात्रा को अपने कार्यालय के कक्ष में बुलाया और उसके साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। आरोपी ने विरोध करने पर उसे परीक्षा में फेल करने और बदनाम करने की धमकी दी। इसके बाद छात्रा के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। आरोप है कि छात्रा के मिलने से इनकार करने पर आरोपी ने फोन पर हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग ऑनलाइन लीक कर दी, जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार, छात्रा के दादा शुक्रवार को उसके साथ गोला थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी फरार हो गया।

# प्रेमी-प्रेमिका ने फांसी लगाकर दी जान



सीतापुर। पिसवां थाना इलाके में प्रेम-प्रसंग का दर्दनाक अंत पिसावां क्षेत्र के ढखिया कला गांव में हुआ। यहां प्रेमी युवक और शादीशुदा प्रेमिका ने करीब 12 घंटे के भीतर अलग-अलग अपने घरों में फांसी लगाकर जान दे दी।

शुक्रवार देर शाम 20 वर्षीय मंजेश का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। इसके बाद शनिवार सुबह 37 वर्षीय रिंकी ने भी अपने पति के घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। एक ही गांव में लगातार हुई दो मौतों से परिजनों में कोहराम मच गया। ढखिया कला निवासी गोधन का पुत्र मंजेश शुक्रवार देर शाम अपने कमरे में गया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। ग्रामीणों की मदद से दरवाजा खोला गया तो मंजेश का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मंजेश और रिंकी के बीच करीबी संबंध थे। बताया जा रहा है कि रिंकी करीब आठ माह तक मंजेश के साथ रही थी। शुक्रवार को वह अपने पति इंद्र पाल के पास लौट आई। इसके कुछ ही घंटे बाद मंजेश ने आत्मघाती कदम उठा लिया। शनिवार सुबह रिंकी ने भी फांसी लगा ली। दोनों मौतों ने गांव को झकझोर दिया है। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता ने बताया कि दोनों पक्षों से अलग-अलग सूचना मिली है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं और पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। आत्महत्या के वास्तविक कारण पोस्टमार्टम और जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होंगे।

## ट्रेन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दंपति की मौत

प्रतापगढ़। जिले के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के भुपियामऊरेलवे स्टेशन के निकट रेलवे पाटरी पार कर रहे पति-पत्नी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। नगर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशुतोष मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम भुपियामऊरेलवे स्टेशन के निकट पटरी पार कर रहे मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सीओ ने बताया कि मृतकों की पहचान थाना लीलापुर के रानीगंज अजगरा निवासी राम कृष्ण यादव (45) व उसकी पत्नी इंद्रावती देवी (40) के रूप में की गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सम्भलपुर, उड़ीसा से गांजा लेकर बलिया जा रहे तस्कर गिरफ्तार



जिला संवाददाता

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के दिशा निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की विक्री पर प्रभावी रोक और उसमे संलिप्त लोगों की धर पकड़ के क्रम में ऑपरेशन शुद्धि के तहत रॉबर्ट्सगंज पुलिस और एसओजी टीम ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से लगभग 36.500 किलो गांजा, तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो, पांच मोबाइल फोन और 550 रुपये नकद बरामद किए।

बरामद गांजे की कीमत करीब 18 लाख और स्कॉर्पियो की कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई गई है। कुल बरामदगी करीब 30 लाख रुपये की है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे मादक पदार्थों पर प्रभावी रोक अभियान के तहत 28 अगस्त,2026 की रात रॉबर्ट्सगंज पुलिस, हिन्दुआरी और चुर्क चैकी की संयुक्त टीम चन्द्रयान तिराहा, भण्डार खुर्द हाईवे पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान हिन्दुआरी की ओर से आई स्कॉर्पियो संख्या यूपी32एचक्यू1416 को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर चालक ने वाहन मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर रात करीब 10 बजे चारों को पकड़ लिया गया। तलाशी में स्कॉर्पियो की पिछली सीट के नीचे और पिछले हिस्से से 37 बंडलों में 36.500 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सम्भलपुर, उड़ीसा से गांजा लेकर बलिया पहुंचाते थे और इसके बदले प्रत्येक को करीब 15 हजार रुपये मिलते थे। पुलिस के अनुसार तस्करी के दौरान व्हाट्सएप कॉल और लोकेशन के जरिए आपस में संपर्क किया जाता था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विधिचन्द्र यादव निवासी मऊ, साजिद अली, रईस खान और आदित्य जायसवाल निवासी कुशीनगर के रूप में हुई है। मामले में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जूट गयी है।

## युवक नदी में बहा शव बरामद

गोरखपुर। सिद्धार्थनगर जिले का 34 वर्षीय युवक नेपाल में एक नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से उसकी जलधारा के साथ बह गया और उसका शव शनिवार को बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान प्रभात सोनी के रूप में हुई है जो नगर पंचायत, इटवा का निवासी था। वह शुक्रवार को अपने परिजनों के साथ नेपाल गया था। रिश्तेदारों के अनुसार, समूह बुटवल (नेपाल में) में एक नदी के पास चट्टानों पर बैठा था, लेकिन उसका जल स्तर अचानक बढ़ गया और धारा तेज हो गई। उन्होंने बताया कि इससे पहले कि कोई उसे बचा पाता, प्रभात बह गया। परिवार के लोगों ने यह भी आशंका जताई कि पत्थर से टकराने के बाद उसके सिर पर चोट लगी होगी। नेपाली अधिकारियों ने तलाशी अभियान चलाया और शव शनिवार दोपहर को बुटवल (नेपाल में) में बरामद किया गया और कानूनी औपचारिकताओं के लिए वहां रखा गया है। प्रभात के पिता अवधेश सोनी अन्य रिश्तेदारों के साथ शनिवार को नेपाल के लिए रवाना हो गये। उनके साथ इटवा नगर पंचायत के अध्यक्ष विकास जायसवाल भी थे। परिजनों ने बताया कि प्रभात रक्षाबंधन पर अपनी मां के साथ मऊ जिगिनिहवा स्थित ननिहाल गए थे।

# मीरा मोहन सी प्रीत लिख देना, सबके अधरों पे गीत लिख देना



सोनभद्र। सोन संगीत फाउंडेशन के तत्वावधान में पावस उमा माहेश्वर काव्य संध्या का आयोजन शनिवार को आयोजित हुआ। जिसमें एक से बढ़कर एक गीत सुनाया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि अजय चतुवेर्दी कक्का ने किया।

मुख्य अतिथि समाजसेवी सरदार कमलेश सिंह खांबे रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि कवि दिवाकर द्विवेदी मेघ रहे। वाणी वंदना पश्चात निदेशक शहीद स्थल प्रबंध समिति करारी प्रदुम्न त्रिपाठी ने मीरा मोहन सी प्रीत लिख देना सबके अधरों पे गीत लिख देना, श्रृंगार की रचना सुनाकर वाहवाही लूटी। सुशील मिश्रा ने भोले बाबा को समर्पित पूर्वी सुनाकर गतिज उर्जा दिये सराहे गये। सुधाकर पांडेय स्वदेशप्रेम ने, जनाजा जब मेरा निकले वतन के वास्ते निकले सुनाया। कवयित्री कौशल्या कुमारी चैहान ने आपस में नफरत आपस में तकरार, मानव जीवन की है, सबसे बड़ी हार सुनाया। कवयित्री दिव्या राय ने, भर आती है आंख माँ की उदासी देखकर सुनाकर पीड़ा को स्वर दिया। दयानंद दयालू ने पावस को समर्पित कजली सुनाया। धर्मेश चैहान ने बड़ा ही सुंदर बड़ा ही मनहर अपना हिंदुस्तान सुनाया। अशोक तिवारी ने संचालन करते हुए, लानत है ऐसे रहनुमाओं पर जिसने लिया सिर्फ लिया दिया कुछ नहीं सुनाकर तंज कसा। अध्यक्षता करते अजय चतुवेर्दी कक्का ने अपनी रचना हुए स्वार्थ की बलि वेदिका पर देश को चढ़ने न देगें जाति धर्म मजहब में देश को बंटने न देगें सुनाकर राष्ट्र आराधना किये। विशिष्ट अतिथि दिवाकर दिवेदी मेघ ने, घुमंतू कुत्ता घर का न घाट का, जहाँ जो मिल जाय पत्तल वहीं चाटे सुनाकर देर तक हंसाते रहे। मुख्य अतिथि कमलेश खांबे ने देश की दशा, दिशा व समाज, घर, परिवार की संवेदना को बचाने की वकालत किये। विवेक चतुवेर्दी ने शायरी से शमां रौशन की। आभार अध्यक्ष सोन संगीत फाउंडेशन सुशील मिश्रा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जयशंकर त्रिपाठी, त्रिपुरारी मिश्रा, लालता प्रसाद मिश्र, ठाकुर कुशवाहा, फारुख अली आदि रहे।

संक्षेप

## पुरानी रंजिश में मारपीट का आरोप

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम कारीपहाड़ी में घर के दरवाजे पर टीन शेड के नीचे सो रहे 63 वर्षीय व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के पीछे गांव के ही दो लोगों से चल रही पुरानी रंजिश का संदेह जताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कारीपहाड़ी निवासी श्याम पुत्र भुवानी रैकवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 अगस्त 2026 की रात करीब 11 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बने टीन शेड के नीचे सो रहे थे। उनके पास ही प्रभु पुत्र खुमान सहरिया भी सो रहा था। इसी दौरान दो व्यक्ति वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। श्याम ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव के ही टऊ पुत्र हरीराम रैकवार और उमेश पुत्र नन्दू रैकवार से उनका विवाद हुआ था।

## बिजली कटौती मुक्त करने की घोषणा हवा-हवाई

अयोध्या। भाजपा सरकार की हर घोषणा की तरह जनपद अयोध्या को बिजली कटौती मुक्त करने की घोषणा हवा हवाई साबित हो रही है ,यह आरोप कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह एवं जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने प्रदेश सरकार पर लगाया है ।

कांग्रेस नेताओं ने कहा रात हो या दिन कब बिजली चली जाए और कितनी देर के लिए, कुछ पता नहीं व्यापारी और किसान परेशान है छात्रों की पढ़ाई में बाधा पड़ रही है, बिजली ऑफिस पर जनता के फोन को उठाने वाला कोई नहीं है कोई संतोष जनक जवाब बिजली के आने और जाने का नहीं मिलता है, इस भीषण गर्मी में बिजली की असमय कटौती से लोग रात में सो नहीं पा रहे हैं भाजपा सरकार में विद्युत व्यवस्था पूरी तरीके से चैपट है और बिजली बिल में कोई कमी नहीं है।

# पेड़ों को राखी बांधकर लिया वृक्षों की रक्षा का संकल्प

### गोविंद सागर बांध की तलहटी में डैम ग्रुप के तत्वावधान में हुआ अनूठा कार्यक्रम

जिला संवाददाता



ललितपुर। डैम ग्रुप के तत्वावधान में शनिवार को गोविंद सागर बांध की तलहटी में लगाए गए वृक्षों को रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस दौरान डैम ग्रुप के सदस्यों ने बांध की तलहटी में लगे विभिन्न पेड़ों को राखी बांधी और उनकी नियमित देखभाल, सुरक्षा तथा संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेड़ों को मानव जीवन का अभिन्न अंग बताया गया।

बुविसे प्रमुख ने कहा कि वृक्ष हमें जीवन प्रदान करते हैं। जीवनदायिनी ऑक्सीजन के साथ-साथ फल, फूल और अनेक उपयोगी संसाधन हमें पेड़ों से प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल मनुष्य के लिए ही उपयोगी नहीं हैं, बल्कि पशु-पक्षियों और सभी प्रकार के जीव-जंतुओं को आश्रय, भोजन और जीवन का आधार भी प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने परिवार के सदस्यों की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार पेड़ों की भी रक्षा करना हमारा दायित्व है। वृक्षों से हमें प्रकृति के प्रति समर्पण और निस्वार्थ सेवा की सीख मिलती है। यदि हम पर्यावरण को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ-साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी होगी। अध्यक्षता कर रहे स्वामी अनुराग अमर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम पांच वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य सहित प्रत्येक जीव के लिए ऑक्सीजन आवश्यक है और प्रकृति में ऑक्सीजन के संतुलन को बनाए रखने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह पौधरोपण के साथ उनके संरक्षण को भी अपनी जिम्मेदारी समझें, ताकि आने वाली पीढि ?ों के लिए पर्यावरण हरा-भरा और स्वच्छ बना रहे। कार्यक्रम के दौरान डैम ग्रुप के विभिन्न सदस्यों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वह लगाए गए वृक्षों की नियमित देखभाल करेंगे और अधिक से अधिक लोगों को वृक्ष संरक्षण के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान स्वामी अनुराग अमर, हरीश कपूर टीटू, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्य, महेन्द्र अग्निहोत्री, अमित सोनी पत्रकार, विजय श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, कमलापति रिछारिया, सलीम मंसूरी, अमित प्रिय जैन, एड. रूपनारायण विश्वकर्मा, स्वदेश अग्रवाल, भरतलाल सेन, हेमन्त रोंडा, जयपाल ऐरा, सुनील जैन, इं.बहादुर पस्तोर, आशाराम शर्मा, रजनीश पुरोहित, अनिल सैनी, राजेन्द्र यादव, संदीप तिवारी, जयवीर यादव, संजय मटका, मनोज मिश्रा, पप्पू यादव, हंस स्वामी, करोड़ीलाल कुशवाहा, लखनलाल विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## चार वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

ललितपुर। वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बानपुर पुलिस ने शनिवार को चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन तथा एएसपी कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी महरौनी अरविन्द्र कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना बानपुर पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए वारंटियों में ग्राम डगराना निवासी वृषभान उर्फ वृगभाग पुत्र ऊदल, मानसिंह पुत्र नन्दलाल, राजेश पुत्र इमरत तथा जगदीश पुत्र गोकुल प्रसाद शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक वृषभान उर्फ वृगभाग, मानसिंह और राजेश के विरुद्ध केस संख्या 45/15, धारा 147, 323, 504 एवं 506 भादवि से संबंधित न्यायालयी वारंट लंबित था। वहीं जगदीश के विरुद्ध केस संख्या 65/12 एवं 84/23, धारा 60(1) आबकारी अधिनियम से संबंधित वारंट लंबित थे। चारों अभियुक्तों को 29 अगस्त 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के समक्ष पेश किया गया।

## गौरी यादव स्मृति दौड़ में विजयी छात्र-छात्राओं को सांसद तनुज पुनिया ने किया पुरस्कृत



बाराबंकी। दीदी गौरी यादव बहुत ही कर्मठ संघर्षशील समाज सुधारक महिला नेत्री थी। समाज में उनकी अपनी एक अलग पहचान थी वह उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कई बड़े पदों पर सुशोभित रही और उनकी कार्यशैली काफी प्रभावशील रहती थी। उक्त उद्गार कांग्रेसी नेत्री गौरी यादव की जयन्ती पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे सांसद तनुज पुनिया ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरान्त व्यक्त किये। इस अवसर पर गौरी यादव स्मृति दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमे विजयी छात्र-छात्राओ को पुरस्कार वितरण किये गये। इस अवसर पर अनुराग यादव, जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, विनोद यादव, सन्तशरण वर्मा, जियाउर्ररहमान, श्रीकान्त मिश्रा, मनीष यादव आदि मौजूद रहे।

## महिला अस्पताल में प्रसूताओं को बांटे फल पैकेट




बाराबंकी। जागो री जागो संस्था के मासिक कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला महिला अस्पताल मे गर्भवती महिलाओ को सेब, अनार, केला, बंद सहित फल पैकेट का वितरण किया गया। तथा सरकारी अस्पताल मे प्रसव कराएं, बेटी होने पर खुशी मनाये स्वयं जागरूक और दूसरों को जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर डॉ0 रश्मि ठकराल, डॉ0 खुशी राम वर्मा, संस्था प्रमुख चन्द्र प्रकाश वर्मा, सोनिया वर्मा, डॉ आर0 आहूजा, डॉ0 रामानंद सिंह, मनीष मेहरोत्रा, दिनेश प्रसाद वर्मा, रेनू वर्मा, कंचन तिवारी, बबिता, राखी, पारुल, नेहा मौजूद रहे।

# महीनों से बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों ने मिर्चवारा पावर हाउस घेरा

जिला संवाददाता

ललितपुर। दो माह से विद्युत आपूर्ति बाधित होने का आरोप लगाते हुए शनिवार सुबह ग्राम चढ ?ऊ गांव के आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने मिर्चवारा पावर हाउस पहुंचकर जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार आक्रोशित ग्रामीणों ने मिर्चवारा मार्ग पर जाम लगा दिया और ट्रैक्टर पर चढ़कर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। शनिवार सुबह करीब 8.45 बजे चढ ?ऊ गांव के 50 से अधिक ग्रामीण लामबंद होकर मिर्चवारा पावर हाउस पहुंच गए। ग्रामीणों का आरोप था कि गांव में पिछले करीब दो माह से बिजली आपूर्ति व्यवस्था लगातार प्रभावित है।

- अधिकारियों के डीपी बदलने के आश्वासन पर शांत हुआ मामला
- मिर्चवारा मार्ग पर लगा वाहनों का लंबा जाम
- सड़क जाम कर ट्रैक्टर पर चढ़कर की नारेबाजी



बार-बार डीपी फुंकने और विद्युत आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है कि आक्रोशित ग्रामीणों ने पावर हाउस में पहुंचकर विद्युत आपूर्ति से जुड़ी मशीनें बंद कर दीं। आरोप है कि इस दौरान विद्युत कर्मियों के साथ अभद्रता, गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की गई। इसके बाद ग्रामीण पावर हाउस से बाहर आ गए और मिर्चवारा मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क जाम होने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शन के दौरान कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर पर चढ़ गए और विद्युत समस्या के समाधान की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। इससे मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सूचना मिलने पर प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि गांव में खराब डीपी को हटाकर नई डीपी लगाकर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त कर जाम खोल दिया। बताया गया है कि ग्राम कल्याणपुरा से करीब 30 से 32 किलोमीटर लंबी 33 केवी विद्युत लाइन मिर्चवारा पावर हाउस तक आती है। मिर्चवारा पावर हाउस से आसपास के करीब दो दर्जन से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की जाती है। लंबी लाइन और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते विद्युत लोड के कारण भी आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने की बात सामने आ रही है। ग्रामीणों के अनुसार चढ ?ऊ गांव में अलग-अलग डीपी से विद्युत कनेक्शन जुड़े होने के कारण कई बार अत्यधिक लोड पड़ जाता है। इससे डीपी फुंकने की समस्या सामने आती है और गांव की विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में अवैध विद्युत संयोजनों और नियमित जांच नहीं होने को भी समस्या का एक कारण बताया है। हालांकि, अधिकारियों के मौके पर पहुंचने और डीपी बदलकर नई डीपी लगाए जाने का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीण शांत हुए। फिलहाल प्रशासन और विद्युत विभाग के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## छात्रा ने चौकी इंचार्ज को हस्तनिर्मित राखी बांध दिया स्वच्छता, भाईचारे का संदेश



बंकी, बाराबंकी। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत बंधन स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान कक्षा 5 की छात्रा ने अपने हाथों से निर्मित राखी बंकी चैकी इंचार्ज शशिकांत त्रिपाठी की कलाई पर बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। तथा स्वच्छता, सुरक्षा एवं सामाजिक भाईचारे का सुंदर संदेश दिया। इस अवसर पर बंकी चैकी इंचार्ज ने छात्रा के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक सहभागिता और संकल्प का विषय है। इस अवसर पर सभासद चैधरी मोहम्मद इरफान, प्रधानाचार्य शबीना परवीन, मनीष गौतम, सफाई नायक आलोक जायसवाल मौजूद रहे।

## जीआईसी कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर का डीएलएसए सचिव ने किया शुभारंभ



बाराबंकी। पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज मे खेल दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव उज्ज्वल उपाध्याय ने विधिक जागरूकता शिविर का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में सचिव श्री उपाध्याय ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को खेलों के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की भूमिका के संबंध में जानकारी देते हुये कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं सहयोग की भावना का भी विकास होता है। उन्होने विद्यार्थियों को उनके मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, बाल अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, बाल विवाह, बाल श्रम, साइबर अपराध एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित विधिक प्रावधानोंह्न के संबंध में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राधेश्याम, प्रदीप सारंग, पीईटी शिक्षक, पीएलवी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 का अधिक से अधिक लाभ उठायें: देवप्रिय सारस्वत

जिला संवाददाता

ललितपुर। माननीय उच्चतम न्यायालय, मीडिएशन एवं कंसीलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली , उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रभारी जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,ललितपुर के निर्देशन में, राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 का संचालन 01 अगस्त 2026 से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर द्वारा किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत वैवाहिक, घरेलू हिंसा, मोटर दुर्घटना, चेक बाउंस, शमनीय आपराधिक, उपयुक्त दीवानी मामलों का मध्यस्थता से शांतिपूर्ण निस्तारण कराया जा सकता है। अभियान का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन स्तर के ऐसे विवादों का मध्यस्थता के माध्यम से आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से त्वरित समाधान कराना है, जिनका समाधान पक्षकारों की पारस्परिक सहमति से संभव है। मध्यस्थता एक ऐसी वैकल्पिक विवाद समाधान प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से पक्षकार बिना लंबे न्यायिक विवाद के, मध्यस्थ की सहायता से अपने विवाद का समाधान स्वयं तय कर सकते हैं।

अभियान के अंतर्गत पक्षकारों को मध्यस्थता के लाभों के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा पात्र मामलों को मध्यस्थता केंद्र में भेजकर आपसी सहमति से विवादों के निस्तारण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इसके साथ ही आमजन को यह जानकारी भी दी जा रही है कि मध्यस्थता के माध्यम से समय एवं धन की बचत के साथ-साथ पारिवारिक एवं सामाजिक संबंधों को बनाए रखते हुए विवादों का शांतिपूर्ण समाधान संभव है।

सचिव देवप्रिय सारस्वत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर के द्वारा अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं आमजन से अपील की गई है कि वे राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा ऐसे विवादों, जिनका समाधान आपसी सहमति से संभव है, को मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारित कराने की दिशा में सहयोग प्रदान करें।

# आज भी 8 गांवों के 10 हजार ग्रामीण मोबाइल नेटवर्क से महरूम

जिला संवाददाता

ललितपुर। ग्रामीण अंचलों में डिजिटल इंडिया के दावों के बीच मोबाइल नेटवर्क की बदहाल स्थिति ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। जिले के आठ गांवों के करीब 8 से 10 हजार पठापुरा और खुशीपुरा गांवों के ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि करीब छह किलोमीटर के क्षेत्रफल में किसी भी टेलीकॉम कंपनी का मोबाइल टावर नहीं है। इसके चलते मोबाइल पर बात करना तो दूर, इंटरनेट सेवा का इस्तेमाल करना भी मुश्किल बना हुआ है।

- 6 किलोमीटर के दायरे में नहीं है टेलीकॉम कंपनी का टावर
- खेतों और रास्तों पर जाकर करना पड़ता है फोन
- नेटवर्क के अभाव में सरकारी योजनाओं का ऑनलाइन काम प्रभावित
- बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा असर

मोबाइल उपभोक्ता लंबे समय से मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट की समस्या से जूझ रहे हैं। हालात यह हैं कि जरूरी फोन करने के लिए ग्रामीणों को अपने घरों से करीब 200 से 300 मीटर दूर खेतों अथवा रास्तों पर जाकर नेटवर्क तलाशना पड़ता है।

मोबाइल नेटवर्क की समस्या से पाचैनी, बरखिरिया, इमलिया, कारीटोरन, धोवनखेरी, खड़ोबरा, ग्रामीणों के मुताबिक नेटवर्क की समस्या केवल रोजमर्रा के संपर्क तक सीमित नहीं है, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में यह गंभीर समस्या बन जाती है। किसी व्यक्ति के बीमार पड ? या दुर्घटना होने पर एम्बुलेंस, पुलिस अथवा अन्य आवश्यक सेवाओं से संपर्क करने के लिए भी ग्रामीणों को नेटवर्क वाले स्थान की तलाश में घर से बाहर निकलना पड़ता है। इससे आपात स्थिति में समय पर सहायता मिलने में परेशानी हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित ऑनलाइन प्रक्रियाओं का लाभ लेने में भी दिक्कतें आ रही हैं। पंचायत स्तर पर होने वाले ऑनलाइन कार्य प्रभावित हैं। कई जरूरी सूचनाएं और सेवाएं भी समय पर ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। नेटवर्क की कमी का सबसे अधिक असर गांवों के छात्र-छात्राओं पर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कोविड काल के बाद शिक्षा व्यवस्था में ऑनलाइन माध्यम का महत्व बढ़ा है, लेकिन इन गांवों के बच्चे पर्याप्त इंटरनेट सुविधा के अभाव में डिजिटल कक्षाओं और ऑनलाइन शैक्षणिक सामग्री का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ उनके शैक्षणिक भविष्य को लेकर भी चिंता बनी हुई है। समस्या से परेशान सभी आठ गांवों के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में शीघ्र मोबाइल टावर स्थापित कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से दूरसंचार कंपनियों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई कराने की अपील की है, ताकि क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि मोबाइल नेटवर्क आज के समय में केवल बातचीत का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षा, सरकारी सेवाओं, डिजिटल भुगतान, रोजगार और आपातकालीन सेवाओं की महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुका है। ऐसे में गांवों में नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिले के सभी संबंधित जनप्रतिनिधियों को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन और दूरसंचार कंपनियां उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द मोबाइल टावर स्थापित कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाएंगी।

## उचित दर विक्रेताओं ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री और खाद्य एवं रसद मंत्री को भेजा धन्यवाद पत्र

ललितपुर। प्रदेश के समस्त उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) के लाभांश में 35 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी किए जाने पर जिले के उचित दर विक्रेताओं में खुशी का माहौल है। लाभांश को 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने के निर्णय पर बड़ी संख्या में कोटेदारों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और खाद्य एवं रसद विभाग मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय के प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उचित दर विक्रेताओं ने अपने धन्यवाद पत्र में कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से प्रदेश के गरीब, जरूरतमंद और पात्र परिवारों तक खाद्यान्न पहुंचाने में कोटेदार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में लाभांश में की गई वृद्धि उनके आर्थिक हितों को मजबूती प्रदान करने के साथ ही उनके सेवा कार्य के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और सम्मान को भी दशार्ती है। उचित दर विक्रेताओं ने कहा कि लाभांश में 35 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि लंबे समय से कार्य कर रहे कोटेदारों के लिए राहत देने वाला निर्णय है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

साथ ही खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय का विशेष आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने उचित दर विक्रेताओं की समस्याओं और हितों को गंभीरता से लेते हुए उनके लाभांश में वृद्धि के लिए प्रभावी प्रयास किए तथा उनकी बात को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा। कोटेदारों ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और खाद्य एवं रसद मंत्री के मार्गदर्शन में भविष्य में भी उचित दर विक्रेताओं के हित में सकारात्मक निर्णय लिए जाते रहेंगे। इस दौरान उचित दर विक्रेताओं की ओर से जिलाध्यक्ष जुगल किशोर के नेतृत्व में धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मौके पर महेन्द्र जैन (पुरानी बजरिया), नरेश तिवारी (गांधीनगर), मानसिंह (कुम्हैड़ी), रामकुमार (बिजरौठा), मनोहर सिंह (खिरकापुरा), वीरेन्द्र जैन (चैबयाना), अकील अहमद (कसाईमंडी), अभिषेक निरंजन (सिविल लाइन), चन्द्रप्रकाश बंट, बिक्रम (नीमखेड़ा), रामविलास (मनगुवा), उर्मिला (गनगोरा), पुक्खनदेवी (मैलार), राजराज (गुरसौरा), फूलसिंह (सलैया), शिवसिंह (मैनवार), लखनलाल (महरौनी) तथा विजय पाल सिंह (मिदरववाहा) सहित बड़ी संख्या में उचित दर विक्रेता उपस्थित रहे। उचित दर विक्रेताओं ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से पीडीएस व्यवस्था से जुड़े विक्रेताओं को आर्थिक संबल मिलेगा और वह पात्र परिवारों तक खाद्यान्न वितरण की जिम्मेदारी को और बेहतर ढंग से निभा सकेंगे।

# जनसेवा केंद्रों की सघन चेकिंग करने पहुंची साइबर सेल टीम



बाराबंकी। अवैध गतिविधियों और फर्जी दस्तावेजों के जरिये होने वाले साइबर अपराधों पर लगाम लगाने को लेकर साइबर सेल टीम उप निरीक्षक इफलाक अहमद खान, आरक्षी राजन यादव, आरक्षी अभिषेक चपराना ने जनपद मे संचालित जनसेवा केन्द्रो की सघन चेकिंग की।

- आधार, पैन, वोटर आईडी बनाने के लिए उपयोग होने वाले साफ्टवेयर, रिकॉर्डो की गहनता से की जांच

चेकिग के दौरान केंद्रों पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, और वोटर आईडी बनाने के लिए उपयोग होने वाले साफ्टवेयर और रिकॉर्डो की गहनता से जांच की। साइबर सेल टीम ने संचालकों को किसी भी परिस्थिति में अपने व्यक्तिगत बैंक खाते में धनराशि मंगाकर उसके बदले अज्ञात व्यक्तियों को नकद धनराशि प्रदान न करने, एईपीएस के माध्यम से की जाने वाली प्रत्येक निकासी का दिनांक, समय, ग्राहक का विवरण, निकासी की धनराशि एवं संबंधित लेन-देन का विवरण अनिवार्य रूप से रजिस्टर में दर्ज करने हेतु निर्देशित किया।

साथ जनसेवा केंद्र संचालकों को साइबर अपराध से बचाव एवं संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के संबंध में सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना साइबर सेल, नजदीकी थाने को देने के लिए की अपील की।

# हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की ललितपुर से जुड़ी यादें आज भी हैं जीवंत

जिला संवाददाता

ललितपुर। हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले महान खिलाड़ी दद्दा ध्यानचंद का नाम भारतीय खेल इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उनकी हॉकी की जादुई कला की चचाएं आज भी होती हैं, लेकिन ललितपुर की धरती से जुड़ी उनकी कुछ ऐसी यादें भी हैं, जो खेल प्रेमियों के लिए किसी धरोहर से कम नहीं। वर्ष 1957 में ललितपुर के पुलिस लाइन ग्राउंड में दद्दा ध्यानचंद के सम्मान में एक ऐतिहासिक हॉकी शो मैच का आयोजन किया गया था। इस आयोजन की पहल दद्दा के बचपन के सखा और स्वयं बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी रहे स्व.बाबू मथुरा प्रसाद श्रीवास्तव ने की थी। मैच की रेफरीशिप मथुरा बाबू और याकूब साहब ने संयुक्त रूप से की थी। बताया जाता है कि इस मुकाबले के लिए ललितपुर के खिलाडि ?ों ने मथुरा बाबू और याकूब साहब के निर्देशन में विशेष अभ्यास किया था, ताकि देश के महान हॉकी खिलाड़ी दद्दा ध्यानचंद के साथ मैदान साझा करते हुए ललितपुर का नाम रोशन किया जा सके। शो मैच के दौरान दद्दा ध्यानचंद ने ललितपुर के खिलाडि ?ों को हॉकी की बारीकियों और खेल की तकनीक से परिचित कराया। उन्होंने स्वयं मैदान में उतरकर खेलते हुए खिलाडि ?ों का उत्साह बढ़ाया। उस दौर के खिलाडि ?ों के लिए यह अवसर केवल एक मैच नहीं, बल्कि हॉकी के महानायक से सीखने और उनके साथ खेलने का अविस्मरणीय अनुभव था। स्व.मथुरा प्रसाद श्रीवास्तव का दद्दा ध्यानचंद और उनके छोटे भाई कैप्टन रूप सिंह से बेहद आत्मीय संबंध था। वे झांसी हीरोज टीम में दोनों महान खिलाडि ?ों के साथ हॉकी खेलते थे। इतना ही नहीं, तीनों झांसी के मैकडोनल हाई स्कूल में सहपाठी भी रहे। यही विद्यालय आज बिपिन बिहारी कॉलेज के नाम से जाना जाता है। उस ऐतिहासिक शो मैच में ललितपुर के प्रमुख खिलाडि ?ों में गोविंद दास अग्रवाल, गौरीशंकर सिन्हा, वृंदावन लाल, मोहम्मद अनीस, सैयद सेव अली, सरदार गुरमुख सिंह, सरदार स्वर्ण सिंह, पैट्रिक विलियम और परमानंद हुंडेत सहित अनेक खिलाड़ी शामिल रहे। इन खिलाडि ?ों ने उस दौर में ललितपुर में हॉकी की पहचान को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज जब खेल दिवस के अवसर पर हम दद्दा ध्यानचंद जैसे महान खिलाडि ?ों को याद करते हैं, तब उनके साथ मैदान साझा करने वाले उन स्थानीय खिलाडि ?ों और खेल प्रेमियों को याद करना भी उतना ही आवश्यक है, जिन्होंने उस दौर की खेल संस्कृति को जीवित रखा। सरदार गुरमुख सिंह, जो आज भी हमारे बीच हैं, उस ऐतिहासिक मैच की यादों को बेहद रोचक अंदाज में सुनाते हैं। उनके संस्मरणों में वह दौर आज भी जीवंत हो उठता है, जब ललितपुर की पुलिस लाइन का मैदान हॉकी के जादूगर दद्दा ध्यानचंद की उपस्थिति का साक्षी बना था।

संक्षेप

## बिहार : नदियां खतरे के निशान से ऊपर

पटना। नेपाल और बिहार में लगातार हो रही बारिश के कारण शनिवार को राज्य में बाढ़ का खतरा बढ़ गया। कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। पड़ोसी हिमालयी देश नेपाल में इस सप्ताह की शुरुआत में आई आकस्मिक बाढ़ के कारण पहले से ही यह नदियां उफान पर हैं। जल संसाधन विभाग के अनुसार, गोपालगंज में गंडक नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैअ वाल्मीकिनगर में नदी पर बने बैराज से शनिवार रात आठ बजे लगभग 99,800 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। नेपाल में बर्फ की चट्टानों के खिसकने से बुधवार को अचानक आई बाढ़ के कारण, उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रशासन ने हिमालयी देश से बहकर आने वाली नदियों के निचले इलाकों में अपनी निगरानी बढ़ा दी है।

## विदेशी तकनीक से होगा कचरे का निस्तारण

नयी दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शनिवार को विश्व बैंक के विशेषज्ञों के साथ शहर की कचरा प्रबंधन प्रणाली को बेहतर बनाने पर चर्चा की। इस दौरान तोक्यो, न्यूयॉर्क और बार्सिलोना में अपनाए जाने वाले मॉडलों के बारे में भी जानकारी ली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक बयान के मुताबिक, एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार ने बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें सभी जोन के अतिरिक्त आयुक्त, प्रधान अभियंता और उपायुक्त शामिल हुए। विश्व बैंक की टीम ने तोक्यो की प्रौद्योगिकी-आधारित प्रणाली, न्यूयॉर्क के कचरे के परिवहन और प्रसंस्करण के लिए निजी एजेंसियों पर निर्भरता, और बार्सिलोना की विकेंद्रीकृत सुविधाओं, कचरे को अलग-अलग करने और नागरिकों के व्यवहार में बदलाव लाने पर विशेष ध्यान को रेखांकित किया।

## भारतीय दवा क्षेत्र को सुगम बनायेगा अर्जेंटीना

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि अर्जेंटीना ने अपने यहां भारतीय दवा क्षेत्र के प्रवेश को सुगम बनाने के लिए बाधाओं को कम करने की प्रतिबद्धता जताई है। मंत्रालय ने कहा कि इससे भारतीय दवा कंपनियों के लिए व्यापक अवसर मिलने और अर्जेंटीना में गुणवत्तापूर्ण तथा किफायती स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने आगे कहा, अर्जेंटीना ने अपने दवा नियामक ढांचे के तहत भारत को एनेक्स-2 से एनेक्स-। में अपग्रेड करने और बाजार में प्रवेश की बाधाओं को कम करने की दिशा में काम करने की प्रतिबद्धता जताई है। यह मुद्दा इस सप्ताह वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल की ब्यूनस आयर्स यात्रा के दौरान चर्चा में आया। वह भारत-अर्जेंटीना संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की बैठक के लिए अर्जेंटीना में थे, जो 24 अगस्त, 2026 को ब्यूनस आयर्स के पलासियो सैन मार्टिन में आयोजित की गई थी।

## तेलंगाना : एक-तिहाई मतदाताओं के नाम हटे

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से आग्रह किया कि तेलंगाना में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाताओं के नाम बड़े पैमाने पर हटाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा जताई गई चिंताओं के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाएं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने नाम हटाए जाने को हैरान करने वाला और पूरी तरह अस्वीकार्य कदम बताया और उम्मीद जताई कि ज्ञानेश कुमार मुख्यमंत्री रेड्डी द्वारा उठाई गई चिंताओं पर शीघ्र कार्वाई करेंगे। रमेश ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री द्वारा कुमार को लिखे पत्र को एक्स पर साझा किया। पत्र में रेड्डी ने दावा किया कि राज्य में एसआईआर के दौरान करीब एक-तिहाई मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कई सुझाव भी दिए कि कोई पात्र मतदाता सूची से बाहर न रह जाए।

# नेपाल : मलबे में अपनों को ढूंढ रहे लोग

एजेंसी



काठमांडू। नेपाल में गत बुधवार को अचानक आई बाढ़ का पानी तो उतर गया है, लेकिन ह्रदय विदारक दृश्य लगातार सामने आ रहे हैं। अस्पतालों के बाहर बदहवास लोगों के कतार में खड़े होकर मृतकों की दीवारों पर चस्पा तस्वीरें देखने और परिजनों द्वारा कीचड़ एवं मलबे में अपने सामान की तलाश करने की तस्वीर आम है।

एक महिला क्षतिग्रस्त इमारतों के पास से अपने एक बच्चे को ले जाती दिखी। मलबे के बीच एक मृत कुत्ता पड़ा था। जैसे-जैसे दिन बीत रहे हैं, लापता लोगों के रिश्तेदारों की उम्मीदें धूमिल होती जा रही हैं, जबकि बचावकर्मी लापता लोगों की तलाश में मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं। पानी, कीचड़ और मलबे के तेज बहाव ने बुधवार को नेपाल के कस्बों और गांवों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घर, गाड़ियां, सड़कें और पुल बह गए और पनबिजली परियोजनाओं को भी नुकसान पहुंचा। अब देश इससे उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है। इस हादसे में मरने वालों की संख्या शनिवार को 600 के पार पहुंच गई, जबकि 2,400 से अधिक लोग लापता हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच, बचाव दलों ने अपने त्वरित प्रयास के तहत लगभग 2,500 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इनमें 163 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। परिवारों को इलाज के लिए भर्ती घायल लोगों की सूची देखते हुए अस्पतालों के बाहर कतार में खड़े देखा जा सकता था। वे किसी परिचित को खोजने की उम्मीद में ध्यान से नाम और तस्वीरें देख रहे थे। उन्हें जब बचे हुए लोगों में अपने प्रियजन नहीं मिलते, तो कई लोग भारी मन से एक दूसरी सूची मृतकों की तस्वीरों की ओर रुख करते हैं। इस बीच, बचावकर्मी चौबीस घंटे काम कर रहे हैं। वे कुछ जगहों पर बारिश का सामना करते हुए और दूसरी जगहों पर सूखती हुई कीचड़ को खोदते हुए उनलोगों की तलाश कर रहे हैं जो अब भी लापता हैं। रात के अंधेरे में, नेपाल के गृह मंत्री सुदान गुरुंग ने अपर त्रिशूली 3ए जलविद्युत परियोजना स्थल पर खुदाई करने वाली मशीनों से मिट्टी हटवाने के काम की निगरानी की। यहां विनाशकारी बाढ़ के बाद सौ से अधिक लोग एक सुरंग में फंस गए थे। नेपाली सेना ने सुरंग में फंसे 350 लोगों को पहले ही बचा लिया है।

## बार को अपनी भूमिका पर आत्ममंथन करने की जरूरत : न्यायमूर्ति नागरत्ना

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश बी. वी. नागरत्ना ने शनिवार को कहा कि कानूनी व्यवस्था लंबित मामलों, देरी और बढ़ती लागत की समस्या से जूझ रही है।

उन्होंने वकीलों से अपनी सोच बदलने, अपनी भूमिका पर पुनर्विचार करने और न्याय व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने दिल्ली स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जब किसी बार काउंसिल को उसके सदस्य ही सम्मान नहीं देते, तो यह कानूनी पेशे के लिए अच्छा संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि बार काउंसिल को पेशेवर नैतिकता, सदाचार और पेशेवर दक्षता को बनाए रखने में अपनी भूमिका और महत्व पर आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि वकील भी परेशान वादियों को न्याय दिलाने और देश में लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के प्रति अपने कर्तव्यों पर विचार करें।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, इस देश के वकील हमारे संविधान के मूल्यों के ध्वजवाहक हैं। बार की किसी भी चूक या गलती का हमारे राजनीतिक और नागरिक जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। यही वजह है कि हमारे समाज में उनका इतना महत्व है। उन्होंने कहा, मैं बार के प्रत्येक सदस्य से विनम्रतापूर्वक आग्रह करती हूं कि वे अपनी सोच बदलें और अपने मुवक्किलों के लिए जनसेवा की भावना से काम करने का प्रयास करें, अन्यथा भविष्य में वे अपनी प्रासंगिकता खो सकते हैं। ऐसा होना हमारी न्याय व्यवस्था और देश में कानून के शासन को बनाए रखने के लिए विनाशकारी होगा।

## सिप्ला की दवा बिक्री लाइसेंस को रद्द करने का आदेश वापस

एजेंसी

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय की फटकार के बाद महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने सिप्ला फार्मा एंड लाइफ साइंसेज लिमिटेड की पुणे स्थित कैरी एंड फॉरवर्डिंग इकाई का दवा बिक्री लाइसेंस निरस्त करने का आदेश शनिवार को वापस ले लिया। अदालत ने नियामक से कहा कि उसने मामले में हद पार कर दी और मनमाने तरीके से कार्वाई की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि एफडीए की कार्वाई प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। एफडीए ने कहा कि वह लाइसेंस रद्द करने का आदेश तत्काल वापस लेगा और कंपनी को नया कारण बताओ नोटिस जारी करेगा। इसके बाद मामले में कारणों सहित नया आदेश पारित किया जाएगा।

नियामक ने पुणे के वाडकी स्थित सिप्ला फार्मा एंड लाइफ साइंसेज लिमिटेड की दवाओं के भंडारण एवं वितरण सुविधा का दवा बिक्री लाइसेंस 27 अगस्त से रद्द कर दिया था। यह कार्वाई रिएक्टिन प्लस टैबलेट की पैकेजिंग, भंडारण और वापसी से जुड़ी गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के संबंध में की गई थी। सिप्ला फार्मा एंड लाइफ साइंसेज ने शुक्रवार शाम कहा था कि उसने इस कार्वाई को अदालत में चुनौती दी है। कंपनी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद पोंडा ने शनिवार को पीठ को बताया कि एफडीए ने 26 अगस्त को विभाग के समक्ष सुनवाई के लिए कंपनी को प्रतिनिधि भेजने का निर्देश ईमेल के जरिये दिया था। उन्होंने कहा कि 26 अगस्त सार्वजनिक अवकाश था। पोंडा ने कहा उस दिन कंपनी का कोई प्रतिनिधि उपलब्ध नहीं था और उसने सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया था। हालांकि, एफडीए ने सुनवाई का अवसर दिए बिना उसी दिन आदेश पारित कर दिया। एफडीए की ओर से पेश अतिरिक्त सरकारी अधिवक्ता पी. पी. काकड़े ने कहा कि कानून कंपनी को सुनवाई का अधिकार नहीं देता। इस पर पीठ ने सवाल किया कि विभाग ने दवा कंपनी को ईमेल भेजकर सुनवाई के लिए प्रतिनिधि भेजने को क्यों कहा, वह भी राज्य सरकार द्वारा घोषित सार्वजनिक अवकाश के दिन।

## जीएसटी परिषद की बैठक 12 सितंबर को

नयी दिल्ली। जीएसटी परिषद की बैठक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में 12 सितंबर को होगी। परिषद सचिवालय की ओर से जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक नयी दिल्ली में होनी है और इससे एक दिन पहले 11 सितंबर को अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। परिषद की बैठक एक साल से अधिक समय के बाद होने जा रही है। जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक तीन-चार सितंबर, 2025 को हुई थी। इसमें केंद्र और राज्यों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों और कर स्लैब में बड़े बदलाव का फैसला किया था। जीएसटी परिषद की 57 वीं बैठक में ऐसे कारोबारियों के लिए जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया सरल करने पर चर्चा होने की संभावना है।

## वसा, नमक व चीनी की अधिक मात्रा वाले खाद्य उत्पादों के पैकेट पर चेतावनी वाला लेबल लगाने का प्रस्ताव

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने ऐसे खाद्य उत्पादों के पैकेट के मुख्य भाग पर लाल रंग में एक स्पष्ट चेतावनी लेबल लगाने का प्रस्ताव दिया है, जिनमें अतिरिक्त संतृप्त वसा (सैचुरेटेड फैट), अतिरिक्त चीनी और नमक की मात्रा अधिक होती है। शीर्ष अदालत में दायर एक अनुपालन हलफनामे में एफएसएसएआई ने कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उन खाद्य उत्पादों के बारे में आसानी से समझ में आने वाली चेतावनी देना है, जिनमें चिंताजनक बताए गए इन पोषक तत्वों की मात्रा अधिक है।

हलफनामे में कहा गया, आईसीएमआर-एनआईएन द्वारा जारी भारतीयों के लिए खानपान के दिशानिर्देश, 2024 के तहत तय सीमाओं के आधार पर, उन खाद्य उत्पादों के पैकेट के आगे लाल रंग के षट्कोणीय आकार में एक प्रमुख चेतावनी लेबल लगाने का प्रस्ताव है, जिनमें चिंताजनक बताए गए निम्नलिखित पोषक तत्वों - यानी अतिरिक्त संतृप्त वसा, अतिरिक्त चीनी और नमक - में कोई दो अधिक मात्रा में मौजूद हैं। इसमें कहा गया कि चेतावनी लेबल पर लागू घोषणाएं प्रदर्शित होंगी, जैसे अधिक वसा, अधिक चीनी, अधिक नमक और अत्यधिक मीठा पेय, ताकि उपभोक्ता तय पोषक तत्वों की अधिक मात्रा वाले उत्पादों की आसानी से पहचान कर सकें। इस मामले की सुनवाई करते हुए 13 अगस्त को न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों पर चेतावनी लेबल लगाने में देरी को लेकर एफएसएसएआई को कड़ी फटकार लगाई थी और पूछा था।

## नोएडा हवाई अड्डे के परिचालन में धीमी वृद्धि के आसार : ज्यूरिख एयरपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। भू-राजनीतिक चुनौतियों के कारण नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिचालन में धीमी वृद्धि के आसार हैं और और निकट भविष्य में इसके प्रदर्शन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी ने यह जानकारी दी।

उत्तर प्रदेश के जेवर में स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से परिचालन 15 जून से शुरू किया गया था। इसके बाद जुलाई में हवाई अड्डे से 1,044 उड़ानों का संचालन हुआ और करीब 77,000 यात्रियों ने यात्रा की। हवाई अड्डे से जून में 204 उड़ानों का संचालन हुआ था और करीब 25,000 यात्रियों ने यात्रा की थी। ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल ने 2026 को जारी अपनी पहली छमाही की निवेश प्रस्तुति में कहा, चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक माहौल के कारण परिचालन में वृद्धि की गति धीमी रहने के आसार है और निकट अवधि के प्रदर्शन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

प्रस्तुति के अनुसार, नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानों का नेटवर्क लगातार बढ़ता रहेगा और इसके बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं भी शुरू होने की उम्मीद है। प्रस्तुति में कहा गया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा उत्तर भारत के लिए एक नया विमानन प्रवेश द्वार तैयार करता है।

# झुग्गी के लोगों ने राहुल गांधी से मांगी मदद

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री आवास के पास स्थित तीन झुग्गी बस्तियों के लोगों ने शनिवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर दिल्ली के बाहरी इलाके सावदा घेवरा में प्रस्तावित पुनर्वास नीति के खिलाफ हस्तक्षेप की मांग की। इन लोगों का



❍ प्रधानमंत्री आवास के पास से हटाई जाने वाली झुग्गियों के लोगों

कहना है कि इस कदम से उनकी आजीविका, बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच प्रभावित होगी। भाई राम कैंप, मस्जिद कैंप और डीआईडी कॉलोनी के निवासी 24 अकबर रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि इन तीनों बस्तियों में रहने वाले करीब 717 परिवार इस फैसले से प्रभावित होंगे। इन झुग्गियों में लगभग 3,000 से 5,000 लोग रहते हैं।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को इन निवासियों को अपनी झुग्गियां खाली करने और सावदा घेवरा में वैकल्पिक आवास में जाने के लिए छह सप्ताह का समय दिया था। अदालत ने बेदखली की प्रक्रिया को दिल्ली झुग्गी एवं झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास और पुनर्स्थापन नीति, 2015 का उल्लंघन बताने के याचिकाकर्ताओं के दावे को भी खारिज कर दिया था।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने झुग्गीवासियों के पुनर्वास की निगरानी के लिए एक समिति भी गठित की। अदालत ने कहा कि अधिकारी सावदा घेवरा में उन्हें स्कूल, बिजली, एलपीजी कनेक्शन, बस पास, डिस्पेंसरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं तथा चार जून के अदालत के निर्देशों का सख्ती से पालन करेंगे। केंद्र सरकार ने इन झुग्गी बस्तियों को हटाने का अनुरोध करते हुए कहा था कि ये बस्तियां संरक्षित क्षेत्र में हैं और इनके ठीक बगल में वायुसेना का एक सक्रिय केंद्र है।

## एचडीएफसी बैंक के सीईओ जगदीशन ने दोबारा नियुक्ति से खुद को किया अलग

एजेंसी

मुंबई। देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ज णदाता एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को बताया कि उसके प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शशिधर जगदीशन ने 26 अक्टूबर को अपना वर्तमान कार्यकाल समाप्त होने के बाद दोबारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने से खुद को अलग कर लिया है।

बैंक में लगभग तीन दशक बिताने के बाद 61 वर्षीय जगदीशन 26 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होंगे। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक एचडीएफसी बैंक का बोर्ड जगदीशन के उत्तराधिकारी के चयन और नियुक्ति की प्रक्रिया को समय रहते तेजी से पूरा करेगा। बैंक ने बताया कि जगदीशन ने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में दोबारा नियुक्ति न लेने के अपने निर्णय से अवगत कराया और बोर्ड के मनाने के बावजूद अपने फैसले पर कायम रहे।

सूचना में कहा गया, बोर्ड ने बैंक की वृद्धि और स्थिरता में उनकी प्रतिबद्धता, नेतृत्व तथा योगदान और भारतीय कॉरपोरेट जगत के सबसे बड़े विलय में से एक को सफलतापूर्वक पूरा करने में उनकी भूमिका की सराहना की। बोर्ड ने जगदीशन को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दीं। जगदीशन की दोबारा नियुक्ति का मुद्दा गहन अटकलों का विषय रहा है।

## पेज एक का शेष

### उज्बेकिस्तान के

में ताशकंद पहुंचे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य मध्य एशिया में भारत की रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करना और इस क्षेत्र के साथ सभ्यतागत संबंधों को और गहरा करना है। प्रधानमंत्री मोदी उज्बेकिस्तान की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ व्यापार, निवेश, डिजिटल संपर्क, रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा करेंगे। मोदी ने रवाना होने से पहले कहा, मैं राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ व्यापार और निवेश, डिजिटल संपर्क, रक्षा तथा ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने तथा विकसित भारत और नया उज्बेकिस्तान के हमारे साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा के लिए उत्सुक हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह ताशकंद में शास्त्री स्मारक और ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ऑरिएनटल स्टडी स्थित महात्मा गांधी केंद्र का भी दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि ये दोनों देशों के बीच कायम घनिष्ठ सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के संबंधों के प्रति सम्मान के प्रतीक हैं। ताशकंद से प्रधानमंत्री किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सदिर जापारोव के निमंत्रण पर बिश्केक जाएंगे, जहां वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 26वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

### भारत की सफलता

रहे हैं, हाइड्रोजन ट्रेन, ड्रोन और कंपनियां बना रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा तीसरा स्टार्टअप पारितंत्र बन चुका है।

सिंह ने यह भी कहा, आर्थिक शक्ति किसी राष्ट्र को समृद्ध बनाती है लेकिन सांस्कृतिक आत्मविश्वास हमें महान बनाता है। हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का ही परिणाम है कि हमारे देश ने वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया। रक्षा मंत्री ने दावा किया पहले भारत बोलता था तो दुनिया सुनती नहीं थी, लेकिन आज भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है तो सारी दुनिया कान खोलकर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा जिंदगी का सफर लंबा है और इसे साधना की तरह लेना चाहिए। मन जितना बड़ा होगा, सुख और आनंद की प्राप्ति उतनी ही अधिक होगी। बाबा साहब का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, डॉ. आंबेडकर को उस नल से पानी नहीं पीने दिया जाता था, जिससे सभी बच्चे पानी पीते थे। इतना अन्याय सहने के बाद भी उन्होंने भाग्य को कोसने या हिंसा का रास्ता चुनने के बजाय शिक्षा का मार्ग चुना और भारत आकर लोगों में बदलाव की इच्छा जगाई। रक्षा मंत्री ने कहा कि कोई न कोई सुपर पावर है जो पूरे ब्रह्मांड को निर्देशित कर रहा है तथा संतों की कही बातों को आज पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। अहंकार से बचने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि अहंकार आने पर व्यक्ति की कीमत कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व्यक्तित्व निर्माण के केंद्र होते हैं और जब संस्थान का नाम डॉ. बाबा साहब के नाम पर हो तो अपेक्षाएं और बढ़ जाती हैं। उन्होंने सफलता में माता-पिता और शिक्षकों के योगदान को याद रखना चाहिए।

### कानून से खिलवाड़

समाज को जाति, क्षेत्र व भाषा के नाम पर बांटने का काम करेंगे। जनता को ऐसे लोगों से सतर्क और सावधान रहना होगा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए, समाज को बांटने वाले लोगों को डकैतों का गिरोह करार दिया। सीएम ने कहा, डकैतों के इस गिरोह को जब भी मौका मिला तो उन्होंने प्रदेश और देश को लूटने का काम किया। उत्सव से पहले उपद्रव करना, दंगे करना, कर्फ्यू लगवाना ही इनकी पहचान थी। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार किसी भी गरीब, दलित, वंचित का उत्पीड़न या शोषण नहीं होने देगी। किसी ने शोषण या उत्पीड़न किया तो उससे सख्ती से निपटने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने कानून की धज्जियां उड़ाने की तनिक भी कोशिश की तो उसकी धज्जियां उड़ाने में देर नहीं लगेगी। प्रदेश में सुरक्षा पर संकट पैदा करने वालों के लिए जेल और जहन्नुम के रास्ते खुले हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते करीब दस वर्ष में उन्होंने माफिया का सफाया करने के साथ ही मच्छरजनित बीमारी इंसेफेलाइटिस का भी समाधान कर दिया गया। सीएम योगी ने याद दिलाया कि 2017 के पूर्व इंसेफेलाइटिस की त्रासदी के कारण गोरखपुर सहित पूरे पूर्वी उत्तर प्रदेश में दहशत का माहौल रहता था। इंसेफेलाइटिस की बीमारी 1977 से चली आ रही थी। पर इस दौरान दूसरे दलों की सरकारों ने समाधान पर ध्यान नहीं दिया। इंसेफेलाइटिस को लेकर उन सरकारों के कान पर जूं तक नहीं रेंगती थी।

### मिट्टी में

सरकार के खजाने से 900-1000 करोड़ खर्च करके इस सेंटर को एक प्राइवेट कंपनी को देना चाहते थे, जिसमें अखिलेश, डिंपल व धर्मेंद्र यादव शामिल थे। मुख्यमंत्री शनिवार को सलेमपुर व भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 305 करोड़ की 80 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बाबा दुग्धेश्वर नाथ की धरा पर उमड़े जनसमुद्र का अभिनंदन किया और 2017 के पहले की दुर्दशा और इसके बाद आए सकारात्मक बदलावों को भी बताया। सीएम ने कहा कि अब यूपी को कोई बीमारू नहीं कहता। अब देश-दुनिया वालों के चेहरे की चमक बताती है कि वे यूपी के नाम पर खुश हैं। वे कहते हैं कि काश, मेरा भी जन्म यूपी में हुआ होता, हम भी रामराज्य का अनुभव करते। माफिया मिट्टी में मिल गए। व्यापारी व बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की एकमात्र जगह जेल है या जहन्नुम। सीएम ने जिनकी इच्छाशक्ति मर चुकी है, उनसे क्या ही उम्मीद रखना। जब कोई मुख्यमंत्री 16-18 घंटे मेहनत करेगा, तब सुरक्षा और परिवर्तन ला पाएगा। विधायकों से मांगे गए प्रस्तावों को हम तत्काल स्वीकृति देते हैं। सभाकुंवर जी के प्रस्ताव पर फ्लाईओवर को स्वीकृति दी। दुग्धेश्वर नाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि उपलब्ध कराई है। सपा मंदिरों के सौंदर्यीकरण का पैसा कब्रिस्तानों पर बहाती थी।

### किसी भी बाढ़

से गांव प्रभावित हैं, उनका निरीक्षण कर आपके बीच आया हूं। योगी ने कहा हम लगातार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के संपर्क में हैं और वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी बाढ़ पीड़ित को समस्या न हो। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अधिक बारिश के कारण प्रदेश के 26 जिलों में कम या ज्यादा बाढ़ आई है। इससे एक लाख 71 हजार से अधिक लोग और 251 गांव प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत कार्यों में तेजी लाई गई है। अब तक एक हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित बाढ़ शरणालयों में रखा गया है और 447 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। हर जिले में राहत केंद्र बनाए गए हैं, जहां भोजन और राहत किट वितरित की जा रही है। राहत किट का ब्योरा देते हुए उन्होंने कहा कि हर पीड़ित परिवार को 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, दो किलो अरहर दाल, दो किलो चना, दो किलो भुना चना, एक किलो चीनी, 10 पैकेट बिस्कुट, माचिस, मोमबत्ती, नहाने के दो साबुन और एक तिरपाल दिया जा रहा है।

### पांच साल से

से अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर निस्तारित किया जाए। धारा 33 के अविवादित वरासत के मामलों को मिशन मोड में निस्तारित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शनिवार को शासन के वरिष्ठ अधिकारियों तथा फील्ड में तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनहित के विभिन्न विषयों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने जनता दर्शन और आईजीआरएस में प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं संतुष्टिपरक निस्तारण पर जोर दिया। कहा कि शिकायत का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि शिकायतकर्ता की वास्तविक समस्या का समाधान होना चाहिए। समीक्षा में शिकायतों के गलत तरीके से निस्तारण के मामले सामने आने पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई।

### सीएनजी के

रुपये प्रति किलोग्राम, गाजियाबाद में 95.59 रुपये प्रति किलोग्राम और गुरुग्राम में 92.01 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। वैट जैसे स्थानीय करों के आधार पर दरें अलग-अलग राज्यों में अलग होती हैं। दिल्ली में घरेलू रसोई में खाना पकाने के लिए पाइप के जरिए पहुंचाई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की कीमत 49.59 रुपये प्रति मानक घन मीटर (एससीएम) पर अपरिवर्तित बनी हुई है। आईजीएल ने कहा कि जुलाई से वैश्विक एलएनजी की कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं क्योंकि नए सिरे से उभरे संकट ने इस रणनीतिक जलमार्ग के जरिए एलएनजी कार्गो की आवाजाही को प्रभावित किया है।

### नेपाल : अब तक

बरामद किए हैं। इसके अनुसार, इसी तरह, धादिंग जिले से 49, नुवाकोट से 41, तनहूं से 31 और रसुवा जिले से 13 शव बरामद किए गए हैं। शनिवार तक 2,400 से अधिक लोग लापता थे। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) के अनुसार नेपाल में बचाव दलों ने शनिवार को अभियान के चौथे दिन लगभग 2,500 फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। बचाव अभियान के लिए 11,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है, जिनमें 5,000 से अधिक नेपाली सेना के जवान शामिल हैं।

### चित्रकूट में

खंभे के पास नदी में तीन शव दिखाई दिए। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और शवों की पहचान कराने के प्रयास शुरू किए। वहीं गोरगी बांध के टूटने की सूचना के बाद प्रशासन और राहत-बचाव दलों की सक्रियता बढ़ गई है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के जलस्तर में अचानक तेज बढ़ोतरी से रामघाट क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए। नदी करीब 30 फीट उफान पर होने की बात सामने आ रही है। पानी तेजी से निचले इलाकों में पहुंचा, जिससे घाट और आसपास के क्षेत्र प्रभावित हुए रामघाट का करीब 300 मीटर लंबा पुल बाढ़ के तेज बहाव की चपेट में आने से बहने की सूचना है। पुल के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन प्रभावित हुआ है और दोनों ओर से आने-जाने वाले लोगों के सामने बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। बाढ़ का पानी भरत घाट क्षेत्र में भी पहुंच गया। यहां एक दो मंजिला मकान पानी में डूबने की स्थिति में पहुंच गया।

### उत्तराखंड में

प्रदेश में ही आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। सीएम धामी ने कहा कि लंबे समय से उत्तराखंड के खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षण और उच्च स्तरीय खेल शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता था। क्रीड़ा विश्वविद्यालय इस आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यहां खिलाड़ियों को उनकी क्षमता के अनुरूप प्रशिक्षण और खेल शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जायेंगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के माध्यम से प्रतिभाओं की पहचान शुरूआती स्तर पर करने और उन्हें चरणबद्ध तरीके से राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने पर जोर दिया जाएगा। इससे प्रदेश में खेलों के लिए एक ऐसा वातावरण तैयार होगा, जहां प्रतिभा को अवसर और मेहनत को उचित मंच मिल सके।

### बस यात्रा

के लिए विशेष स्मार्ट कार्ड जारी करने की प्रक्रिया भी अलग से संचालित करेगा। हालांकि, स्मार्ट कार्ड बनने तक महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा से वंचित नहीं होना पड़ेगा। फिलहाल आधार कार्ड या वोटर आईडी के माध्यम से उम्र प्रमाणित कर योजना का लाभ लिया जा सकेगा। निगम ने स्पष्ट किया है कि योजना के तहत पात्र महिला यात्री से किराये की मांग या वसूली नहीं की जाएगी। यदि किसी पात्र महिला से गलत तरीके से किराया वसूला जाता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। योजना के प्रभावी और पारदर्शी संचालन के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों और डिपो प्रभारियों को नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।




# थाईलैंड पर जीत दर्ज करने उतरेगा भारत

## महिला टी20 एशिया कप में भारत सबसे दबदबा बनाने वाली टीम रही

एजेंसी



दुबई। ऐसे समय में जबकि टीम की फॉर्म और निरंतरता पर सवाल उठ रहे हैं तब हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम रविवार को यहां महिला टी20 एशिया कप ग्रुप ए के अपने पहले मैच में थाईलैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी। पिछले एक दशक में महिला टी20 एशिया कप में भारत सबसे दबदबा बनाने वाली टीम रही है। उसने 2016-17 से इस टूर्नामेंट के टी20 प्रारूप के पांच संस्करणों में तीन बार खिताब जीता है लेकिन हाल में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। भारत ने इस साल खेले गए 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से नौ मैच हारे हैं। उसको आखिरी हार हाल में महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया से मिली थी। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी।

ऐसे समय में जबकि कप्तान हरमनप्रीत के खुद की फॉर्म और सबसे छोटे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं तब भारत एशिया के दो प्रमुख टूर्नामेंट में खेलने की तैयारी कर रहा है। एशिया कप के तुरंत बाद जापान में एशियाई खेल होंगे। इन दोनों प्रतियोगिताओं में भारत खिताब के मजबूत दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। भारत को आठ टीमों वाली महिला टी20 एशिया कप में थाईलैंड, हांगकांग और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। हरमनप्रीत ने महिला टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। उनके प्रदर्शन में हालांकि निरंतरता का अभाव है जो टीम के लिए चिंता का विषय है। एशिया कप और एशियाई खेलों के लिए भरोसेमंद बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स के बाहर होने के बाद भारत ने अपनी टीम में प्रतिका रावल को शामिल किया है, लेकिन टीम को मध्य क्रम में जेमिमा की कमी खलेगी। भारत के पास स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के रूप में मजबूत सलामी जोड़ी है लेकिन तीसरे नंबर और उसके बाद के बल्लेबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती लय को बनाए रखना और स्कोरबोर्ड को गति प्रदान करना होगा। पिछली बार जब भारत इस प्रारूप में खेला था तब खराब फील्डिंग बड़ी चिंता का विषय था।

भारतीय खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े जो उसकी हार का प्रमुख कारण भी रहा। भारत को अगर एशिया कप और एशियाई खेलों में अपना दबदबा बरकरार रखना है तो उसे अपनी फील्डिंग में जल्द से जल्द सुधार करना होगा। गेंदबाजी में भारत की तरफ से स्पिन आक्रमण की अगुवाई अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा करेगी। इस विभाग में भारत के पास टी20 विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाली श्री चरणी, राधा यादव और प्रेमा रावत शामिल हैं। भारत का तेज गेंदबाजी आक्रमण भी मजबूत नजर आ रहा है,

जिसमें अनुभवी रेणुका सिंह ठाकुर के साथ क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी और नंदनी शर्मा जैसी गेंदबाज शामिल हैं। जहां तक थाईलैंड का सवाल है तो वह हांगकांग के खिलाफ पहले मैच में मिली जीत से उत्साहित होगा। थाईलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 120 रन बनाए और फिर हांगकांग को सात विकेट पर 114 रन पर रोक दिया। थाईलैंड की कप्तान नारुएमोल चाईवाई (43) ने बल्लेबाजी में अहम योगदान दिया जबकि ओन्निचा कामचोम्फू ने तीन और फनिता माया ने दो विकेट लेकर गेंदबाजी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैच भारतीय समयानुसार रात 8:00 बजे शुरू होगा। वहीं दूसरी ओर वैभव सूर्यवंशी भले ही दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में अपनी टीम की एकमात्र पारी में बल्लेबाजी में कुछ खास योगदान नहीं दे पाए लेकिन उन्होंने गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए दो अहम विकेट चटकाए जिसकी मदद से पूर्वी क्षेत्र ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को पारी और 210 रन से करारी शिकस्त दी। पूर्वी क्षेत्र की पहली और एकमात्र पारी में सभी की नजरें युवा बल्लेबाजी सनसनी सूर्यवंशी पर थीं, लेकिन बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने महज आठ रन बनाए। इसके बाद पूर्वी क्षेत्र ने 467 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह स्कोर मैच पर दबदबा बनाने के लिए पर्याप्त था, लेकिन पूर्वोत्तर क्षेत्र के बल्लेबाजों के विकेट जल्दी नहीं गिरने पर पूर्वी क्षेत्र के कप्तान इशान किशन ने बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज सूर्यवंशी को गेंद थमा दी।

बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में सूर्यवंशी ने कहा, अगर आप किसी बल्लेबाज से पूछेंगे तो उसे गेंदबाजी करना भी पसंद होता है और गेंदबाज को बल्लेबाजी करना पसंद होता है। दोनों को एक-दूसरे की भूमिका निभाना काफी पसंद है। पूर्वोत्तर क्षेत्र की दूसरी पारी में तीन ओवर में 11 रन देकर दो विकेट लेने वाले सूर्यवंशी ने कहा, विपक्षी टीम के विकेट नहीं गिर रहे थे और मुझे दो-तीन ओवर गेंदबाजी करने के लिए कहा गया। इशान भैया को लगा कि मुझे गेंदबाजी देना थोड़ा जोखिम भरा है, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि मैं विकेट लेने वाला गेंदबाज हूं। सूर्यवंशी ने किशन लिंगदोह (25) और इम्लीवती लेमटूर (04) को आउट किया। उन्होंने कहा कि जरूरत के समय विकेट लेने से ज्यादा खुशी एक बल्लेबाज के लिए और कुछ नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, मेरे दिमाग में सिर्फ यही था कि अगर मैं यहां पांच विकेट भी ले लूं, तो मुझे केवल तीन ओवर ही गेंदबाजी करनी है।

# दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल : उत्तर व दक्षिण क्षेत्र, मध्य और पूर्व क्षेत्र के बीच कड़े मुकाबले की संभावना



बेंगलुरु। मौजूदा चैंपियन मध्य क्षेत्र रविवार से यहां शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में आत्मविश्वास से भरी पूर्वी क्षेत्र का सामना करेगा जबकि उत्तर क्षेत्र और पिछले साल की उपविजेता दक्षिण क्षेत्र के बीच भी रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। उत्तर और पूर्व क्षेत्र की टीम क्वार्टर फाइनल में जीत हासिल करके आगे बढ़ी हैं जबकि मध्य और दक्षिणी क्षेत्र को सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश मिला था। पूर्वी क्षेत्र ने क्वार्टर फाइनल में उत्तर पूर्वी क्षेत्र को करारी शिकस्त दी थी जबकि उत्तर क्षेत्र में पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ बाएं हाथ के स्पिनर आबिद मुश्ताक की शानदार गेंदबाजी की बदौलत रोमांचक जीत हासिल की थी।

लगातार दूसरे साल रजत पाटीदार की कप्तानी में खेल रहे मध्य क्षेत्र और तिलक वर्मा की अगुवाई वाली दक्षिण क्षेत्र को टूर्नामेंट में एक भी मैच न खेलने के बावजूद शानदार शुरुआत करनी होगी। मध्य क्षेत्र में पिछले साल ट्रॉफी जीतने वाली टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा है। पाटीदार आईपीएल और एमपी टी20 लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद टूर्नामेंट में उतर रहे हैं, जबकि उप-कप्तान रिंकू सिंह के रूप में उसके पास मध्य क्रम में एक और मजबूत खिलाड़ी है। मध्य क्षेत्र का मजबूत पक्ष उसकी गेंदबाजी हो सकती है। श्रीलंका के खिलाफ ड्रॉ रहे दूसरे टेस्ट में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले सारांश जैन और अफगानिस्तान के खिलाफ हाल ही में वनडे मैचों में खेलने वाले हर्ष दुबे बेहतरीन स्पिन जोड़ी हैं।

यश ठाकुर और जीशान अंसारी तेज गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। पूर्व क्षेत्र की टीम अपनी लय को बरकरार रखना चाहेगी, जिसमें युवा वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर आकर्षण का केंद्र होंगे। क्वार्टरफाइनल में पूर्व क्षेत्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर पूर्वी क्षेत्र को पारी और 210 रन से करारी शिकस्त दी थी। इस मैच में बंगाल के सुदीप घरामी और शाहबाज अहमद ने शतक जड़े थे। कप्तान ईशान किशन, युवा सनसनी सूर्यवंशी और अनुभवी अभिमन्यु ईश्वरन भी इस मैच में बड़ी पारियां खेलने की कोशिश करेंगे। शाहबाज ने चार विकेट लेकर गेंदबाजी में भी अहम योगदान दिया था। उनके अलावा अनुकूल रॉय ने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए और अभिजीत सरकार ने मैच में छह विकेट हासिल किए। उत्तर क्षेत्र और दक्षिण क्षेत्र के बीच होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में दोनों टीम का पलड़ा लगभग समान नजर आता है। दक्षिण क्षेत्र के पास कप्तान तिलक वर्मा, रिकी भुई, नारायण जगदीसन और करुण नायर जैसे अनुभवी बल्लेबाज हैं। दक्षिण क्षेत्र की गेंदबाजी की बात करें तो श्रेयस गोपाल और बाएं हाथ के स्पिनर तनाय त्यागराजन गेंदबाजी आक्रमण में विविधता लाते हैं। तेज गेंदबाजी विभाग में उसका दारोमदार विद्युत कावेरप्पा पर रहेगा। उत्तर क्षेत्र की टीम पश्चिम क्षेत्र को 52 रन से हराकर इस मुकाबले में उतरेंगी।

उसकी टीम के चयन को लेकर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि रणजी ट्रॉफी में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी सनत सांगवान पर यश ढुल को प्राथमिकता दी गई है। ढुल पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ संघर्ष करते हुए नजर आए तथा केवल नौ रन और शून्य पर आउट हो गए, जबकि सांगवान बेंच पर बैठे मैच देखते रहे। सांगवान को इस मैच में अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। उत्तर क्षेत्र अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में भी फेरबदल कर सकता है, जिसमें सुनील कुमार की जगह भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को मौका दिया जा सकता है। गुरनूर ने श्रीलंका ए के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में भी उनका प्रदर्शन उत्साहजनक रहा था। बल्लेबाजी ने उत्तर क्षेत्र की तरफ से उप कप्तान आयुष बडोनी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

## संक्षेप

### वेलावन सेंथिलकुमार ने बुडापेस्ट ओपन स्क्वाश जीता

बुडापेस्ट। भारत के वेलावन सेंथिलकुमार ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फाइनल में बालाज़ फ़रकास को हराकर हंगरी की राजधानी में खेले गए बुडापेस्ट ओपन स्क्वाश के रूप में अपना पहला पीएसए कॉपर-लेवल का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 54वें स्थान पर काबिज और आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने 43,500 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट के फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी फरकास को 11-4, 11-2, 11-3 से हराकर अपना 11वां पीएसए टूर खिताब जीता। यह दोनों खिलाड़ी तीसरी बार आमने-सामने थे।

### प्रणवी ओपन के कट में जगह बनाने वाली इकलौती भारतीय

किल्डारे (आयरलैंड)। भारत की युवा गोल्फर प्रणवी उर्स प्रतिष्ठित केपीएमजी विमेंस आयरिश ओपन के दूसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेल संयुक्त आठवें पायदान पर पहुंच गयी। प्राणवी कट में प्रवेश करने वाली इकलौती भारतीय है। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका की कैसांद्रा एलेक्जेंडर से 10 शॉट पीछे हैं। प्रणवी ने तीन बर्डी के मुकाबले तीन बोगी किये लेकिन 10वें होल में ईगल लगाने के कारण वह दो अंडर का कार्ड खेलने में सफल रही। ओलंपियन दीक्षा डागर बेहद मामूली अंतर से सप्ताहांत दौर में जगह बनाने से चूक गईं। उन्होंने 74 और 71 के राउंड खेले और संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर रहीं।

### गोलकीपर सविता-बिछू का तालमेल सराहनीय : ब्लाक

एम्सटेलवीन। नीदरलैंड के दिग्गज गोलकीपर पिरमिन ब्लाक अनुभवी सविता पूनिया और बिछू देवी के बीच तालमेल और प्रतिद्वंद्विता के बजाय एक-दूसरे की मदद करने की भावना की सराहना करते हुए कहा कि इससे भारतीय महिला गोलकीपिंग में सुचारू बदलाव सुनिश्चित हो सकता है जबकि पुरुष टीम के साथ ऐसा नहीं है जिसे पीआर श्रीजेश की कमी खल रही है। नीदरलैंड की पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य रहे 38 वर्षीय ब्लाक का मानना है कि भारत के युवा पुरुष गोलकीपरों में अभी तक टीम को अगले स्तर तक ले जाने के लिए जरूरी गुणवत्ता की कमी नजर आ रही है। ब्लाक ने भाषा से साक्षात्कार में कहा, मैंने पुरुष टीम का मैच भी देखा।

# नीरज चोपड़ा एशियाई खेलों से बाहर

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारत के एशियाई खेलों में एथलेटिक्स के अभियान को करारा झटका लगा है क्योंकि दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने शनिवार को घोषणा की कि अभ्यास के दौरान उनके टखने के लिगामेंट में चोट लगने के कारण वह 2026 के बाकी सत्र में नहीं खेल पाएंगे। चोपड़ा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लुसाने डायमंड लीग में सत्र का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने के कुछ ही समय बाद उन्हें चोट लगी। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, कड़ी मेहनत के बाद मुझे लग रहा था कि मैं आखिरकार अच्छी लय हासिल कर रहा हूं, जिसकी मुझे तलाश थी और लुसाने में मैंने सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से कुछ समय बाद ही अभ्यास के दौरान मेरे टखने का लिगामेंट फट गया। अपने डॉक्टर और टीम से सलाह मशविरा करने के बाद हमने फैसला किया है कि मैं इस सत्र में आगे नहीं खेल पाऊंगा। भाला फेंक के 28 वर्षीय दिग्गज ने कहा कि यह निराशाजनक है क्योंकि उन्हें लग रहा था कि वह अपनी लय हासिल करने के करीब थे, लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि उनका तत्काल ध्यान पूरी तरह फिट होने पर होगा।

चोपड़ा ने कहा, अब मेरा ध्यान पूरी तरह से फिट होने और पहले से भी अधिक मजबूत होकर वापसी करने पर है। भले ही उनका ध्यान पूरी तरह से फिट होने पर है लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि चोट से पूरी तरह उबरने के बाद वह प्रतियोगिता में वापसी करने का इरादा रखते हैं। चोपड़ा ने कहा, यह निराशाजनक है, खासकर इसलिए क्योंकि मुझे लग रहा था कि मैं अपनी लय पाने के करीब था। लेकिन जैसा कि कहते हैं, उतार-चढ़ाव तो जीवन का हिस्सा होते हैं। आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए आभार। चोपड़ा के इस सत्र से हटने का मतलब यह भी है कि वह पांच सितंबर को ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल में भी नहीं खेल पाएंगे, जिसके लिए उन्होंने क्वालीफाई कर लिया था। चोपड़ा का नाम वापस लेना एशियाई खेलों में भारत के लिए एक बड़ा झटका है, जहां उनसे स्वर्ण पदक की उम्मीद की जा रही थी।

तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता को सत्र के दूसरे भाग में चुनौतीपूर्ण दौर से गुजरना पड़ा था, लेकिन लुसाने में उनके प्रदर्शन ने यह संकेत दिया कि वह अपनी लय फिर से हासिल कर रहे हैं। चोपड़ा पिछले कुछ वर्षों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता था।

### बायर्न म्यूनिख और मैनचेस्टर सिटी की धमाकेदार शुरुआत

म्यूनिख। बायर्न म्यूनिख और मैनचेस्टर सिटी ने अपनी राष्ट्रीय फुटबाल लीग में बड़ी जीत हासिल करके अपने अभियान की धमाकेदार शुरुआत की। जर्मनी की बुंडेसलीगा में मौजूदा चैंपियन बायर्न म्यूनिख ने लीग में हमेशा की तरह दबदबा बनाए रखते हुए घरेलू मैदान पर स्टटगार्ट के खिलाफ 5-1 से जीत हासिल की। बायर्न म्यूनिख बुंडेसलीगा में पिछले 15 वर्षों से सत्र का अपना पहला मैच नहीं हारा है। इंग्लैंड में प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर सिटी ने क्रिस्टल पैलेस को 4-1 से हराया। इस मैच में एर्लिंग हालैंड और रायन चेर्की ने दो-दो गोल किए। फ्रांस की लीग। के मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को लिली के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलने के लिए स्टॉपेज टाइम में दो गोल की जरूरत पड़ी। फ्रांसीसी और यूरोपीय चैंपियन पीएसजी ने इससे पहले पिछले सप्ताह रेनेस के खिलाफ भी पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2-2 से ड्रॉ खेला था। इटली की लीग सीरी ए में एसी मिलान ने वेनेज़िया को 2-0 से पराजित किया।

# यूएस ओपन में खिताबी हैट्रिक बनाने उतरेगी सबालेंका

एजेंसी

न्यूयॉर्क। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका हाल की खराब फॉर्म के बावजूद रविवार से यहां शुरू होने वाले यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सबालेंका पिछले कुछ टूर्नामेंटों में चौथे दौर से आगे भी नहीं बढ़ पाई हैं जिसे देखते हुए वह सेरेना विलियम्स (2012-14) के बाद लगातार तीन यूएस ओपन खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए शायद ही तैयार दिखती हैं। लेकिन सबालेंका चिंतित नहीं लग रही हैं। वह तो विद्रोही लग रही हैं। जो लोग यह जानना चाहते थे कि उनके खेल में क्या खराबी है, उनके जवाब में उन्होंने कहा, शायद लोगों में ही कुछ खराबी है।

सबालेंका ने साल की अच्छी शुरुआत की। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलेना रायबाकिना से हारने के बाद उन्होंने इंडियन वेल्स और मियामी में लगातार दो हार्ड कोर्ट खिताब जीते। विंबलडन में चौथे दौर में नाओमी ओसाका से हारने के बावजूद माना जा रहा था कि वह जल्द ही अपनी पुरानी फॉर्म में लौट आएंगी, क्योंकि हार्ड कोर्ट उनकी पसंदीदा सतह रही है।

### शुभंकर ने ब्रिटिश मास्टर्स के कट में किया प्रवेश

बेलफ्राई (इंग्लैंड)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा चुनौतीपूर्ण मौसम और लगातार बारिश के बीच हुस्कार्ना ब्रिटिश मास्टर्स के शुरुआती दो दौर में 69 और 71 का कार्ड खेल कर आसानी से कट में प्रवेश करने में सफल रहे। शुभंकर का कुल स्कोर चार अंडर है और वह संयुक्त 13वें स्थान पर है। शुभंकर ने दूसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले पांच बर्डी लगायी। प्रतियोगिता में भाग ले रहे अन्य भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू के लिए यह सप्ताह निराशाजनक रहा। उन्होंने 71 और 77 के कार्ड खेले और कट में प्रवेश करने से चूक गये। प्रतियोगिता में भाग ले रहे अन्य भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू के लिए यह सप्ताह निराशाजनक रहा।




# विश्व कप : भारतीय पुरुष हॉकी टीम आठवें स्थान पर



एजेंसी

वॉवरे (बेल्जियम)। आखिरी सीटी बजने से 26 सेकंड पहले पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर भारत ने स्कोर 3 -3 से बराबर करके शुक्रवार को सह मेजबान बेल्जियम के खिलाफ विश्व कप के मुकाबले को शूटआउट में खींच दिया जिसमें बेल्जियम के 4 -3 से जीतने के बाद भारत आठवें स्थान पर रहा।

दुनिया की दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम ने आखिरी मिनट तक 3 -2 से बढत बना ली थी लेकिन 26 सेकंड बाकी रहते भारत को अहम पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर गोल करने में हरमनप्रीत ने कोई चूक नहीं की। यह इस विश्व कप में उनका आठवां गोल था। पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिये शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह और अभिषेक ने गोल किये जबकि हरमनप्रीत और सुखजीत सिंह के निशाने चूके। वहीं बेल्जियम के लिये टॉम बून, आर्थर डि स्लूवेर, अलेक्जेंडर हेंडरिक्स और रोमन डुवेकोट ने गोल दागे जबकि विक्टर फूबर्ट का निशाना नहीं लगा।

अपने सारे मैच नीदरलैंड में खेलने वाली भारतीय टीम ने ठंडी हवाओं के बीच अच्छी खासी तादाद में यहां बेल्फियस हॉकी एरेना में जमा घरेलू समर्थकों के सामने पहले बढत बनाई लेकिन दुनिया की दूसरे नंबर की टीम के सामने उस लय को कायम नहीं रख सकी। एम्सटेलवीन में बृहस्पतिवार को भारतीय महिला टीम के जर्मनी को हराकर पांचवां स्थान हासिल करने के बाद हरमनप्रीत सिंह की टीम से भी जीत के साथ विदाई की उम्मीद थी लेकिन एक बार फिर लचर डिफेंस का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा। इससे पहले शुरूआती क्वार्टर के आखिर में मैदान पर गोलकीपर के अलावा 11 खिलाड़ियों के होने से भारतीय कप्तान हरमनप्रीत को पीला कार्ड मिला जिससे उन्हें पांच मिनट बाहर बैठना पड़ा। भारत के लिये छठे मिनट में अभिषेक ने फील्ड गोल किया जबकि हरमनप्रीत ने 31वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किया।

### महिला जूनियर एशिया कप : भारत का पहला मुकाबला कोरिया से

नयी दिल्ली। मिडफील्डर खैदेम शिलेमा चानू की अगुवाई वाली भारतीय महिला हॉकी टीम चार से 13 सितंबर तक चीन के मोकी में होने वाले एएचएफ महिला जूनियर एशिया कप में दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। नवनियुक्त कोच टिम व्हाइट के नेतृत्व में 18 सदस्यीय टीम ने इसके लिए अच्छी तैयारी की है। इसके तहत भारतीय टीम ने इस साल ब्रिटेन का दौरा भी किया था। भारत को इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और मलेशिया के साथ एलीट पूल में रखा गया है। व्हाइट ने कहा कि बेंगलुरु में टीम ने अच्छी तैयारी की है और उन्हें टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। व्हाइट ने कहा, टीम एशिया कप में खेलने के लिए काफी उत्साहित है। हमारी तैयारी अच्छी रही है, जिसमें भारत ए टीम के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच भी शामिल हैं, जो चार मैचों के लिए बेंगलुरु आई थी। हमें अपनी रणनीति पर पूरा विश्वास है। हम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ इसे आजमाने के लिए बेहद उत्साहित हैं। भारत जूनियर एशिया कप में दक्षिण कोरिया का सामना करने के बाद छह सितंबर को मलेशिया, आठ सितंबर को जापान और नौ सितंबर को मेजबान चीन से भिड़ेगा।

# वेनेजुएला के 65 अरब बैरल तेल पर होगा अमेरिकी नियंत्रण

## अमेरिका ने किया है दुनिया के इतिहास का सबसे बड़ा तेल सौदा : ट्रंप

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उनके देश ने वेनेजुएला के 65 अरब बैरल तेल भंडार पर नियंत्रण हासिल करने के लिए एक समझौता किया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस समझौते के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस समझौते के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने बातचीत की थी। ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा, अमेरिका ने अभी-अभी वेनेजुएला के साथ एक समझौता किया है जो दुनिया के इतिहास का सबसे बड़ा तेल सौदा है। वेनेजुएला सरकार के प्रेस कार्यालय से संपर्क किया गया लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

ट्रंप के निर्देश पर अमेरिकी सेना द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़कर अमेरिका लाने और उन पर मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े संघीय आरोपों में मुकदमा चलाने के लिए की गई कार्वाई के करीब नौ महीने बाद इस समझौते की घोषणा हुई है। ट्रंप ने शुक्रवार शाम सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में संकेत दिया कि वेनेजुएला के साथ हुआ यह समझौता एक निजी साझेदारी का



हिस्सा है। व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का अधिकारिक आवास एवं कार्यालय) ने इस सौदे में शामिल निजी क्षेत्र के साझेदारों के बारे में टिप्पणी के अनुरोध पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। साथ ही, यह व्यवस्था किस तरह काम करेगी, इसके बारे में भी कोई विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि यह समझौता वेनेजुएला में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निजी निवेश का रास्ता खोलेगा और अमेरिका में गैस की कीमतों में कमी लाएगा।

## पश्चिम एशिया स्थित अमेरिकी दूतावासों में लौटने लगे राजनयिक और उनके परिजन

वाशिंगटन। ईरान के साथ युद्ध के शुरुआती दिनों में पश्चिम एशिया स्थित अमेरिकी दूतावासों से हटाए गए राजनयिक और उनके कुछ परिजन अब धीरे-धीरे वापस जाना शुरू हो गए हैं। हालांकि, अधिकांश दूतावासों में अभी पूरी क्षमता के साथ कामकाज शुरू नहीं होगा लेकिन इस सप्ताह से अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कर्मचारियों की संख्या और अन्य प्रतिबंधों में ढील देना शुरू कर दिया है। यह बदलाव ईरान के प्रति ट्रंप प्रशासन की नीति में किसी बदलाव का संकेत नहीं है। अमेरिका की नीति अब सैन्य कार्वाई के बजाय मुख्य रूप से आर्थिक मोर्चे पर केंद्रित है। यह बदलाव मुख्यतः मानव संसाधन से जुड़े नियमों की कानूनी बाध्यताओं के कारण किए गए हैं। नियमों के तहत राजनयिकों को वेतन और पारिवारिक भत्तों के साथ एक निश्चित अवधि से अधिक समय तक उनके पद से बाहर नहीं रखा जा सकता। ईरान के साथ युद्ध के छह महीने पूरे होने के बीच शुक्रवार को कतर, कुवैत और बहरीन स्थित अमेरिकी दूतावासों ने राजनयिकों के परिजनों को वापस लौटने की अनुमति देने की घोषणा की।

# भारत में विनिर्माण कीजिये, दुनिया के लिए बनाइये : निर्मला सीतारमण



वाशिंगटन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वैश्विक निवेशकों को भारत में विनिर्माण आधार तथा प्रौद्योगिकी तथा नवाचार केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। वित्त मंत्री ने उनसे भारत की प्रतिभा और अवसरों का लाभ उठाकर दुनिया के लिए विनिर्माण करने का आग्रह किया। शिकागो में शुक्रवार को प्रमुख निवेशकों और व्यापारिक नेताओं के साथ एक उच्च स्तरीय बिजनेस गोलमेज बैठक को संबोधित करते हुए, सीतारमण ने भारत की व्यापक वृद्धि, सुधारों की गति और दीर्घकालिक निवेश के लिए बढ़ते अवसरों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का निवेश प्रस्ताव किसी एक क्षेत्र पर नहीं, बल्कि पिछले एक दशक में पैमाने, वृद्धि, प्रतिभा, बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और निरंतर सुधारों के संयोजन पर आधारित है। अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के सहयोग से शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित गोलमेज बैठक में उन्होंने कहा, नीतिगत माहौल व्यवसायों को निवेश करने, विनिर्माण करने, नवाचार करने और विस्तार करने में सक्षम बनाने पर तेजी से केंद्रित हो रहा है। वित्त मंत्री ने वैश्विक साझेदारों को सह-विकास, सह-उत्पादन और वैश्विक बाजारों के लिए विनिर्माण करने के लिए आमंत्रित किया।

सीतारमण ने कहा कि भारत को केवल सेवा प्रदान करने वाले बाजार के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि भारत की इंजीनियरिंग प्रतिभा, विनिर्माण पैमाने और प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाकर दुनिया के लिए विनिर्माण करना चाहिए। बैठक का मुख्य विषय भारत में विनिर्माण - भारत के लिए और दुनिया के लिए था, जिसमें विनिर्माण, एआई और डिजिटल, वित्तीय सेवाएं, बुनियादी ढांचा, खाद्य प्रसंस्करण, रक्षा और उन्नत प्रौद्योगिकियों के अवसर शामिल थे। सीतारमण ने कहा, जैसे-जैसे वैश्विक कंपनियां आपूर्ति शृंखलाओं और पूंजी आवंटन का पुनर्मूल्यांकन कर रही हैं।

# नाइजर में सैनिकों ने तड़के तख्तापलट की कोशिश की : रक्षामंत्री

एजेंसी

नियामी। अफ्रीकी देश नाइजर में सैनिकों के एक समूह ने एक अहम सैन्य ठिकाने पर अधिकारियों के खिलाफ बगावत कर दी और राजधानी नियामी में संवेदनशील जगहों पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात शहर में लगातार गोलीबारी और धमाकों की आवाजें सुनी गईं।

ये आवाज़ें मुख्य हवाई अड्डे और प्लेटू प्रशासनिक जिले में सुनी गईं। हवाई अड्डे पर ही बेस 101 नाम का सैन्य हवाई अड्डा भी है जबकि प्लेटू में राष्ट्रपति भवन तथा अहम संस्थान हैं। नाइजर की सत्ता पर 2023 में तख्ता पलट कर काबिज हुई सैन्य सरकार के लिए यह नयी चुनौती है। सैन्य सरकार के नेता अब्दौराहमाने त्चियानी के नेतृत्व में नाइजर ने पश्चिमी देशों के साथ अपने पुराने सुरक्षा सहयोग संबंधों को समाप्त कर दिया था और रूस का रुख किया।

हालांकि सैन्य सरकार को अब भी जिहादी विद्रोहियों के हमलों और मदद में कटौती के बाद खराब होती अर्थव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। नाइजर के रक्षा मंत्री जनरल सालिफू मोडी ने कहा कि अधिकारियों के हालात पर दोबारा काबू पाने से पहले, कुछ सैनिकों ने सैन्य अड्डे पर कुछ अधिकारियों को बंधक बना लिया और अनुशासन और सैन्य नियमों को तोड़ते हुए संवेदनशील जगहों पर गोलीबारी की। जिहादी विद्रोहियों ने इससे पहले इस साल दो बार डियोरी हमानी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्थित सैन्य अड्डे को निशाना बनाने की कोशिश की थी। हवाई अड्डे और प्लेटू जिले के आस-पास सुरक्षा बल तैनात किए गए।

# भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति लगातार बिगड़ रही : अमेरिकी आयोग

वाशिंगटन। अमेरिका के एक द्विदलीय आयोग ने गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) की गतिविधियों पर पाबंदियों, सेंसरशिप और सीमापार दमन का हवाला देते हुए दावा किया है कि भारत में 2026 में भी धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने इस सप्ताह भारत पर अपनी अद्यतन रिपोर्ट में आरोप लगाया कि कई अल्पसंख्यक समूहों का लगातार और व्यवस्थित उत्पीड़न, नागरिकता एवं मतदान के अधिकार से वंचित किया जाना तथा धर्मांतरण और गोहत्या के खिलाफ कड़े कानूनों का इस्तेमाल धार्मिक स्वतंत्रता में बाधा डाल रहा है।

# शुभेंदु अधिकारी ने बंगाल में तारापीठ मंदिर में की पूजा-अर्चना

रामपुरहाट। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार के सकारात्मक नजरिए ने पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार की नकारात्मकता की जगह ले ली है। वह बीरभूम जिले के रामपुरहाट में शनिवार को तारापीठ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद संवाददताओं से बात कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, पिछली सरकार का हर मुद्दे पर जवाब नहीं में होता था, और हमारी सरकार का मंत्र हां है। इस सरकार के सकारात्मक नजरिए ने तृणमूल कांग्रेस सरकार की नकारात्मकता की जगह ले ली है। उन्होंने कहा कि तारापीठ मंदिर में मनाये जाने वाले सबसे बड़े सालाना त्योहार कौशिकी अमावस्या के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जाएंगे, क्योंकि इस मौके पर राज्य और देश के साथ-साथ दूसरे देशों से भी श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने आते हैं। उन्होंने कहा, यह सरकार मां तारा के आशीर्वाद से बनी है, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कौशिकी अमावस्या त्योहार के लिए सभी ज़रूरी इंतज़ाम किए जाएं। यह त्योहार 10 और 11 सितंबर की दरम्यानी रात को मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले ही श्रावणी मेले और रथ यात्रा समारोहों के लिए उचित इंतजाम सुनिश्चित किए थे। सुबह मंदिर के दौरे के दौरान, अधिकारी ने इस प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पर पुजारियों के मंत्रोच्चार के बीच पुष्पांजलि अर्पित की। अधिकारी ने कहा कि बीरभूम जिला शांतिनिकेतन, तारापीठ मंदिर और पारंपरिक बाउल गीतों के लिए मशहूर है तथा उसका हर संभव तरीके से विकास किया जाएगा।

# दिल्ली सरकार ने जलभराव के प्रमुख स्थलों के निरीक्षण व शीघ्र समाधान के निर्देश दिये

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) वाले इलाकों में जलभराव वाले मुख्य स्थलों के गहन निरीक्षण के निर्देश दिए और सोमवार तक इसकी रिपोर्ट मांगी। इस सप्ताह के आरंभ में उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली पुलिस एवं लोक निर्माण विभाग के साथ जलभराव की स्थिति की समीक्षा की और समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

एक सरकारी बयान में कहा गया है, बड़े अधिकारियों और अभियंताओं को कुछ खास जगहों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों से कहा गया है कि वे जलभमाव को रोकने के लिए पर्याप्त और पक्के इंतजाम सुनिश्चित करें तथा इस बारे में 31 अगस्त तक लोक निर्माण विभाग के प्रधान सचिव को विस्तृत रिपोर्ट सौंपें। अधिकारियों के अनुसार, 24-25 अगस्त को भारी बारिश के कारण कई जगहों पर जलभराव हो गया था, जिसके बाद उपराज्यपाल ने संबंधित एजेंसियों को ऐसे पक्के उपाय करने का निर्देश दिया, ताकि ऐसी स्थिति दोबारा पैदा न हो।

बयान में कहा गया है, दिल्ली यातायात पुलिस ने 20 अगस्त तक हुई बारिश के दौरान पानी जमा होने वाली 113 जगहों और 24 अगस्त को हुई बारिश के दौरान 26 और जगहों की पहचान की थी। ऐसी जगहों पर बार-बार पानी जमा होने की समस्या को देखते हुए, जमीनी स्तर पर खासतौर पर जांच करने की ज़रूरत है। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि क्या पीडब्ल्यूडी मौजूदा अवसंरचना और उपलब्ध संसाधनों के साथ कोई और लघुकालिक उपाय कर सकता है। लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के अनुसार, कई जगहों पर निरीक्षण शुरू हो गया है।

# यूक्रेन के कीव क्षेत्र में रूसी हमले में 37 लोगों की मौत

एजेंसी

कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव के निकट बुचा जिले पर रूसी हमले में कम से कम 37 लोग मारे गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमूर टकाचेंको ने बताया कि हमले से भीषण आग लग गई, जो कई घरों एवं एक रेस्तरां तक फैल गई। उन्होंने कहा कि इस हमले में कम से कम 50 रिहायशी इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

एक बयान में, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि माइला गांव में एक गोदाम पर हमला हुआ, जिसके बाद धमाका हुआ। उन्होंने हमलास्थल के बारे में ज़्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन उसी संदेश में लिखा कि सरकारी लापरवाही के आरोपों पर आपराधिक कार्वाई शुरू कर दी गई है। ज़ेलेंस्की ने कहा, नियम बने हुए हैं गोला-बारूद को घरों या रिहायशी इलाकों के पास नहीं रखा जा सकता।

यूक्रेनी नेता ने लिखा कि बुजुर्ग-दिव्यांग देखभाल गृह और रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, 370 से ज़्यादा लोगों को पहले ही सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा चुका है और लोगों को निकालने का काम अब भी जारी है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने माइला में एक गोदाम पर हमला किया।

मंत्रालय ने यह भी कहा कि उसने मायकोलाइव और इज़मेल के बंदरगाहों के साथ-साथ कीव इलाके में एक लॉजिस्टिक्स सेंटर और गोदाम पर भी हमला किया, जहां यूक्रेन की फ्लेमिंगो क्रूज़ मिसाइलों के कलपुर्जे रखे थे। एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार को यूक्रेन के दक्षिणी खेरसॉन इलाके में रूसी हमलों में दो लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए।

उत्तर प्रदेश सरकार

मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित प्रमुख आवासीय योजनाएं

हनुमत विहार

26.643 हेक्टेअर में फैली यह टाउनशिप **लैंड पूलिंग स्कीम** के अन्तर्गत नियोजित की गई है । इस योजना में **26.68 प्रतिशत** विकसित भूखंड भूस्वामियों को प्रदान किया गया है। योजना की अवस्थापना सुविधाओं पर होने वाला व्यय **रू. 194.04 करोड़** है।

इस आवासीय योजना में प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से **230 आवंटियों** को किया जा चुका है। एमवीडीए द्वारा इस योजना के तहत व्यावसायिक, ग्रुप हाउसिंग और संस्थागत प्लॉटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

गोविंद विहार

26.912 हेक्टेयर में फैली यह टाउनशिप **लैंड पूलिंग स्कीम** के अन्तर्गत नियोजित की गई है । इस योजना में **26.68 प्रतिशत** विकसित भूखंड भूस्वामियों को प्रदान किया गया है। योजना की अवस्थापना सुविधाओं पर होने वाला व्यय **रू. 182.23 करोड़** है।

इस आवासीय योजना में प्राधिकरण के आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से **121 आंवटियो** को किया जा चुका है। प्राधिकरण द्वारा इस योजना के तहत व्यवसायिक, ग्रुप हाउसिंग एवं संस्थागत प्लाटों के लिए आवेदनप शीघ्र आमंत्रित किए जायेंगे।






ग्रीनफील्ड टाउनशिप – रहीमपुर फरह

93.00 हेक्टेयर में फैली यह ग्रीनफील्ड टाउनशिप ग्राम रहीमपुर (फरह) में **मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना** के अन्तर्गत विकसित की जा रही है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसमें अब तक **48.9475 हेक्टेयर** भूमि का क्रय किया जा चुका है।

परियोजना की कुल लागत **रू. 665.00 करोड़** है, जिसमें अवस्थापना, विकास एवं आधारभूत सुविधा सम्मिलित है।



ग्रीनफील्ड टाउनशिप – छाता

**115.00 हेक्टेयर** में प्रस्तावित यह **टाउनशिप ग्राम छाता** में विकसित की जा रही है। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसमें अब तक **64.5573 हेक्टेयर** भूमि का क्रय किया जा चुका है। परियोजना की कुल अनुमानित लागत **रू. 835.00 करोड़** है, जिसमें अवस्थापना विकास एवं आधारभूत सुविधाएं सम्मिलित हैं।

मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा
राजकीय संग्रहालय, डैम्पियर नगर, मथुरा
Email: vcmvda2014@gmail.com | Website: www.mvdamathura.com

Follow us on

Viraj

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com